दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 16 | जयपुर | सोमवार, 18 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष तृतीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## मोदी को मिला नाइजीरिया का सर्वोच्च सम्मान

### नाइजीरियाई राष्ट्रपति से कहा- यहां 60 हजार भारतीय, इन्हें संभालने के लिए शुक्रिया

### वंदे मातरम के जयघोष के साथ भारतवंशियों ने किया पीएम मोदी का भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**अबुजा (एजेंसी)।** नाइजीरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर देने का ऐलान किया है। पीएम ने नाइजीरिया के राष्ट्रपति को इसके लिए धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनका नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी नाइजीरिया के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने रविवार को नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के साथ राष्ट्रपति भवन में बैठक की। दोनों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई।

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-**

नाइजीरिया में रह रहे 60 हजार से ज्यादा भारतीय दोनों देशों के बीच मजबूत कड़ी हैं। उन्हें संभाल कर रखने और देखभाल करने के लिए मैं नाइजीरिया का धन्यवाद करता हूं मोदी से पहले एलिजाबेथ को नाइजीरिया का सर्वोच्च सम्मान मिला था न्यूज एजेंसी के मुताबिक पीएम मोदी नाइजीरिया का सर्वोच्च सम्मान पाने वाले दूसरे विदेशी शख्स हैं। उनसे पहले ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ को 1969 में यह सम्मान दिया गया था। अब तक पीएम मोदी को 15 देश अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं। वहीं, उन्हें मिलने वाला यह 17वां अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड होगा। इससे पहले 14 नवंबर को कैरेबियाई देश डोमिनिका ने मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार-डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर देने की घोषणा की थी। कोविड-19 महामारी के दौरान डोमिनिका की मदद करने के लिए उन्हें सम्मान दिया जाएगा। मोदी को 21-22 नवंबर को गुयाना दौरे पर सम्मानित किया जाएगा। पीएम को राजधानी अबुजा की चाबी सौंपी गई, ये विश्वास का प्रतीक प्रधानमंत्री मोदी शनिवार रात पहली बार नाइजीरिया पहुंचे। मोदी का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर भारतीय लोगों का जमावड़ा लगा था। हाथ में तिरंगा लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया।

नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टिनूबू भी अबुजा एयरपोर्ट पर पीएम मोदी के स्वागत के लिए पहुंचे थे। मंत्री न्येसोम विके ने पीएम मोदी को अबुजा शहर की चाबी सौंपी। नाइजीरिया में इसे विश्वास और सम्मान का प्रतीक माना जाता है। मोदी के अबुजा पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और 21 तोपों की सलामी दी गई।

पीएम मोदी ने नाइजीरिया पहुंचने के बाद मराठी समुदाय से मुलाकात भी की। उन्होंने नाइजीरिया में मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने पर खुशी जताई।





### रक्षा क्षेत्र में भारत के साथ व्यापार करना चाहता है नाइजीरिया

पीएम मोदी के इस यात्रा के दौरान के भारत और नाइजीरिया के बीच स्थापित रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की कोशिश की जाएगी। रक्षा क्षेत्र को लेकर भी दोनों देशों के बीच विस्तृत चर्चा होने की उम्मीद है। नाइजीरिया छोटे हथियारों, गोला-बारूद और बख्तरबंद वाहनों जैसे क्षेत्रों में साझेदारी के लिए भारत की तरफ काफी उत्सुक है। आर्थिक दृष्टिकोण से सबसे संपन्न अफीकी देशों में से एक नाइजीरिया और भारत के मधुर रिश्तों में आने वाले दिनों में गर्माहट और तेज होने के आसार है। खासतौर पर दोनों देशों के बीच आर्थिक व सैन्य सहयोग के नए युग की शुरुआत होने के संकेत है।

## महागठबंधन को लेकर सीएम सोरेन का बड़ा बयान, कहा- बीजेपी को झारखंड से...



बढ़ता राजस्थान

**जामताड़ा (एजेंसी)।** झारखंड में दूसरे चरण के चुनाव प्रचार में अब बस कुछ घंटों का समय बचा है। सोमवार शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। प्रत्याशी सिर्फ डोर-टू -डोर कैंपेनिंग कर सकेंगे। इससे पहले सभी दलों के स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। रविवार को सीएम हेमंत सोरेन ने जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के दक्षिणबहाल फुटबॉल मैदान में महागठबंधन के कांग्रेस के प्रत्याशी इरफान अंसारी के पक्ष में की चुनावी सभा की। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले पांच साल से भाजपा को हमने सत्ता से दूर रखा। अब भाजपा वाले सत्ता हथियाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। समाज के बीच जहर बांटने का काम कर रहे हैं। लोगों को जाति-धर्म के नाम पर बांटने का काम कर रहे हैं।

## कंगना बोलीं- राहुल को भाषण के लिए पर्ची लगती है

### पीएम बिना पेपर देखे घंटेभर बोल सकते हैं; राहुल ने कहा था- मोदी को मेमोरी लॉस



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा सांसद कंगना रनोट ने शनिवार को राहुल गांधी के भाषण का जवाब देते हुए कहा कि पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। लेकिन हमारे देश का विपक्ष इसे उपलब्धि की तरह नहीं देखता है। विपक्षी नेता पीएम मोदी की उपलब्धियों से जलते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी बिना पेपर देखे एक घंटे तक भाषण दे सकते हैं, जबकि राहुल को भाषण देने के लिए एक-एक मिनट पर पर्ची चाहिए होती है। वे बिना पर्ची के बात नहीं कर सकते हैं। और वो कह रहे हैं कि पीएम को मेमोरी लॉस हुआ है। राहुल को तहजीब सीखनी चाहिए। दरअसल, राहुल गांधी ने शनिवार को महाराष्ट्र के चंद्रपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से की थी। राहुल ने कहा- मोदी जी की याददाश्त कमजोर हो रही है, अमेरिकी राष्ट्रपति को भी भूलने की बीमारी है।

## वोटिंग से पहले शिंदे बोले- सीएम की रेस में नहीं

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में वोटिंग से 2 दिन पहले सीएम एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि वो सीएम पद की रेस में नहीं हैं। आजतक से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये भी तय है कि सीएम महायुति का ही होगा। एक दिन पहले ही महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बातचीत में भी यही बात कही थी। सीएम शिंदे ने आजतक से कहा- कांग्रेस की नीति फूट डालो राज करो की है। राहुल गांधी, बाला साहेब ठाकरे को हिंदू हृदय सम्राट कब कहेंगे? शिंदे ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे कहते थे कि मैं अपनी पार्टी को कभी भी कांग्रेस नहीं बनने दूंगा, लेकिन उद्धव ठाकरे खुद के स्वार्थ और मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस के साथ चले गए। शिंदे ने पीएम मोदी के एक हैं तो सेफ हैं नारे का भी समर्थन किया।



## स्वदेशी हाइपरसोनिक मिसाइल की सफल टेस्टिंग

### 1500 किलोमीटर से ज्यादा रेंज, आवाज से 5 गुना तेज रफ्तार; इसे रोक पाना असंभव

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/भुवनेश्वर (एजेंसी)।** डिफेंस रिसर्च डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन ने शनिवार रात लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल की सफल टेस्टिंग की। इसका वीडियो शेयर करते हुए डीआरडीओ ने बताया कि ओडिशा के तट के पास एपीजे अब्दुल कलाम आजाद द्वीप से मिसाइल को ग्लाइडेड व्हीकल से लॉन्च किया गया। मिसाइल की फ्लाइट ट्रेजेक्टरी की ट्रैकिंग के बाद टेस्टिंग सफल मानी गई है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार सुबह ट्वीटर पर पोस्ट करते हुए कहा- इस मिसाइल की सफल टेस्टिंग से भारत उन चुनिंदा देशों के ग्रुप में शामिल हो गया, जिसके पास ऐसी सैन्य तकनीक है। यह एक बड़ी उपलब्धि है और यह देश के लिए एक ऐतिहासिक पल है।

### हाइपरसोनिक मिसाइल की खासियत

हाइपरसोनिक मिसाइलों की सबसे खास बात ये है कि तेज स्पीड, लो ट्रैजेक्टरी यानी कम ऊंचाई पर उड़ान की वजह से इन्हें अमेरिका समेत दुनिया के किसी भी रडार से पकड़ पाना लगभग नामुमकिन है। इसी वजह से इन्हें दुनिया का कोई भी मिसाइल डिफेंस सिस्टम मार नहीं सकता है। हाइपरसोनिक मिसाइलें कई टन परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम होती हैं। ये मिसाइलें 480 किलोग्राम के परमाणु हथियार या ट्रेडिशनल हथियार ले जा सकती हैं। परमाणु हथियार रखने वाले देशों के लिए यह मिसाइल अहम मानी जाती है। अंडरग्राउंड हथियार गोदामों को तबाह करने में हाइपरसोनिक मिसाइलें सबसोनिक क्रूज मिसाइलों से ज्यादा घातक होती हैं। डिफेंस एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अपनी बेहद हाई स्पीड की वजह से हाइपरसोनिक मिसाइलें ज्यादा विध्वसंक होती हैं। हाइपरसोनिक मिसाइलें मेनुरेबल टेक्नोलॉजी यानी हवा में रास्ता बदलने में माहिर होती है। इससे ये जगह बदल रहे टारगेट को भी निशाना बना सकती हैं। इस क्षमता की वजह से इनसे बच पाना मुश्किल होता है।

## पाकिस्तानी सेना के चेक पोस्ट पर आतंकी हमला, 7 सुरक्षाकर्मियों की मौत; 18 घायल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान में एक और आतंकवादी हमला हुआ है, जहां आतंकियों ने एक सुरक्षा चौकी को निशाना बनाया। हमले में सात सुरक्षाकर्मी मारे गए, जबकि 18 घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह घटना कलात के जोहान इलाके में एक पहाड़ पर स्थित चेक पोस्ट पर हुई है। रिपोर्ट में पाकिस्तानी आर्मी की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के हवाले से बताया गया है कि शुक्रवार रात शाह मर्दान के पास सुरक्षा चौकी पर हमला करने की कोशिश कर रहे छह आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया, जबकि चार अन्य घायल हो गए। भीषण गोलीबारी के दौरान सात सैनिक भी मारे गए।



**सप्ताहभर में दूसरा बड़ा हमला**-आईएसपीआर के मुताबिक आतंकवादियों ने फ्रंटियर कोर (एफसी) की शाह मर्दान चेक पोस्ट पर हमला करने से पहले रॉकेट, हथगोले और स्वचालित भारी हथियारों का इस्तेमाल किया। पाकिस्तानी मीडिया में कलात डिवीजन के कमिश्नर के हवाले से बताया गया, सुबह हुए हमले में चेक पोस्ट पर तैनात सात सैनिकों की जान चली गई, जबकि 18 अन्य घायल हो गए।




## दिल्ली में एक्यूआई लगातार 5वें दिन गंभीर कैटेगरी में

### 37 प्रतिशत हिस्सा पराली का; हरियाणा में 5वीं तक स्कूल ऑनलाइन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में लगातार 5वें दिन प्रदूषण का स्तर गंभीर कैटगिरी में दर्ज किया गया। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक, रविवार सुबह 7 बजे दिल्ली के 14 लोकेशन पर एक्यूआई 400+ दर्ज किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में 37% प्रदूषण दिल्ली और आसपास के राज्यों में पराली जलाने से हुआ है। वहीं, 12% पॉल्यूशन की वजह गाड़ियों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन है। दिल्ली के अलावा हरियाणा के भी कई शहरों में एक्यूआई 400 के करीब पहुंच गया है। खतरनाक प्रदूषण को देखते हुए हरियामा सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों में 5वीं तक के बच्चों के लिए ऑनलाइन क्लासेस चलाने का फैसला किया है।

उधर, कश्मीर में बर्फबारी के चलते किश्तवाड़-सिंथन टॉप रोड बंद कर दी गई है। यह सड़क अनंतनाग को किश्तवाड़ नेशनल हाईवे से जोड़ती है। अधिकारियों का कहना है कि सड़क से बर्फ हटाने का काम जारी है। मौसम को देखकर ट्रैफिक मूवमेंट शुरू किया जाएगा।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# पर्यटन की दृष्टि से आयुर्वेद को आम जनता तक पहुचाने और बढ़ावा देने के लिए होगा काम : उपमुख्यमंत्री

- विश्व कीर्तिमान के साथ हुआ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में तीन दिवसीय आयुर्वेद महाकुंभ संयोजनम का समापन
- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ओर नार्थ मेसेडोनिया के राजदूत ने किया संबोधित





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आयुर्वेद के महाकुंभ संयोजनम 2024 का समापन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विश्व आयुर्वेद परिषद, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर एवं आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में 15 से 17 नवम्बर तक किया गया। कार्यक्रम में पूरे देश से आयुर्वेद में अध्ययन कर रहे 3000 से अधिक चिकित्सक, शिक्षक एवं विद्यार्थीयो ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी , विशिष्ट अतिथि डॉ रघुराम भट्ट अध्यक्ष मेडिकल एसेसमेंट एवं रेटिंग बोर्ड हृष्टद्भस्रू डॉ बी आर राम कृष्णन, प्रो. संजीव शर्मा कुलपति राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पूर्व कुलपति व्यास विश्वविद्यालय बंगलौर, प्रोफेसर महेश व्यास राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, डॉ किशोरी लाल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष विश्व आयुर्वेद परिषद तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गोविंद सहाय शुक्ल ने की। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आयुर्वेद के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले देश के विभिन राज्यो के आयुर्वेद विद्वानों, चिकित्सकों का अवॉर्ड से सम्मानित किया और आयुर्वेद पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा पूर्ववर्ती सरकारों ने आयुर्वेद पर ध्यान नहीं दिया, आयुर्वेद के महत्व को जानते हुए मोदी सरकार ने आयुष मंत्रालय का गठन किया है। आयुर्वेद से जुड़ी कई ऐसी योजनाएं लाए, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ी और लाभ भी मिला। कोरोना काल में भी आयुर्वेद उपचार लेने एवं आयुर्वेद काढ़ा पीने से लोगों की इम्युनिटी बढ़ी ओर आमजन को आयुर्वेद के महत्व की जानकारी मिली। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा तीन दिवासीय कार्यक्रम 'संयोजनम' का आज समापन समारोह मनाया गया है, जिसमें एक विश्व रिकॉर्ड कायम किया गया है। इसमें 1 घंटे का संहिता पाठ किया गया है, जिसमें छात्र, शिक्षक, वैज्ञानिकों के साथ विदेशी स्टूडेंट्स भी शामिल हुए हैं। इसका उद्देश्य यही था कि इस श्लोक, संहिता सूत्रों के अंदर आयुर्वेद का ज्ञान छुपा हुआ है। समापन समारोह के अवसर पर डॉ सी आर यादव, प्रोफेसर निशा गुप्ता, डॉ रामतीर्थ शर्मा , डॉ देवेंद्र चाहर के नेतृत्व में 2500 से अधिक आयुर्वेद चिकित्सक, शिक्षक, छात्रों ने संगीतमय चरक संहिता के श्लोका का पाठन कर विश्व कीर्तिमान बनाया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा, राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति, विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल को विश्व रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र दिया। कार्यक्रम में संयोजनम 2024 के सफल आयोजन में कार्यरत विश्व आयुर्वेद परिषद, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर एवं राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर की टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

## मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर ने विश्व मिर्गी दिवस पर आयोजित किया विशेष जागरूकता कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर ने विश्व मिर्गी दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव कुलवाल ने प्रमुख वक्ता के रूप में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मिर्गी के बारे में आम जनता को जानकारी प्रदान करना और इस बीमारी से जुड़े मिथकों को दूर करना था। कार्यक्रम में डॉ. कुलवाल ने मिर्गी के कारणों, लक्षणों और संभावित उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिर्गी के दौरे क्यों पड़ते हैं और इसके बचाव व प्रबंधन के लिए क्या-क्या उपाय किए जा सकते हैं। उन्होंने समाज में मिर्गी के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए समझाया कि यह एक सामान्य चिकित्सीय स्थिति है, जिसका उचित उपचार उपलब्ध है। डॉ. कुलवाल ने यह भी बताया कि कैसे मिर्गी से संबंधित जागरूकता और सही जानकारी के अभाव में कई मरीज समय पर इलाज से वंचित रह जाते हैं। इस कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने मिर्गी से जुड़े मिथकों और भ्रांतियों के बारे में कई सवाल किए, जिनका समाधान डॉ. कुलवाल ने सटीक जानकारी देकर किया। कार्यक्रम में लगभग 80 से अधिक लोगों ने भाग लिया और मिर्गी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की, जिससे उनके मन में इस बीमारी को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। कार्यक्रम में मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर के निदेशक रंजन ठाकुर ने भी हिस्सा लिया और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिर्गी के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और मिथकों को दूर करना है, ताकि मरीजों को समय पर सही इलाज मिल सके और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

## फर्जी स्क्रीन शॉट दिखाकर ज्वेलर्स को धोखा देकर सोने की चेन ठगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** वैशाली नगर थाना इलाके में ज्वेलर्स को धोखा देकर सोने की चेन ठगने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि खरीदारी के बहाने ग्राहक बनकर बदमाश खरीदारी करने शोरूम पर आया था और ज्वेलर्स को पेमेंट का फर्जी स्क्रीन शॉट दिखाकर सोने की चेन ठग ले गया। इस संबंध में पीड़ित की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। जांच अधिकारी एएसआई माल सिंह ने बताया कि वैशाली नगर निवासी सुनील खंडेलवाल ने मामला दर्ज करवाया है कि वैशाली नगर के ई-ब्लॉक में उसका ज्वेलरी का शोरूम है। जहां शोरूम पर एक युवक ग्राहक बनकर आया और उसको सोने की चेन दिखाने को कहा। कुछ देर बाद सोने की एक चेन पसंद कर ली। सोने की चेन का पेमेंट ऑनलाइन ऐप से करने के लिए कहा। ऑनलाइन पेमेंट करने की कहकर मोबाइल में कुछ करने लगा। उसके बाद पेटीएम के जरिए पेमेंट करने का अपने मोबाइल पर दिखाया। पेमेंट करना बता कर धोखे से सोने की चेन लेकर फरार हो गया। बैंक से अकाउंट की जानकारी करने पर धोखे का पता चला। धोखे का एहसास होने पर पीड़ित ज्वेलर ने थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया।

## विरासत को सहेजना हम सभी का काम : विधायक भाटी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** बाड़मेर के शिव विधानसभा क्षेत्र से विधायक रविंद्र सिंह भाटी रविवार को आईटीसी राजपूताना में चल रही जयपुर हेरिटेज फोटो प्रदर्शनी को देखने के लिए पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विरासत को सहेजना हम सभी का काम है। साथ ही कहा कि बाड़मेर धोरों की धरती है। वहां पर आकर फोटोग्राफर्स को फोटो क्लिक कर वहां की विरासत को अपने कैमरों में कैद करना चाहिए ताकि पूरी देश-दुनिया बाड़मेर से रूबरू हो सके। दरअसल जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जीबिशन के तीसरे सीजन का होटल आईटीसी राजपूताना की वेलकम आर्ट गैलेरी में दो दिन पहले आगाज हुआ था। यह प्रदर्शनी 23 नवंबर तक चलेगी। रविवार को अवकाश के दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और उन्होंने जयपुर की विरासत को देखा। इस एग्जीबिशन में पुराने और नए जयपुर की तस्वीरें दिखाई जा रही हे। जयपुर के विंटेज तस्वीरों में पहली बार मोती डूंगरी गणेश मंदिर का पुराना स्वरूप, खोले के हनुमानजी, गोविंद देव मंदिर, ताड़केश्वर मंदिर, जयपुर शहर की पुरानी चौपड़ का स्वरूप देखकर लोग अभिभूत हो रहे हैं। कार्यक्रम की संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया की इस एग्जीबिशन का उद्देश्य जयपुर स्थापना दिवस पर जयपुर की संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाना है। एग्जीबिशन में पर्यटन विभाग के उपनिदेशक दलीप सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

## आनंद जग्रवाल बने जार की कोर कमेटी के सचिव



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** राजधानी जयपुर में रविवार को जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान जार की कोर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें ग्यारह मेंबरों की कमेटी गठित की गई। जिसके अध्यक्ष चंद्र विजय सिंह एवं सचिव आनंद जग्रवाल को नियुक्त किए गए है। जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान जार के सदस्यों की ओर से अध्यक्ष एवं सचिव को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## ऑनलाइन गेमिंग की लत के चलते युवक ने छोड़ा घर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** मोतीडूंगरी थाना इलाके में ऑनलाइन गेमिंग की लत के चलते एक युवक घर छोड़कर भाग निकला। गेमिंग की लत के चलते समझाने के लिए मां अक्सर डांटा करती थी। मां ने घर छोड़कर भागे बेटे की गुमशुदगी दर्ज करवाई है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सुघड सिंह ने बताया कि मोतीडूंगरी के मीणा कॉलोनी निवासी महिला ने 25 वर्षीय बेटे की गुमशुदगी दर्ज करवाई है कि उनकी बहू अपने पीहर में शादी समरोह में शामिल होने गई थी। घर पर मां-बेटा ही मौजूद थे।

## सनातनी एकता पदयात्रा को लेकर बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** फुलेरा में आगामी 24 नवम्बर को निकलने वाली विशाल सर्व समाज सनातनी पदयात्रा को लेकर रविवार को प्रातः 11.15 बजे न्यू कॉलोनी स्थित श्री सिद्ध गणेश मंदिर में एक बैठक आयोजित हुई।

इस बैठक में बागेश्वर धाम के मार्गदर्शन में फुलेरा में आयोजित की जा रही सनातनी एकता पदयात्रा के सफल आयोजन के लिए एक कमेटी गठित की गई। जिसमें संयोजक सीए अर्पित मुदगल,सह संयोजक हैप्पी माथुर,चेतन सोनी,शेखर डेनवाल, कोषाध्यक्ष विशाल शर्मा,संरक्षक धनराज शर्मा,डॉक्टर पुखराज स्वामी, गजेंद्र सिंह शेखावत,रतन राजोरा संजय पारीक,दीपेश सैनी सहित अन्य को शामिल किया गया हैं। सर्व समाज सनातनी पदयात्रा श्रीरामनगर स्थित बालाजी की बगीची से रविवार को प्रातः 10 बजे प्रारंभ होकर स्कूल खेल मैदान में समापन होगा। बैठक में सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर पकड़ी 48 लाख 75 हज़ार रुपए कीमत के मादक पदार्थ से भरी पिकअप

### मध्य प्रदेश नंबर की पिकअप से 325 किलो अफीम डोडा चूरा जप्त, पुलिस को पिकअप में फरार तस्करों का मोबाइल मिला

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादड़ी थाना पुलिस की टीम ने मध्य प्रदेश नंबर की एक पिकअप से 19 कट्टों में भरा 325 किलो अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चूरा जब्त किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 48.75 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस को पिकअप से एक मोबाइल मिला है, जिसके आधार पर मौके से फरार तस्करों की तलाश की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एम एन ने बताया कि एजीटीएफ टीम को सूचना मिली कि मध्य प्रदेश नंबर की एक पिकअप में तस्कर अवैध डोडा चूरा लेकर छोटी सादड़ी से होते हुए निम्बाहेड़ा की तरफ जाएंगे। इसकी सूचना टीम ने आगे छोटी सादड़ी थाना पुलिस को दी। रात करीब 1 बजे छोटी सादड़ी थाना पुलिस की टीम को कारूण्डा चौराहे से थोड़ा आगे हाईवे रोड की तरफ एक पिकअप आई हुई दिखाई दी। जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। पुलिस की गाड़ी को देख पिकअप में सवार तस्कर गाड़ी को मौके पर छोड़ कारूण्डा की ओर पैदल-पैदल भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा भागने वाले दोनों व्यक्तियों का पीछा किया, लेकिन तस्कर अंधेरे में पहाड़ी व गड्ढे में होते हुए नजरों से ओझल हो गए। पिकअप की तलाशी में पुलिस को तस्करों का एक मोबाइल एवं 19 कट्टों में भरा 325 किलो अवैध डोडा चूरा मिला। अवैध अफीम डोडा चूरा, पिकअप एवं मोबाइल जब्त कर एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज कर फरार तस्करों की तलाश की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आसाराम चौधरी के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में एजीटीएफए टीम के हैड कांस्टेबल महावीर सिह व कांस्टेबल नरेन्द्र पाटीदार की विशेष भूमिका एवं हेड कांस्टेबल सोहन यादव व कांस्टेबल मनोज यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## फ्रेंच अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ आज से

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राजस्थान विश्वविद्यालय के यूरोपीयन भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक अध्ययन विभाग तथा भारतीय फ्रेंच शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में जेएलएन मार्ग स्थित यूजीसी-एमएमटीटीसी (एचआरडीसी) के सेमिनार हॉल में सोमवार से टीचिंग ऑफ फ्रेंच लैंग्वेज- ट्रेडिशन, ट्रांजिशन, अडाप्टेशन विषय पर त्रिदिवसीय चतुर्थ इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा।

राजस्थान के वित्त सचिव देबाशीष पृष्टी एवं जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर शिरकत करेंगे। वहीं राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा मुख्य अतिथि होंगी। 38वीं राष्ट्रीय काँग्रेस के तहत किए जा रहे इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में फ्रेंच भाषा का भारतीय सन्दर्भ में भावी अध्धयन-अध्यापन, कैरियर स्कोप, संभावनाओं आदि पर गहन मंथन किया जाएगा। राजस्थान विश्वविद्यालय के यूरोपीयन भाषा की विभागाध्यक्ष डॉक्टर निधि रायसिंघानी एवं ए टी एफ की प्रेसिडेंट अंजलि लोकुर ने बताया कि इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य फ्रेंच भाषा के शिक्षण, साहित्य, संस्कृति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शैक्षणिक दृष्टिकोणों पर विचार-विमर्श और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान है। आज से 20 नवंबर तक आयोजित किए जा रहे इस तीन दिवसीय अकादमिक सम्मेलन में विषय विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों के माध्यम से विषयक वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। पूरे भारत से लगभग 200 प्रतिनिधि इस कॉन्फ्रेंस में सहभागिता करेंगे तथा विदेशों से अध्येता यथा- फ्रांस, कनाडा, ताइवान, सिंगापुर और अफगानिस्तान सहित कई देशों के विशेषज्ञ और पदाधिकारी भी भाग लेंगे। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन फ्रेंच भाषा के माध्यम से भारत और फ्रांस के मध्य अंतरसंबंधों को बढ़ावा देने, अकादमिक अंतर्दृष्टि और बहुभाषी गतिविधियों के आदान-प्रदान आदि पर केंद्रित है। सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित वक्ता और विशेषज्ञ ज्ञानवर्धक सत्रों के माध्यम से आधुनिक फ्रेंच भाषा शिक्षण के नए आयामों, टीचिंग मेथोडोलॉजी, रिसर्च, अध्धयन-अध्यापन, भाषागत कौशल, करियर व संभावनाएं, आदि पर प्रकाश डालेंगे। यह सम्मेलन न केवल फ्रेंच शिक्षकों और छात्रों बल्कि भाषा, साहित्य और संस्कृति से संबद्ध अध्यताओं, भाषाविदों, अकादमिक अभिरुचि के विद्यार्थियों व युवाओं आदि के लिये ऊर्जावान प्रेरणादायक मंच है।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी की फैक्ट्री से स्कूटी और बैटरी चोरी करने वाले गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इलेक्ट्रिक स्कूटी की फैक्ट्री से स्कूटी और बैटरी चोरी करने वाले तीन शातिर बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से चोरी की चार स्कूटी और छह बैटरी और चार्जर बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 25 अक्टूबर को हुई इलेक्ट्रिक स्कूटी की फैक्ट्री से स्कूटी और बैटरी चोरी की वारदात का खुलासा कर लक्ष्मण सिंह,गणेश चौधरी और रामसिंह को गिरफ्तार किया है और तीनों ही आरोपित बगरू जयपुर के रहने वाले है। जिनके पास से पुलिस ने चोरी की चार स्कूटी और छह बैटरी और चार्जर जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित फैक्ट्री की जानकारी के लिए उसी फैक्ट्री में कुछ दिनों के लिए काम करते है और काम के दौरान ही फैक्ट्री में घुस कर वहां के बारे में पूरी जानकारी लेते है और फिर सीसीटीवी सहित अन्य जानकारी मिलने के बाद नौकरी छोड कर चोरी की वारदात करते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## पुलिस पर जानलेवा हमले के प्रयास करने वाली एस्कॉर्ट गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने हत्या की कोशिश के मामले में फरार एस्कॉर्ट गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। फरार दोनों बदमाशों ने पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला कर कार चढ़ाने का प्रयास किया था। पिछले डेढ़ महीने से फरार दोनों बदमाश जयपुर शहर के पॉश इलाके में गेस्ट हाउस लेकर फरारी काट रहे थे। पुलिस पूर्व में एस्कॉर्ट गैंग की सात युवतियों सहित दस लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। एस्कॉर्ट गैंग के फरार बदमाश दीपक मीणा (22) पुत्र रामस्वरूप मीणा निवासी मौजमाबाद दूदू और कैलाश चन्द डूडी (27) पुत्र हीरालाल डूडी निवासी दांतारामगढ़ सीकर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना इलाके में आरोपित 27 सितम्बर की सुबह तीन युवतियों को लेकर मुरलीपुरा इलाके में गए थे। इस दौरान आरोपियों ने एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर दस हजार रुपए पहले देने की मांग की। रुपए नहीं देने पर एस्कॉर्ट गैंग के बदमाशों ने डंडे से एक युवक पर हमला कर दिया था। फिर फरार हो गए। गंभीर हालत में घायल युवक को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। साथ ही पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई की। छापेमारी का पता चलने पर दोनों बदमाश फरार हो गए थे। पुलिस से बचने के लिए दोनों बदमाश उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में छिपते हुए घूमते रहे। कुछ समय बाद जयपुर के पॉश इलाके में गेस्ट हाउस लेकर फरारी काटने लगे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दोनों फरार बदमाश दीपक मीणा और कैलाश चन्द डूडी को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना इलाके में आरोपित 27 सितम्बर की सुबह तीन युवतियों को लेकर मुरलीपुरा इलाके में गए थे। इस दौरान आरोपियों ने एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर दस हजार रुपए पहले देने की मांग की। रुपए नहीं देने पर एस्कॉर्ट गैंग के बदमाशों ने डंडे से एक युवक पर हमला कर दिया था। फिर फरार हो गए। गंभीर हालत में घायल युवक को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। साथ ही पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई की। छापेमारी का पता चलने पर दोनों बदमाश फरार हो गए थे। पुलिस से बचने के लिए दोनों बदमाश उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में छिपते हुए घूमते रहे। कुछ समय बाद जयपुर के पॉश इलाके में गेस्ट हाउस लेकर फरारी काटने लगे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दोनों फरार बदमाश दीपक मीणा और कैलाश चन्द डूडी को गिरफ्तार किया।

# जयंती पर निंबार्क भगवान की निकली भव्य शोभायात्रा

## उमड़े श्रद्धालु,स्वागत में भक्तों ने बिछाए पलक पावड़े



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** श्री निंबार्क जयंती महोत्सव में रविवार को छोटी काशी जयपुर में जगतगुरु श्री श्रीजी महाराज के मंगल संदेश के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में प्रदेश और देश की अनेक महत्वपूर्ण पीठों और मंदिरों के संत और महंतों के अलावा बड़ी संख्या में निम्बार्क वैष्णव जन सम्मलित हुए। शोभायात्रा चादनी चौक स्थित श्री आनन्द कृष्ण बिहारी जी के मन्दिर से रवाना होकर जयपुर के आराध्य गोविन्द देव मंदिर, सिरह ड्योढ़ी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, त्रिपोलिया गेट होते हुए वापस श्री आनन्द कृष्ण बिहारी जी मन्दिर पहुंच कर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में बैंड बाजा और लवाजमे के साथ बग्घी में विराजमान श्री निंबार्क भगवान और संत वृंदों का अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने स्वागत द्वार बनाए, अनेक जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा और निम्बार्क भगवान की पूजा- अर्चना की। संपूर्ण शोभायात्रा में भक्तजन सुमधुर भक्ति संगीत के साथ नाचते- गाते और बजाते हुए भाव विभोर होकर चले। आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर में आयोजित धर्म सभा में संतों के आशीर्वचनों के साथ भगवान निम्बार्क द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर चलने की सीख दी। वैष्णव जनों से छोटे बच्चों से लेकर युवा वर्ग में सनातन और संप्रदाय की रीति नीति के संस्कार डालने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से हम सृष्टि के सबसे बड़े वैष्णव संप्रदाय में जुड़े हुए हैं। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि नई पीढ़ी को संस्कारी बनाएं। इसके लिए उसे नित्य कर्म और संध्या वंदन के साथ ठाकुर सेवा से जोड़ने की सीख दी जाए। कार्यक्रम के अंत में बड़ी संख्या में भक्त जनों ने मंदिर परिसर में पंगत प्रसादी पाई। महोत्सव के तहत सोमवार को साम 5बजे समस्त वैष्णवजनों की ओर से श्री आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर में युगल शतक पाठ व महाआरती की जाएगी,वहीं 19 नवम्बर को साम 5बजे श्री निम्बार्क महिला मंडल की ओर से बधाई गान व डांडिया रास का आयोजन होगा। महोत्सव के तहत 20 नवम्बर को श्री निम्बार्क महिला मंडल व प्रसिद्ध गायक मंडल बधाई गायन और भजन संध्या के कार्यक्रम होंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 21 को दोपहर 3बजे बधाई गान व साम 6बजे छठी महोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर स्थानीय भजन मंडलिया भजनों से ठाकुर जी को रिझाएंगे।

# जन्मदिवस के अवसर पर बाल संस्कार केंद्र में बच्चो को भोजन पैकेट एवम् उपहार बाटे

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा( नि.स. )।** उदयपुर निवासी आनंद कुमार शर्मा,चंद्रकला शर्मा,आभा शर्मा, ऊषा सनाढ्य की ओर से आर पी एस कॉलोनी में स्थित परिवारों को भोजन करवाया गया एवम् अणु आशा कॉलोनी की अदिति कौरव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर फेज 2 चारण बस्ती में स्थित हनुमान मंदिर में संचालित विद्या भारती संस्कार केंद्र में 40 बच्चों को भोजन के पैकेट,फल, चॉकलेट एवम् उपहार भेट किए भोजन एवम् उपहार पा कर बच्चो के चेहरे खुशी से खिल उठे । सभी बच्चो ने अदिति कौरव को जन्मदिन की बधाई दी इस मौके पर संचालक गुलाब कंवर ने अदिति कौरव,मनीष कौरव ,पार्षद मनीष गिरी, कल्पना भाटिया, जितेन्द्र भाटिया अवतांश, मौलिक के प्रति आभार प्रकट किया।

# पंचायत समिति की साधारण सभा बैठक आज, पंचायत पौधशाला वज्ञमित सरोवर कार्यो पर होगी चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर/भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद भरतपुर के निर्देश अनुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत पंचायत पाठशाला वी अमृत सरोवर के कार्यों को लेकर वार्षिक कार्य योजना 2024 25 हेतु साधारण सभा की बैठक आयोजित की जा रही है पंचायत समिति विकास अधिकारी गिर्राज प्रसाद बुनकर ने बतलाया कि पंचायत समिति भुसावर की साधारण सभा की बैठक प्रधान की अध्यक्षता में 18 नवंबर 2024 सोमवार को 11꞉30 बजे अंबेडकर भवन रणधीर गढ़ रोड भुसावल में आयोजित की जाएगी जिसमें पंचायत पौधशाला व अमृत सरोवर के कार्यों की वार्षिक योजना 2024 25 पर विचार के साथ खेल मैदान विकास कार्य चारागाह विकास के कार्य वी विभाग द्वारा निर्धारित कार्यों पर विचार किया जाएगा बुनकर के अनुसार अन्य बिंदुओं पर अध्यक्ष की सहमति से विचार किया जाएगा बैठक में सांसद विधायक जिला प्रमुख जिला कलेक्टर कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जिला कलेक्टर सहित समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारियों को बैठक में आमंत्रित किया गया है विकास अधिकारी के निर्देशों के अनुसार बैठक में चुने हुए जनप्रतिनिधियों को ही भाग लेने के लिए लिखा गया है।

# कस्बे के बीचो बीच स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में दिन दहाड़े हुई चोरी

बढ़ता राजस्थान


**कोटपूतली( नि.स. )।** कोटपूतली के नगर परिषद पार्क के सामने पं. चिरंजीलाल की बगीची में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में दिन दहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है। पं. पुरूषोत्तम शर्मा ने बताया कि शाम को जब वे मंदिर में भगवान की पूजा करने आये तो उन्होंने मंदिर का दरवाजा खोला तो पता चला कि चोरी हो गई है। अज्ञात चोर दिन दहाड़े एक चांदी का छतर, तांबे का सागर, एक पीतल का लोटा, चार तांबे के छोटे लोटे समेत 800 रुपये की नकदी पार कर ले गये। उन्होंने बताया कि उसी समय आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो दो बच्चे मन्दिर में जाते हुये नजर आ रहे है एवं कुछ देर बाद हाथ में एक थैला लेकर वापस आते नजर आ रहे थे। उन्हें शक है कि इन्हीं बच्चों ने चोरी की है। स्थानीय पुलिस थाने में चोरी की सूचना दी गई है। पुलिस द्वारा मौका मुआयना कर जाँच की जा रही है।

### हाड़ौती के सतरंगी पर्यटन पर्व तीन दिवसीय बून्दी महोत्सव का शुभारंभ आज

# जिला कलक्टर ने बैठक लेकर शोभायात्रा व विविध कार्यक्रमों की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

## आमजन, देशी विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेंगे विविध सांस्कृतिक व मनोरंजक आयोजन

बढ़ता राजस्थान





**बूंदी, ( नि.स. )।** हाड़ौती के सतरंगी पर्यटन पर्व बूंदी महोत्सव-2024 का आगाज सोमवार को गढ़ पैलेस में सुबह साढ़े आठ बजे गणेश पूजन एवं ध्वजारोहण के साथ होगा। महोत्सव के दौरान आयोजित विविध सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रम आमजन, देशी-विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। बूंदी महोत्सव के तहत 18 से 20 नवंबर तक 'लोक संस्कृति के रंग जिलेभर में बिखरेंगे। इस दौरान जिलेभर में विविध रंगारंग मनोहारी कार्यक्रम आयोजित होंगे।

महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृखंला में पहले दिन 18 नवंबर को सुबह 8.30 बजे गढ गणेश की पूजा अर्चना व झंडारोहण से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी।

इसके बाद सुबह 9 बजे गढ़ पैलेस से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। महोत्सव में लोक कलाकार, पारम्परिक वेशभूषा में विभिन्न धर्म, सम्प्रदाय महिला पुरूष, ऊंट, घोडे शामिल रहेंगे, जो सभी के मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी। शोभायात्रा का मार्ग में जगह जगह जोरदार शहरवासियों की ओर से स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा पुलिस परेड ग्राउंड पर सम्पन्न होगी। यहां पर सुबह 11 बजे से विविध परम्परागत प्रतियोगिताएं होंगी। इसके तहत रस्सा कसी, मूंछ, साफा बांधना, पणिहारी दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। वहीं शाम 6 बजे नवलसागर झील में दीपदान कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में शाम 7.30 बजे नवल सागर किनारे स्थित पार्क में बेस्ट ऑफ इंडिया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

बूंदी महोत्सव के दूसरे दिन 19 नवंबर को भी लोकानुरंजन कार्यक्रमों का दौर जारी रहेगा। इसके तहत सुबह 9 बजे गढ पैलेस से सुखमहल तक हैरीटेज वॉक निकाली जाएगी। सुबह 10.30 बजे सुखमहल में कैनवास पेटिंग तथा देशी विदेशी पर्यटकों के लिए मान मनुहार का आयोजन किया जाएगा। इसमें देशी विदेशी पावणों की देशी पकवानों से मान मनुहार की जाएगी। शाम 7 बजे नवल सागर पार्क में आतिशबाजी तथा शाम 7.30 बजे सिने संध?या का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रमों की कडी में 20 नवंबर को सुबह 7 बजे सुखमहल से टाईगर हिल तक नेचर वॉक का आयोजन होगा। इसके बाद सुबह 10 बजे पर्यटक स्वागत केन्द्र से ठीकरदा गांव तक देशी विदेशी पर्यटकों की विलेज सफारी का कार्यक्रम रहेगा।

इसके अलावा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सुखमहल में कैनवास पेटिंग प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा अपरान्ह 3 बजे कुंभा स्टेडियम में शिल्पग्राम व बूंदी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेला का शुभारंभ होगा। इसी तरह शाम 7 बजे उद्योग मेला मंच पर बूंदी टेलेंट शो का आयोजन भी किया जाएगा।

बून्दी महोत्सव के अवसर पर 18 से 20 नवम्बर बून्दी शहर के प्रमुख पर्यटक स्थलों पर लोक कलाकारों द्वारा सुबह 10 से अपरान्ह 3 बजे तक प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसके तहत 18 नवम्बर को इन्द्रगढ़ एवं तालेड़ा में, 19 को लाखेरी एवं नैनवां एवं 20 को हिण्डोली एवं के.पाटन में प्रस्तुतियां दी जाएगी।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीना, अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, उपखंड अधिकारी एचडी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, सहायक पर्यटन अधिकार प्रेमशंकर सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### कार्यक्रम स्थलों का लिया जायजा

जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने रविवार को बूंदी महोत्सव के दौरान होने वाले आयोजन को लेकर की गई तैयारियों का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने नवल सागर झील, पार्क, कुंभा स्टेडियम में की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि उद्योग मेले में नियंत्रण कक्ष बनाया जाए। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से अपनी स्टॉल्स लगाई जाए। साथ ही नवल सागर पार्क में एक अतिरिक्त एलईडी भी लगवाई जाए।

# विरह के गीतों के बीच डॉ.संयम ज्योति आदि ठाणा को दी चातुर्मास की विदाई





बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट की ओर से रविवार को सुरजपोल बाहर दादाबाड़ी में डॉ. संयम ज्योति म.सा.,संयम गुणाश्री एवं संयम साक्षीश्री म.सा. का चातुर्मास की विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अनेक वक्ताओं ने गीतिकाओं सहित विरह के गीतों की प्रसतुति दी। इससे वहां उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं की आंखे नम हो गयी। समारोह में बोलते हुए डॉ. संयम ज्योति ने कहा कि व्यक्ति को अपना मूल्यांकन स्वयं करना चाहिये। व्यक्ति मैं कहां हूं इस यक्ष प्रश्न को ध्यान में रखेगा तो उसकी चेतना जागृत होगी। चातुर्मास के दौरान सभी से भूलें हुई होगी उन भूलों को भूल कर एक-दूसरे को माफ करते हुए आगे बढ़ना चाहिये। किसी भी समाज या देश का मंत्री मजबूत है तो उस समाज या देश का चहुंमुखी विकास होता है। संयम साक्षीश्री म.सा. ने कहा उमंग व उत्साह के साथ आपनें चातुर्मास के 4 माह के दौरान जो भी श्रवण किया,उसे अपने जीवन में उतारेंगे ता आपका जीवन धन्य हो जायेगा। जीवन को व्यावहारिक रूप से जीएं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि जीवन में सात्विक भोजन करते हुए कंदमूल का त्याग करना चाहिये। जीवन में अर्जित किये गये पुण्य हमें संकट से मुक्ति दिलाते है। पाली से आये कमल वर्डिया ने कहा कि संसार को छोड़े तब शरीर पर सफेद वस्त्र हो, ऐसी भावना हम सभी के मन में होनी चाहिये। इस अवसर पर उन्होंने विरह के गीत ना जाओं गुरूवर आज,ओ नैना रोए,गुरूवर की याद सताएं,सांसों की डोरी कहीं टूट न जायें....की प्रस्तुति दी। सुभाष महात्मा ने कहा कि धर्म की प्यास लगे बिना हम उसका आनन्द नहीं ले सकते है। डॉ. मंजू चौधरी ने हम को तुम भा गये,तुम हृदय पर छा गये,ओ मेरे गुरूवर...,गीतिका प्रस्तुत की। समारोह को वंदना नाहर,निखिल,महावीर स्वाध्याय समिति अंबामाता के अध्यक्ष प्रकाश कोठारी,वीरेन्द्र,अनिल पटवा,अनिता पटवा,विनीता कोठारी,कमल वर्डिया,कुलदीप नाहर,राजेन्द्र, संगीता,माया सिरोया ने समारोह को संबोधित किया। नन्हें-नन्हें बालक विहान चौधरी,युवान कोठारी,साक्षी व वैशाली ने भी गीतिका की प्रस्तुति दी। ट्रस्टी राज लोढ़ा ने कहा कि चार माह में म.सा. द्वारा किये गये प्रवचनों को सुन हमें अपने कर्तव्य का बोध हुआ। इस दौरान विविध विषयों पर प्रवचन हुए। म.सा. का आशीर्वाद हमेशा मिलता रहे, ऐसी सभी की भावना रही। वासुपूज्य भक्ति् मण्डल की प्रतिभा सुराणा ने गीतिका गुरूवर विदाई का यह पल क्यों आया है...,खतरगच्छ महिला परिषद की माया सिरोया ने भी गीतिका की प्रस्तुति दी।

कवि प्रकाश नागौरी ने कहा कि चार माह के दौरान साध्वीवृन्द ने हमें जीवन की दशा व दिशा बदलने की प्रेरणा दी लेकिन हम उस पर और धर्म के मार्ग पर कितना चल पायें इसका आत्मावलोकन करना चाहिये। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश नागौरी ने किया। अंत में आभार शैलेन्द्र लोढ़ा ने ज्ञापित किया।

# कोटा मे राजस्थान शिक्षक महासंघ ने दीपावली स्नेह मिलन एवं शिक्षक सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया



फिरोज खान वारसी-

**झालावाड़ ( बढ़ता राजस्थान )।** कोटा राजस्थान शिक्षक महासंघ जिला शाखा कोटा की ओर से शाला क्रीडा संगम केन्द्र, मल्टीपरपज स्कूल गुमानपुरा में 17 नवंबर 2024 को दीपावली स्नेह मिलन एवं शिक्षक सम्मान समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती पर दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री के ओएसडी सतीश कुमार गुप्ता रहें व अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा ने की।

जिला महासचिव रमीज राजा ने बताया कि राजस्थान शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सुन्दर शर्मा को राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर जिला शाखा द्वारा सम्मान किया। मुख्यातिथि द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों को संबोधित किया गया व मार्गदर्शन प्रदान किया इसके साथ ही लगभग 72 शिक्षकों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। जिला कार्यकरिणी द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक शर्मा सचिव रूपेश गुप्ता आर पी लोकेश शर्माअंग्रेजी माध्यम स्कूल मल्टीपरपज के प्रिंसिपल राहुल शर्मा,पूर्व सेवानिवृत डीईओं यतीश विजयवर्गीय का स्वागत किया गया कार्यक्रम में प्रदेश कार्यालय प्रभारी हनुमान प्रसाद मेघवाल कोषाध्यक्ष रोहित प्रजापति जिला कोषाध्यक्ष परमेन्द्र कुमावत जिला महामंत्री अंतिम जयसवाल कोटा शहर महामंत्री अशोक मेहरा विजय नरवरिया लोकेश शाक्यवाल अकमल अंसारी रईस खान देवेंद्र कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# भगवान श्री देवनारायण की विशाल कलश यात्रा निकाली



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के निकटवर्ती ग्राम पूतली में रविवार को भगवान श्री देवनारायण की विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा प्रात꞉ 10.15 बजे श्री ठाकुर जी महाराज मंदिर से प्रारम्भ हुई। जिसमें 151 महिलायें सिर पर कलश लेकर भगवान श्री देवनारायण जी के जयकारे के साथ रवाना हुई। महिलाओं ने डीजे के साथ नाचते झूमते हुये गांव की परिक्रमा देकर कलश यात्रा का विसर्जन पूतली स्थित भगवान श्री देवनारायण मंदिर पर किया। इस दौरान रिटायर्ड सूबेदार पप्पूराम गुर्जर, प्रमोद शर्मा, गोविंद शर्मा, सतीश प्रजापति, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रजापत, हेमराज शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# उदयपुर के वैभव व संस्कृति ने मनमोहा

## ब्राजील की टीम भारतीय परम्परा के स्वागत से हुई अभिभूत

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय के कार्यक्रम रोटरी फ्रेन्डशीप एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत ब्राजील से उदयपुर आयी 12 सदस्यीय रोटरी टीम का रविवार को रोटरी क्लब एलीट की ओर से एक निजी रिसोर्ट में आयोजित एक कार्यक्रम के तहत भारतीय परम्परानुसार स्वागत किया गया। इस स्वागत परम्परा से टीम अभिभूत हो गयी। ब्राजील टीम व रोटरी क्लब एलीट के बीच फ्लैग एक्सचेंज किया गया। इस अवसर पर 10 सदस्यीय ब्राजील टीम की ओर से कार्ला ने कहा कि उदयपुर के मेवाड़ एवं संस्कृति ने पूरी टीम का मनमोह लिया। उन्होंने भारतीय परम्परा को विश्व में सर्वश्रष्ठ बताया। टीम ने कहा कि यह रोटरी की ही पावर है कि एक देश की रोटरी टीम दूसरे देश जा कर रोटरी सदस्यों के यहां रूक कर संस्कृति का आदान-प्रदान करते है।

इससे एक-दूसरे क्लब अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि ब्राजील टीम को आज जगमन्दिर भ्रमण कराया गया। प्रात: सहेलियों की बाड़ी में योगा कराया गया। इसके बाद टीम ने फतहसागर पाल पर दौड़ की अपने आप को तुदुरूस्त रखा। पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी ने टीम को शुभकामनायें देते हुए कहा कि शीघ्र ही रोटरी प्रान्त से एक टीम ब्राजील जायेगी। निवर्तमान प्रान्तपाल डॉ. निर्मल कुणावत ने भी टीम को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में ब्राजील की टीम व रोटरी क्लब एलीट के सदस्यों ने दोनों देशों के गानों पर नृत्य कर इस कार्यक्रम को पारीवारिक बना दिया। गीत-संगीत पर सभी ने खूब मस्ती की। दोनों देशों की टीमों के बीच कपूर सी. जैन ने समन्वय स्थापित किया। इस अवसर पर क्लब सचिव प्रशांत शर्मा,सुधीर दुगड़,सरिता दुगड़, रमेश मोदी,हितेश गांधी,सतीश जैन,नितेश संवरिया, पलाश वैश्य, मधु सरीन,सहायक प्रान्तपाल भव्या गर्ग, मुकेश गुरानी,कपूर सी.जैन सहित अनेक सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रमेश मोदी ने किया। क्लब की ओर से टीम को स्मृतिचिन्ह प्रदान किये गये।

## सम्पादकीय

### श्रीलंका में एनपीपी की प्रचंड जीत भारत के लिए कितनी अहम

श्रीलंका के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति एकेडी यानी अनुरा कुमारा दिसानायके की अगुवाई वाले गठबंधन का प्रचंड बहुमत से जीतना चीन की खुशी का कारण हो सकता है। इसे पहली नजर में वामपंथी दिसानायके का कम्युनिस्ट चीन के करीब होना समझा जायेगा। इस राय के पक्ष में जाने वाले लोग इतिहास में थोड़ा पीछे जाने की राय दे सकते हैं। वर्ष 1987 में भारत-श्रीलंका समझौते का दिसानायके की पार्टी जेवीपी ने विरोध किया था। तब श्रीलंका में तमिल समस्या उभार पर थी और समझौते के तहत वहां लिट्टे की गतिविधि से निपटने के लिए भारतीय शांति सेना उतरी थी। लिबरेशन तमिल ईलम के खिलाफ असर डालने वाले समझौते पर तब के राष्ट्रपति जेआर जयवर्धने और भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने हस्ताक्षर किए थे। दिसानायके उसके विरोध के चलते चर्चा में आए। वर्ष 2001 में वे पहली बार श्रीलंकाई संसद के लिए चुने गये थे। हाल में वे राष्ट्रपति चुने गये किंतु उनकी पार्टी को बहुमत हासिल नहीं था। राष्ट्रपति ने संसद भंग कर चुनाव की घोषणा की थी। अब उस चुनाव का नतीजा है कि संसद में उनका गठबंधन एनपीपी ने दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है। खास बात यह है कि इस चुनाव में श्रीलंका की राजनीति में लंबे समय से प्रभावी रही परिवारवादी पार्टियों के प्रतिनिधियों को मतदाताओं ने खारिज कर दिया। पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे परिवार की पार्टी पोदुजना पेरामुना को सिर्फ तीन सीटें मिली। वहीं, दूसरे पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के समर्थन वाला न्यू डेमोक्रेटिक फ्रंट सिर्फ 5 सीटों पर कब्जा जमा सका। विपक्ष के नेता सजीथ प्रेमदासा की समागी जन बालवेगया पार्टी के खाते में जरूर 40 सीटें आईं। हालांकि यह 159 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत पाने वाले दिसानायके के मुकाबले कहीं बहुत पीछे है। स्वाभाविक है कि उनकी सरकार को बहुतेरे मामलों में 'खुले हाथ' काम करने की स्वतंत्रता हासिल हो गयी है। तो क्या एक वामपंथी नेता का अपने पड़ोसी भारत के मुकाबले कम्युनिस्ट चीन के साथ जाने के रास्ते प्रशस्त हो गये हैं? यह बात इतनी आसानी से नहीं कही जा सकती। इसे समझने के लिए दिसानायके के हालिया रुख को देखा जाना चाहिए। दिसानायके की पार्टी भारत विरोधी और चीन समर्थक के रूप में पहचानी जाती रही है। इसके बावजूद वह भारत को दरकिनार नहीं कर सकते। देशों के बीच रिश्तों में विचारधारा का प्रभाव धीरे-धीरे कम होता गया है।

आपसी जरूरतों के साथ अंतरराष्ट्रीय दबाव भी कारक बनते गये हैं। इसे ध्यान में रखते हुए ही दिसानायके ने कुछ समय से भारत विरोधी बयान देने काफी कम कर दिये। वे नई दिल्ली के साथ बेहतर रिश्ते की भी वकालत करते हैं। पिछले महीने ही उन्होंने कहा था कि उनका देश चीन और भारत के बीच सैंडविच नहीं बनना चाहता। यह बयान भावनाओं में बहते किसी सामान्य व्यक्ति का नहीं है। फिर हमें भी नहीं भूलना चाहिए कि दिसानायके का बयान सिर्फ श्रीलंका नहीं, भारत के भी अनुकूल है। हमारे दक्षिणी प्रांत तमिलनाडु के नजदीक होने से श्रीलंका हमारी सुरक्षा और व्यापारिक रणनीति, दोनों नजरिए से अहम है।

# मणिपुर : आखिर यह हिंसा की आग कब बुझेगी ?

**मणिपुर हिंसा की आग में आज तक जल रहा है। पूर्वोत्तर में स्थित इस राज्य में लूट, हत्याओं और अशांति की खबरें आम हैं। मणिपुर में 3 मई 2023 से हिंसा का दौर शुरू हुआ था। लेकिन 18 महीने बाद भी राज्य में शांति बहाल नहीं हुई। पिछले सप्ताह जिरीबाम जिले की एक हिंसा में 5 लोगों की मौत हो गई। मणिपुर में जारी हिंसा के बीच एक बार फिर स्थिति तनावपूर्ण तब हो गई जब शनिवार को प्रदर्शनकारियों ने राज्य के तीन मंत्रियों और छह विधायकों के आवासों पर हमला किया। यह घटनाक्र म मणिपुर में हाल ही में नदी से निकाले गए लापता छह लोगों में से तीन के शवों के मिलने के एक दिन बाद हुआ। इस हमले के बाद राज्य सरकार ने पांच जिलों में अनिश्चितकाल के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी और कुछ क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित कर दीं।**

अशोक भाटिया

मणिपुर पिछले 18 महीनों से जल रहा है। हिंसा की आग ऐसी फैली है जो बुझने का नाम नहीं ले रही। जगह-जगह हत्याएं, मारपीट, शोषण, रेप और बर्बरता की खबरें आ रही हैं। मणिपुर में हिंसा और महिलाओं के साथ बर्बरता की कई घटनाएं पिछले एक साल में हुई हैं। अब 3 बच्चों की मां के साथ दरिंदगी की हर हद पार की गई है। महिला का पहले रेप किया गया और फिर दरिंदों ने उसके शरीर पर कीलें ठोक दी। इसके बाद महिला को जला दिया। इंसानियत को शर्मसार करने वाली इस घटना से डॉक्टर भी हैरान हैं। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने इसे वीभत्स और दिल दहला देने वाला बताया है। महिला के पति ने जो एफआईआर दर्ज कराई, उसमें कहा कि घर के भीतर बेरहमी से हत्या किए जाने से पहले उसका बलात्कार किया गया था। हालांकि, असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज में हुए पोस्टमार्टम से यह पता नहीं चल सका कि महिला का रेप किया गया था या नहीं। जानते हैं क्यों? क्योंकि उसके जले हुए शरीर को देखते हुए डॉक्टरों ने योनि से स्मीयर जुटाने की किसी भी संभावना को सिरे से खारिज कर दिया। मणिपुर में हालात की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वहां हिंसा में शामिल दोनों समुदायों के पास अब ऐसे हथियार हैं जिनका इस्तेमाल आमतौर पर युद्ध में किया जाता है। सेना इस कदर मजबूर है कि उन्हें एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात करने पड़े हैं। पहाड़ों और घाटियों में लोगों ने बंकर बना रखे हैं। ऐसे में सवाल ये उठता है कि आखिर 18 महीने बाद भी इस राज्य में हिंसा क्यों नहीं थम रही? वैसे तो मणिपुर में पिछले साल मई से ही हालात तनावपूर्ण हैं लेकिन पिछले कुछ महीनों से स्थिति थोड़ी नियंत्रण में थी। लेकिन अब हवाई बमबारी, आरपीजी और अत्याधुनिक हथियारों के लिए ड्रोन के इस्तेमाल के बाद हालात और खराब हो गए हैं। ताजा हमले के बाद तलाशी में पुलिस को 7.62 मिमी स्नाइपर राइफल, पिस्तौल, इम्प्रोवाइज्ड लॉन्ग रेंज मोर्टार (पोम्पी), इम्प्रोवाइज्ड शॉर्ट रेंज मोर्टार, ग्रेनेड, हैंड ग्रेनेड समेत तमाम आधुनिक हथियार मिले।वही, मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति ने एक कड़ा अल्टीमेटम जारी किया है, जिसमें मणिपुर में चल रहे संकट को हल करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों से तत्काल और निर्णायक कार्रवाई की मांग की गई है।

समिति ने स्थिति से निपटने के लिए बलों को पांच दिन की समय सीमा तय किया था , जिसमें चेतावनी दी गई थी कि कार्रवाई न करने पर लोगों को अपनी आबादी की सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाने पड़ेंगे। समिति ने स्थिति से निपटने के लिए केंद्रीय बलों के तरीके, खासकर कुकी उग्रवादी समूहों से निपटने के उनके तरीके पर गहरा असंतोष व्यक्त किया । सबसे अहम सवाल ये है कि आखिर मणिपुर में हिंसा थम क्यों नहीं रही है? इसके कई कारण हैं। आसान भाषा में समझें तो ये पूरी लड़ाई दो जातीय समूह कुकी और मैतई के बीच की है। ज्यादार



मैतई समुदाय के लोग घाटी में रहते हैं और वहीं कुकी समुदाय के लोग पहाड़ों पर रहते हैं। हिंसा के बाद तो इन दोनों समुदायों का एक-दूसरे के स्थानों पर जाना बिलकुल बंद सा है। यही अलगाव हिंसा न थमने का एक बड़ा कारण भी है। दोनों की अलग-अलग लोकेशन होने के चलते पूरा इलाका एक सरहद में बदल गया है। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों ने अपने लिए सेफ बंकर बना लिए हैं। भारी मात्रा में हथियार दोनों के पास ही मौजूद हैं। जिससे जब मौका मिलता है तब वो एक-दूसरे पर हमला करते हैं और फिर बंकर में छिप जाते हैं। घाटी और पहाड़ी होने के चलते उन्हें रोक पाना भी मुश्किल हैं। सवाल ये भी है कि आखिर दोनों ही समुदायों के पास इतनी बड़ी संख्या में हथियार कहां से आए। जिन हथियारों का हिंसा में इस्तेमाल हो रहा है वो आमतौर पर युद्ध में इस्तेमाल किए जाते हैं या फिर जवानों द्वारा इस्तेमाल किए जाते हैं। दरअसल, मणिपुर में तैनात सेना के जवानों समेत कई थानों में पिछले दिनों हथियार की लूट की खबर सामने आई थी। अधिकारियों ने कहा था कि भारी मात्रा में आधुनिक हथियारों की लूट हुई है।वहीं, दूसरा आरोप अवैध हथियारों की सप्लाई का भी है। जिसको लेकर राज्य के मुख्यमंत्री समेत कई नेताओं और विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की है। आरोप है कि पड़ोसी देशों से मणिपुर में अवैध हथियारों की सप्लाई हो रही है, जिससे हिंसा भड़क रही है। हिंसा को रोकने के लिए मणिपुर में सैनिकों, अर्धसैनिकों और पुलिस बल की तैनाती हजारों की संख्या में है। लेकिन वो भी इस हिंसा को रोकने में बेबस दिखे हैं। इसका कारण आपसी समन्वय की कमी कहा जा सकता है। पिछले दिनों देखा गया था कि लोगों ने भी जवानों की तैनाती पर नाराजगी जाहिर की थी। वहीं, राज्य की पुलिस भी खेमों में बंटी नजर आती रही है। मणिपुर के मुख्यमत्री एन बीरेन सिंह जहां एक ओर विपक्ष के निशाने पर हैं वहीं उनपर भी पक्षपात के आरोप लगते रहे हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह हैं जो मैतेई समुदाय से आते हैं। मैतई सियासी रूप से भी मणिपुर में प्रभावशाली है। ऐसे में आरोप लगते रहे हैं कि सीएम बीरेन सिंह मैतई समुदाय के लोगों के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर रखते हैं। पिछले दिनों हिंसा में कई बीजेपी नेताओं को भी निशाना बनाया गया था। ताजा हिंसा मामले में भी सीएम बीरेन सिंह पर आरोप लगे। कहा गया कि उनका कथित ऑडियो लीक होने के बाद हिंसा भड़की है। इस कथित वायरल ऑडियो में सीएम बीरेन सिंह की हिंसा में संलिप्तता की बातें थीं। पिछले साल 3 मई को मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आयोजित आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद भड़की जातीय हिंसा के बाद से मणिपुर में अबतक 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी, जिनमें नागा और कुकी शामिल हैं, 40 प्रतिशत हैं और मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में रहते हैं। बता दें कि इस हिंसा के चलते हजारों की संख्या में लोग राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। छिपी बात नहीं है कि मणिपुर का सारा संघर्ष सरकार की शिथिलता की वजह से पैदा हुआ है। शुरू में ही अगर सरकार ने दोनों समुदायों के बीच पैदा हुई गलतफहमी को दूर करने का प्रयास किया होता, तो वैमनस्यता की आग इस हद तक न भड़कने पाती। मगर सरकार ने न तो बातचीत की पहल की और न उपद्रवियों पर काबू पाने की कोशिश। मणिपुर के मामले में केंद्र सरकार का रवैया भी शुरू से सवालों के घेरे में रहा है। जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं, उनसे छोटी-सी घटना पर भी केंद्रीय गृहमंत्रालय तुरंत जवाब तलब कर लेता है, मगर मणिपुर के मामले में मौन साधे हुए ही दिखता रहा। शुरू-शुरू में वहां केंद्रीय सुरक्षा बलों को सख्ती के आदेश दिए गए थे, तब हिंसा रुक गई थी, मगर बाद में किस वजह से उस पर काबू पाने की कोशिश नहीं की गई, समझना मुश्किल है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुरेश कुमार हरसोलिया। 17 सितम्बर सन 1978 को जयपुर में जन्में और ए'यूकेशन में बीएससी के बाद बीएड़ की। मन तो प्रशासनिक सेवा में जाने का था सो तैयारी की ओर मन के सपनों को साकार किया। आज उपखण्ड अधिकारी, निवाई (टोंक) के पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व उपखण्ड अधिकारी नादोती गंगापुर सिटी रहे। इससे पूर्व उपखण्ड अधिकारी भूसावर ,भरतपुर। उपखण्ड अधिकारी,हिण्डौन करौली। उपखण्ड अधिकारी, छबड़ा बारां। सहायक निदेशक, लोक सेवाऐं प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग झालावाड़। तहसीलदार, जैतारण पाली। तहसीलदार, सहाड़ा भीलवाड़ा। तहसीलदार, पीसांगन अजमेर। उप रजिस्ट्रार, हनुमानगढ़। तहसीलदार, चिड़ावा झुंझुनू। तहसीलदार, ब्यावर। तहसीलदार अलवर। तहसीलदार लसाडिया, उदयपुर। तहसीलदार, पीलीबंगा हनुमानगढ़। सहायक बंदोबस्त अधिकारी, सीकर। तहसीलदार, उपनिवेशन बीकानेर के पद पर रहे। बहुत संवेदनशील अधिकारी व जमीन से जुड़े हुए अधिकारी है। जब ये अलवर तहसीलदार थे तब इनसे मुलाकात हुई। अपने काम के प्रति कमर्ठता दिखाने वाले अधिकारी के रूप में नजर आए। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



शख्सियत
श्री सुरेश कुमार हरसोलिया
( आर.ए.एस अधिकारी )

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 18 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- महाराजा जय सिंह द्वितीय ने 1727 में जयपुर शहर की स्थापना की। शहर के वास्तुकार बंगाल के विद्याधर चक्रवर्ती थे।
- फ्रांस और ऑस्ट्रिया के बीच 1738 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
- हॉलैंड और बेल्जियम के बीच 1833 में जोनहोवेन संधि पर हस्ताक्षर।
- पेशवा माधवराव प्रथम के छोटे भाई नारायणराव ने 1772 में गद्दी संभाली।
- अमेरिका ने 1909 में निकारागुआ पर हमला किया।
- उत्तरपूर्वी यूरोपीय देश लातविया ने 1918 में रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की।
- तुर्की के युवराज अब्दुल मजीद द्वितीय को 1922 में खलीफा चुन लिया गया।
- 1928 में पहली बार वॉल्ट डिजनी कंपनी का मैस्कॉट स्टीमबोट विली नजर आया। जिसका नाम मिकी माउस पड़ गया।
- बिहार की राजधानी पटना के पास 1948 में स्टीमर 'नारायणी' दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच सौ लोग डूबे।
- ब्रिटिश सेना ने 1951 में मिस्र के इस्मालिया क्षेत्र पर कब्जा किया।
- मोरक्को ने 1956 में स्वतंत्रता हासिल की।
- आईएनएस विराट को 1959 में ब्रिटिश रॉयल नेवी में कमीशंड किया गया था।
- अमेरिकी टेलीफोन कंपनी बेल सिस्टम्स दुनिया के सामने 1963 में पहला ऐसा फोन लाई जिसमें बटन वाला डायलिंग पैड था।
- बाघ को 1972 में राष्ट्रीय पशु चुना गया।
- दक्षिणी अमरीका के गयाना शहर में 1978 में 276 बच्चों समेत 914 लोगों ने सामूहिक आत्महत्या कर ली थी.
- सन 1989 में आज ही के दिन लगभग 50 हज़ार लोगों ने बुल्गारिया के शहर सोफ़िया में राजनीतिक सुधार की मांग को लेकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया था।
- चार साल से बंधक बनाए गए ब्रितानी चर्च के दूत टेरी वेट को 1991 में इस्लामी चरमपंथियों ने आज ही के दिन रिहा कर दिया।
- संयुक्त राष्ट्र ने 1994 में फिलिस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को मान्यता प्रदान की।
- श्वार्जेनेगर ने 2003 में कैलीफोर्निया के गवर्नर पद की शपथ ली।
- प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे 2005 में श्रीलंका के नये राष्ट्रपति निर्वाचित।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 2013 में मंगल ग्रह पर मावेन यान को भेजा।
- भारत की मानुषी छिल्लर ने जीता 'मिस वर्ल्ड 2017' का खिताब।

### 18 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- फ़िल्मकार, अभिनेता वी शांताराम निर्देशक का जन्म 1901 में हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक बटुकेश्वर दत्त का जन्म 1910 में हुआ।
- ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली दक्षिणी अमेरिकी अनीता लिज़ाना का जन्म 1915 में हुआ।
- रूसी भाषाविद् और महाकवी यूरी नोरोजोव का जन्म 1922 में हुआ।

### 18 नवंबर को हुए निधन

- अंग्रेज़ अधिकारी एवं इतिहासकार कर्नल टॉड का निधन 1835 में हुआ।
- तमिल भाषा के विद्वान् और प्रख्यात समाज-सुधारक चिदंबरम पिल्लई का 1936 में निधन।
- एक ब्रिटिश पुरातत्वशास्त्री कनिंघम का निधन 1893 में हुआ।

## विशेष आलेख

# प्रस्तावित परिसीमन से भारत के संघीय ढांचे को खतरा

परिसीमन उच्च-विकास वाले राज्यों की ओर शक्ति को झुका सकता है, जिससे उच्च कुल प्रजनन दर वाले उत्तरी राज्यों को संघीय मामलों में अधिक नियंत्रण मिल सकता है। बिहार और यूपी को अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं, जिससे सभी राज्यों को प्रभावित करने वाली केंद्रीय नीतियों पर उनका प्रभाव बढ़ सकता है।

प्रियंका सौरभ

भारत में परिसीमन अभ्यास, जिसकी देखरेख राष्ट्रपति द्वारा चुनाव आयोग के परामर्श से नियुक्त परिसीमन आयोग द्वारा की जाती है, का उद्देश्य जनसंख्या परिवर्तन के आधार पर लोकसभा और विधानसभा सीटों को फिर से संगठित करना है, जिससे प्रतिनिधि शासन सुनिश्चित हो सके। हालाँकि, यह प्रक्रिया कुछ लोगों के लिए संभावित नुक़सान के बारे में चिंताएँ पैदा करती है, जिससे राष्ट्र के संघीय ढांचे पर असर पड़ता है। नियंत्रित जनसंख्या वृद्धि वाले दक्षिणी राज्यों में कम प्रतिनिधित्व के कारण संघ के निर्णयों में प्रभाव कम होने का जोखिम है। तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कम हो सकता है, जिससे उच्च सकल घरेलू उत्पाद योगदान के बावजूद राष्ट्रीय मुद्दों में इसकी आवाज़ प्रभावित हो सकती है। परिसीमन उच्च-विकास वाले राज्यों की ओर शक्ति को झुका सकता है, जिससे उच्च कुल प्रजनन दर वाले उत्तरी राज्यों को संघीय मामलों में अधिक नियंत्रण मिल सकता है। बिहार और यूपी को अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं, जिससे सभी राज्यों को प्रभावित करने वाली केंद्रीय नीतियों पर उनका प्रभाव बढ़ सकता है।

उच्च जनसंख्या वाले राज्यों के लिए प्रतिनिधित्व बढ़ाने से उन क्षेत्रों के पक्ष में संसाधनों का पुनर्वितरण हो सकता है, जिससे समान विकास प्रभावित हो सकता है। उत्तर प्रदेश के लिए अतिरिक्त सीटें अधिक केंद्रीय निधि प्राप्त कर सकती हैं, जबकि केरल जैसे कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों को कम संसाधन मिल सकते हैं। अधिक जनसंख्या वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व और संसाधनों तक पहुँच असमान विकास को जन्म दे सकती है, जिससे कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्र अलग-थलग पड़ सकते हैं। पूर्वोत्तर राज्यों ने ऐतिहासिक रूप से कम प्रतिनिधित्व के कारण विकास में हाशिए पर रहने का अनुभव किया है, एक ऐसी स्थिति जो नए परिसीमन के साथ और भी खराब हो सकती है। कम सीटों और संसाधनों के कारण हाशिए पर महसूस करने वाले छोटे राज्य अलगाववादी भावनाओं को बढ़ावा दे सकते हैं, जिससे राष्ट्रीय एकता को ख़तरा हो सकता है। सिक्किम जैसे छोटे राज्यों के अलग-थलग महसूस करने का जोखिम बढ़ सकता है यदि उन्हें लगता है कि उनकी चिंताओं का अपर्याप्त प्रतिनिधित्व किया जाता है, जिससे संघ की संप्रभुता और अखंडता को ख़तरा हो सकता है।

हिंदी भाषी राज्यों में अधिक प्रतिनिधित्व गैर-हिंदी क्षेत्रों को हाशिए पर डाल सकता है, जिससे सांस्कृतिक समानता के बारे में चिंताएँ बढ़ सकती हैं। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में प्रभाव में कमी आ सकती है, जिससे सांस्कृतिक पहचान की सुरक्षा की माँग बढ़ सकती है। अधिक जनसंख्या वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व चुनिंदा क्षेत्रों में सत्ता को केंद्रीकृत कर सकता है, जिससे राज्य की स्वायत्तता कम हो सकती है और सहकारी संघवाद कमजोर हो सकता है। दक्षिणी राज्य केंद्रीय नीतियों को उत्तरी हितों से अत्यधिक प्रभावित मान सकते हैं। कम जनसंख्या वृद्धि लेकिन उच्च कर योगदान वाले राज्यों में कम प्रतिनिधित्व हो सकता है, जिससे राजकोषीय असमानताओं का ख़तरा हो सकता है। यदि सीट आवंटन कम उत्पादक क्षेत्रों के पक्ष में होता है, तो महाराष्ट्र को कम केंद्रीय निधि का सामना करना पड़ सकता है। उच्च-कुल प्रजनन दर वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व असमान संसाधन आवंटन की ओर ले जा सकता है, जिससे विकसित राज्यों की केंद्रीय निधियों तक पहुँच प्रभावित हो सकती है। उत्तर प्रदेश को अधिक केंद्रीय निधियाँ मिल सकती हैं, जबकि कर्नाटक जैसे योगदान देने वाले राज्यों को बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक रूप से उन्नत राज्यों के लिए कम प्रतिनिधित्व राजस्व-केंद्रित नीतियों को प्राथमिकता से हटा सकता है, जिससे राजकोषीय स्थिरता प्रभावित हो सकती है। औद्योगिक नीति पर तमिलनाडु का इनपुट कम हो सकता है, जिससे राष्ट्रीय राजस्व पहल प्रभावित हो सकती है। उच्च कुल प्रजनन दर (राज्यों) के पक्ष में पुनर्वितरण से उन राज्यों के लिए केंद्र प्रायोजित योजना आवंटन में वृद्धि हो सकती है, संभवतः कम कुल प्रजनन दर वाले राज्यों की क़ीमत पर। बिहार जैसे उच्च-जनसंख्या वाले राज्यों को अधिक योजना निधि मिल सकती है, जबकि तमिलनाडु जैसे नियंत्रित जनसंख्या और महत्त्वपूर्ण योगदान वाले राज्यों को कार्यक्रम निधि में कमी देखने को मिल सकती है। राज्यों को जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए प्रोत्साहन खोना पड़ सकता है। केरल जैसे प्रभावी परिवार नियोजन राज्यों को कम राजकोषीय लाभ मिल सकता है, संभवतः अन्य राज्यों को समान प्रयासों से हतोत्साहित कर सकता है। असंतुलन क्षेत्रों के बीच अधिक आय असमानता की ओर ले जा सकता है, संभवतः आर्थिक रूप से विवश क्षेत्रों से अधिक विकसित राज्यों में प्रवास प्रवाह को बढ़ावा दे सकता है। प्रति राज्य लोकसभा सीटों की सीमा तय करने से क्षेत्रीय आकांक्षाओं के साथ प्रतिनिधित्व को संतुलित करने के लिए संभावित समाधान सामने आएंगे। प्रति राज्य सीटों को सीमित करने से संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सकता है और अधिक आबादी वाले राज्यों द्वारा असंगत प्रभाव को रोका जा सकता है। संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिनिधि सभा ने सीटों की सीमा 435 (1913 से) तय की है, जो कुल संख्या का विस्तार किए बिना राज्यों के बीच पुनर्वितरण करती है, जिससे संतुलित राज्य प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होता है। सीटों को आनुपातिक रूप से जोड़ने से जनसंख्या-नियंत्रित राज्यों को दंडित किए बिना लोकतांत्रिक विस्तार की अनुमति मिलती है। जर्मन बुंडेस्टैग मिश्रित-सदस्यीय दृष्टिकोण का उपयोग करता है।



## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**वृष**

आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**मिथुन**

अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**कर्क**

सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

**सिंह**

मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**कन्या**

आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**तुला**

व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**वृश्चिक**

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**धनु**

आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**मकर**

किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**कुंभ**

स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**मीन**

दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# बिना हेल्प सलाहकार के स्वस्थ रहना हुआ मुश्किल : सुरेश भंडारी

## अब स्वस्थ बीमारी मुक्त जीवन की राह हुई आसान, पहला सुख निरोगी काया अब जाकर समझ आया

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** रविवार को यहां एक हेल्थ केयर संस्था ने लोगों को स्वस्थ बने रहने की जानकारियां दी। आज के दौर में बढ़ते केमिकल युक्त खाद्य सामग्रियों कैसे बचा जाए और इनका इस्तेमाल कम से कम कैसे किया जाए इसके बारे में गहराई से बताया । रविवार को यहां एक निजी होटल में हेल्थ अवेयरनेस का प्रोग्राम आयोजित हुआ। इस दौरान हेल्थ अवेयरनेस की सुपरवाइजर प्रमिला सुवालका ने जानकारी में बताया कि आज की दौर की भाग दौड़ के बीच लोगों को किस तरह से हेल्दी स्वस्थ एक्टिव रहना चाहिए यह लाइफस्टाइल हेल्थ अवेयरनेस से आसानी से समझा जा सकता है। यह भी बताया कि आज केमिकल युक्त खाने-पीने की सामग्रियों से बचने की आवश्यकता और जरूरत है इस दौर में हमें यह समझना होगा कि हम क्या खाएं और कितना खाएं जिससे कि हम स्वस्थ बने रह सके । स्वस्थ बने रहने की इन सारी बातों पर चर्चा की गई। इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि बुद्धदेव सिंह जयपुर न्यूट्रिशन एक्सपर्ट एंड इंटरनेशनल हेल्थ कोच और कोटा से पहुंचे सुरेश चंद्र भंडारी न्यूट्रिशन एक्सपर्ट एंड इंटरनेशनल हेल्थ कोच कविता सुवालका इंटरनेशनल हेल्थ कोच ने प्रोग्राम में मौजूद लोगों को सेहतमंद रहने के तोर तरीके समझाएं इस मौके पर सुरेश भंडारी और बुद्धदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने अब तक लगभग 15 हजार से ज्यादा लोगों को स्वस्थ और एक्टिव जीवन शैली से लाभान्वित कर चुके हैं । यह भी बताया कि हमें स्वस्थ जीवन जीने के लिए आहार और विहार दोनों बातों का बराबर समायोजन करना होता है। न्यूट्रिशन एक्सपर्ट सुरेश भंडारी ने बताया की क्या खाएं कैसे खाएं इस तरह की विशेष जानकारियां दी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को यह भी बताया की व्यक्ति कैसे स्वस्थ बना रहे इसके लिए एक हेल्थ सलाहकार भी होना चाहिए। जैसे की जागरूक व्यक्तियों का फैमिली डॉक्टर होता है। वैसे ही हमें एक फैमिली हेल्थ सलाहकार ( हेल्थ कोच) की अति आवश्यकता होती हैं

जितनी आवश्यकता हमें वर्कआउट और व्यायाम की रहती है। उससे कहीं गुना ज्यादा हमें अपने भोजन को नियंत्रित करने की आवश्यकता रहती है। यदि व्यक्ति का भोजन पोषण युक्त होगा तो ही निश्चित तौर पर शरीर में बहुत सारी बीमारियां नहीं बन पाएगी। आज के समय पर मोटापे ने महामारी के रूप में पूरी दुनिया मे अधिकांश व्यक्तियों को घेर लिया है। यह समझने वाली बात तो यह है कि गत दशक और आज अभी के दौर में लगभग 60त्न लोग मोटापे से ग्रसित हो चुके हैं । और इसी मोटापे की वजह से शरीर में विभिन्न प्रकार की बीमारियां प्रारंभ हो जाती है जैसे की शुगर बीपी थायराइड जॉइंट प्रॉब्लम पैरालिसिस हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियां और समस्याएं आम बात सी हो गई है। ऐसे में इसका मुख्य कारण व्यक्ति के शरीर में अनावश्यक चर्बी का होना पाया गया है। आज व्यक्ति को स्वस्थ बने रहने के लिए आहार और शारीरिक गतिविधि पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति इस तरह का पालना करते हैं। तो निश्चित रूप से हम अपने स्वास्थ और बुढ़ापे की ओर जाने से बच सकते हैं ।क्योंकि वर्तमान समय में 40 साल के बाद ही लोगों को असाध्याय बीमारियां जैसे बीपी शुगर जॉइंट प्रॉब्लम होने शुरू हो जाता है।

यदि हम अपने खान-पान का ध्यान रखेंगे और उचित व्यायाम करेंगे तो वह व्यक्ति इन बीमारियों से उम्र के उस आखिरी पड़ाव तक भी बचे रहेंगे। हेल्थ अवेयरनेस के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम की संयोजक कविता सवालका सतीश कुमार प्रमिला सुवालका और जगदीश मीणा ने अहम भूमिका निभाई और कार्यक्रम को सामाजिक और अच्छा रूप देने के लिए भर्षक प्रयास किये। तो वहीं इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक ने मौजूद लोगों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

## धोखाधड़ी के 6 आरोपियों को 3 साल का कठोर कारावास विद्यार्थियों से रुपए हड़पने की बनाई थी योजना

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने धोखाधड़ी के एक प्रकरण में छह आरोपियों को तीन-तीन साल के कठोर कारवास की सजा सुनाई है। वहीं मामले में 28 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

**यह है मामला :** अभियोजन अधिकारी शिखा राजावत ने बताया कि 21 सितम्बर 2012 को परिवादी बलराज पुत्र रामहंस ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक परिवाद पेश किया था। बताया कि राजेन्द्र प्रसाद साहू पुत्र कैलाश निवासी कुण्डली नदी (मलारना डूंगर) ने एक गिरोह बनाकर विद्यार्थियों से रुपए हड़पने की योजना बनाई। वहीं समाचार पत्र में देहरादून से आईटीआई व बैंगलोर से नर्सिंग एवं कोटा डिविजन में रेलवे में गैंगमेन की नौकरी कराने के लिए विज्ञप्ति जारी की। इसको पढ़कर प्रार्थी राजेन्द्र प्रसाद योगी ने फोन कर सम्पर्क किया। प्रार्थी ने उक्त लोगों के झांसे में आकर 2011-12 के लिए आईटीआई, जीएनएम, ग्रुप डी के विभिन्न कोर्सों के लिए दस से साठ हजार रुपए की नकदी दी।

इस दौरान लोगों ने दसवीं, बारहवीं की मार्कशीट जमा कर दी और प्रार्थी को रसीद दे दी। उन लोगों ने फर्जी तरीके से बेरोजगार से लाखों रुपए हड़प लिए। प्रार्थियों ने उक्त लोगों से परीक्षा दिलाने के लिए कहा तो वे निरंतर झांसे देते आ रहे हैं। वापस पैसे मांगने पर राजेन्द्र प्रसाद योगी ने 6 सितम्बर 2022 को प्रार्थी के विरुद्ध चौथकाबरवाड़ा थाने में झूठी शिकायत दर्ज करवा दी। प्रार्थी व अन्य लोग महाराज पैरामेडिकल एण्ड नर्सिंग इंस्टीट्यूट ऑफिस पहुंचे और परीक्षा दिलाने के लिए कहा तो वहां मौजूद लोगों ने उनको धक्के मारकर बाहर निकाल दिया। करीब दस जनों ने रसीद के अलावा अलग से छह लाख रुपए एक सौ रुपए के स्टॉप पर रसीद के रूप में दिए। इसके बाद पुलिस ने छह जनों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। अनुसंधान के बाद प्रार्थना पत्र न्यायालय में पेश किया। प्रकरण में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी राजेन्द्र पुत्र कैलाश निवासी कुण्डली नदी, अशोक कुमार पुत्र रामनरेश निवासी दिवाड़ा, बलाराज पुत्र रामहंस निासी जोड़ली, जलसिंह पुत्र रामकेश निवासी नारायणपुर टटवाड़ा, उत्तमसिंह पुत्र हरिसिंह निवासी भौलनपुर व जीतराम पुत्र श्रीराम निवासी खेड़ला की झौंपड़ी(करौली) को धारा 420 में तीन-तीन वर्ष का साधारण कारावास एवं पांच-पांच हजार रुपए अर्थदंड, धारा 406 में दो-दो वर्ष का साधारण कारावास एवं तीन-तीन हजार रुपए, धारा 467 आईपीसी में तीन-तीन वर्ष का साधारण कारावास एवं तीन-तीन हजार रुपए के अर्थदंड, धारा 468 आईपीसी में तीन-तीन वर्ष का साधारण कारवास एवं पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड, 471 आईपीसी में तीन-तीन वर्ष का साधारण कारावास एवं पांच-पांच हजार रुपए का अर्थदंड, धारा 120बी आईपीसी में तीन-तीन वर्ष का साधारण कारवास एवं तीन-तीन हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## रणथंभौर : टिकट नहीं मिलने का मामला, 150 से अधिक पर्यटक निराश लौटे बिफरे पर्यटक, विंडो बंद कर भागे कर्मचारी

राकेश शर्मा



**सवाईमाधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** रणथम्भौर में वर्तमान में पर्यटन सीजन पीक पर है। बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक पार्क भ्रमण के लिए आ रहे हैं। रणथम्भौर बाघ परियोजना में शनिवार को वीकेण्ड होने के कारण पर्यटकों की आवक में अधिक वृद्धि देखी गई। ऐसे में आवासन मण्डल मार्ग स्थित वन विभाग के बुकिंग कार्यालय पर पर्यटकों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान वन विभाग का टिकट का कोटा फुल हो जाने के कारण करीब 150 पर्यटकों को पार्क भ्रमण पर जाने के लिए टिकट ही नहीं मिल सके। ऐसे में बड़ी संख्या में पर्यटक निराश होकर लौट गए। वनविभाग से मिली जानकारी के अनुसार रणथम्भौर में पर्यटकों की आवक अधिक होने के कारण आवासन मण्डल मार्ग स्थित वन विभाग की बुकिंग विण्डो पर करंट ऑनलाइन में टिकट के लिए पर्यटकों की लम्बी कतार लग गई। आलम यह था कि विण्डो के बाहर करीब पांच सौ से अधिक पर्यटक टिकट के लिए कतार में लगे थे। इस दौरान टिकट पूरे होने पर पर्यटक बिफरने लगे तो कर्मचारी विंडो बंदकर भाग गए। हालांकि पर्यटकों की आवक अधिक होने के कारण वीआइपी कोटे में आरक्षित पांच पर्यटन वाहनों में भी जिप्सी की संख्या को घटाकर कैंटरों की संख्या में इजाफा किया गया था, लेकिन इसके बाद भी वन विभाग की ओर से सभी पर्यटकों को पार्क भ्रमण पर नहीं भेजा जा सका।

**पर्यटन सीजन में हर बार निराश लौटते हैं पर्यटक :** रणथम्भौर में टिकट नहीं मिलने पर पर्यटकों के परेशान होने का यह कोई पहला मामला नहीं हैं। इससे पहले भी इस प्रकार के कई बार मामले सामने आ चुके है। जब से 2016 से रणथम्भौर की बुकिंग को पूरी तरह से ऑनलाइन किया गया है, तब से एनटीसीए की ओर से जारी की गई वाहनों की लिमिट के कारण कई बार पर्यटक पार्क भ्रमण पर जाने से वंचित रहना पड़ता है। ऐसे में पर्यटक यहां आकर परेशान रहते हैं।

### इनका कहना

शनिवार को वीकेंड होने के कारण पर्यटक बड़ी मात्रा में आए थे इसको देखते हुए कैंटरों की कुछ व्यवस्था अतिरिक्त की गई थी, लेकिन कुछ पर्यटक नहीं जा पाए थे! ऐसे में कुछ एक पर्यटकों ने हंगामा किया था, लेकिन समझा इसके बाद मामला शांत हो गया था।

**प्रमोद कुमार धाकड़,**
**उपवन संरक्षक ( पर्यटन )**
**बाघ परियोजना रणथंबोर**

## निवाई से सैकड़ों श्रद्धालु जयपुर में आयोजित कथा में हुए शामिल

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** विश्व मंगलम सेवा संस्थान शाखा निवाई के तत्वावधान में रविवार को जयपुर में आयोजित राम जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए देवी देवताओं के जयकारे लगाते हुए जयपुर कूच किया। संस्थान के अध्यक्ष लल्लूलाल गुप्ता ने बताया कि विश्व मंगलम सेवा संस्थान जयपुर के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम कथा में संत मदनमोहन महाराज द्वारा भागवत कथा पर वैदिक, दर्शन शास्त्र, आध्यात्मिक, पौराणिक, गीता, रामचरित मानस और उपनिषदों के तर्कों पर विशेष प्रवचन सुने। वैदिक प्रचलन माला कार्यक्रम में निवाई से करीब 56 श्रद्धालुओं का जत्था रविवार को बस से रामधुनी करते हुए कथास्थल खण्डेलवाल भवन मानसरोवर जयपुर पहुंचा। जहां श्रद्धालुओं ने मदनमोहन महाराज के दर्शन कर श्रीरामचरित मानस ग्रंथ की विशेष पूजा अर्चना की। इसके बाद राम जन्मोत्सव पर टॉफियां, खिलौने, चिप्स के पैकेट सहित विभिन्न प्रकार की वस्तुएं उछाल के रुप में वितरित की। जन्मोत्सव में भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।

विश्व मंगलम सेवा संस्थान शाखा निवाई द्वारा मदनमोहन महाराज का संत परम्परा के अनुसार विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नवलकिशोर, कैलाश रामका, रामफूल शर्मा, मुकेश टोडवाल, महेश दरगड, रवि अग्रवाल, शिवदयाल सोनी, रामकृष्ण लाछड, सर्वेश द्विवेदी, ओम विजय, राजकुमार, दीनदयाल शर्मा, नरेश पराणा, महेश तिवाडी, अशोक कोलाडा व रोहित टोडवाल सहित कई श्रद्धालु शामिल थे।

## स्टॉक की अनुमति रद्द, बंद हुआ बजरी का परिवहन, स्टाक पूरी तरह नहीं हुआ बंद

### चौथ का बरवाड़ा, सोलपुर जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़क



राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** समीपवर्ती चौथकाबरवाड़ा क्षेत्र के सोलपुर गांव में बजरी के स्टॉक की अनुमति रद्द होने के बाद कस्बे में बजरी का परिवहन बंद नजर आया। इस दौरान ग्रामीणों को भी राहत मिली। साथ ही सड़कों पर जाम की समस्या भी नजर नहीं आई।

गौरतलब है कि सवाईमाधोपुर जिले में लीज नहीं होने के बावजूद बड़ी मात्रा में चौथकाबरवाड़ा तहसील के सोलपुर गांव की बनास क्षेत्र से बजरी का अवैध खनन कर ईसरदा होकर परिवहन किया जा रहा है। इस मामले को लेकर नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को आंदोलन किया तो प्रशासन हरकत में आया और यहां स्टॉक की अनुमति को रद्द किया। ग्रामीणों ने बताया कि अनुमति रद्द होने से बजरी का परिवहन तो बंद हो गया है। अब प्रशासन को क्षतिग्रस्त सड़कों की सुध लेनी चाहिए।

**बजरी के परिवहन से सड़कों पर हो रहे गहरे गड्ढे :** ओवरलोड वाहनों से क्षेत्र की पूरी सड़कें गड्ढों में तब्दील हो रही है। इससे वाहन चालकों तथा लोगों को आवाजाई में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बजरी का परिवहन तो बंद हुआ है। अब प्रशासनिक अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कें भी ठीक कराने की कवायद भी शुरू करनी चाहिए। ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### इनका कहना

अनुमति रद्द होने से बजरी परिवहन पर असर पड़ा है, लेकिन ठेकेदार ने अभी स्थाई रूप से स्टॉक करना बंद नहीं किया है।

इसे बंद करना जरूरी है, तब ही इस अनुमति रद्द करने का फायदा मिलेगा।

**पुखराज गुर्जर**
**सरपंच, ईसरदा**

## कुट वाले बालाजी के शनिवार रात्रि को होगी भजन संध्या

बढ़ता राजस्थान



**पीपलू ( नि.स. )।** कुट वाले बालाजी के मंदिर पर शनिवार रात्रि में बालाजी मण्डल समिति द्वारा कार्तिक माह महोत्सव के चलते भजन संध्या आयोजित हुआ। भजन संध्या में रात भर श्रोता राम भक्त हनुमान के भजनों पर झूमते नजर आए। गायक पवन सेन ने गणेश वन्दना से भजन कीर्तन की शुरुआत की। गायक सत्यनारायण अजमेरा, गोविन्द नारायण योगी, राधेश्याम, कमल लक्षकार व नोरतमल जांगिड ने बजरंग बालाजी व माता रानी सहित कई मनोरम भजनों की प्रसुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया। भजन संध्या में ढोलक कन्हैयालाल वैष्णव बजा रहे थे। इस अवसर पर बालाजी मण्डल के पवन, सन्मति, नितेश, हनुमान, विनोद, चंद्रप्रकाश, जितू, रवि, शंकर, मंदिर पुजारी राधेश्याम वैष्णव, गोपाल गर्ग, कृष्ण कुमार जांगिड, सीताराम, रामदेव, नानगराम, ओमप्रकाश, भंवरलाल, जितेंद्र, नरेंद्र, सुसील व भागचंद सहित श्रदालु मौजूद रहे।

## नरेश मीणा को फिर से 14 दिन की जेल

### पूछताछ के लिए प्रोडक्शन वारंट पर हुई गिरफ्तारी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** समरावता गांव में हुए बवाल को लेकर गिरफ्तार किए गए निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ कर रविवार को फिर वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से देवली कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे 14 दिन के लिए फिर से जेल भेजने के आदेश दिए है। ज्ञात रहे कि 13 नवंबर को मतदान के दिन निर्दलीय नरेश मीणा ने मतदान बहिष्कार के बावजूद 3 लोगों के जबरन वोट दिलाने के मामले को लेकर स्ष्टरूअमित चौधरी को थप्पड़ मार दी थी। उसके बार फिर वह धरने पर जा बैठा। उसी रात करीब पौने 10 बजे पुलिस ने नरेश को अपने कब्जे में लिया। इसको लेकर पुलिस और नरेश समर्थक आमने-सामने हो गए। नरेश पुलिस से छूटकर फिर धरने पर आ गया। उसके बाद फिर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दी। हवाई फायर की। आंसू गैस के गोले छोड़े। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने घरों में घुसकर लोगों को बेरहमी से मारा। इसमें सैकड़ों लोग घायल हो गए। इस बीच नरेश मीणा को लोग धरना स्थल से उठाकर अन्य जगह ले गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रात को ही 50 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। दूसरे दिन 14 नवंबर को सुबह करीब सवा 9 बजे नरेश मीणा अचानक समरावता गांव पहुंचा और लोगों से घर—घर जाकर मिला तो लोगों ने कहा कि आप घबराए नहीं, पूरा गांव आपके साथ है। फिर वह धरना स्थल आया। यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि जिनका नुकसान हुआ है, मैं उसकी भरपाई करूंगा, चाहे मेरे खेत बिक जाए, भीख मांगनी पड़े। बाद में पुलिस ने गांव पहुंच कर नरेश को गिरफ्तार कर लिया। 15 नवंबर को नरेश मीणा वीसी के माध्यम से और 52 अन्य आरोपियों को प्रत्यक्ष रूप से निवाई कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया। नरेश मीणा पर चार मुकदमे लगाए गए। इन मुकदमों में पूछताछ के लिए शनिवार शाम को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। जहां उसे पूछताछ कर रविवार शाम करीब पौने पांच बजे वीसी के माध्यम से देवली कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे फिर से 14 दिन के लिए जेल भेजनें के आदेश जारी किए हैं। अब नरेश मीणा को शिफ्ट करने की कार्रवाई की जा रही है।

## नाबालिग मास्टरमाइंड निरुद्ध : 26 वारदातों का खुलासा, 6 बाइक बरामद

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** मेहंदवास थाना पुलिस ने टोंक जिले के समीपवर्ती पांच जिलों की दो दर्जन से अधिक चोरी, लूट, नकबजनी का पर्दाफाश किया है। आरोपी को निरुद्ध कर उसके कब्जे से चुराई गई छह बाइक भी जब्त की हैं। 26 चोरियों में करीब छह चोरियां जिले की हैं तथा बाकी वारदात चार जिलों में करना कबूला है।

पुलिस के अनुसार तीन नवंबर को परिवादी आरिफ खान निवासी सोनवा ने रिपोर्ट पेश की थी। उसमें बताया गया कि दो नवंबर की रात फरियादी के घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। एसपी विकास सांगवान ने लगातर हो रही लूट व नकबजनी की वारदातों की रोकथाम व उनके खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक ब्रजेन्द्र सिंह भाटी के निर्देशन में वृताधिकारी वृत्त टोंक राजेश विधार्थी के सुपरविजन में थानाधिकारी थाना मेहन्दवास के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। इस टीम में साइबर सेल ने अहम भूमिका निभाते हुए इसका पर्दाफाश करते हुए आज एक नाबालिग बालक को निरुद्ध किया। उसने 26 चोरी की वारदात करना कबूल किया है।

## राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में तनुश्री राजस्थान का करेगी नेतृत्व

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हनौतिया बुजर्ग की छात्रा तनुश्री मीणा का राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में चयन हुआ है। शारीरिक शिक्षक मुकेश बोहरा ने बताया कि 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत बास्केटबॉल 19 वर्ष छात्र-छात्रा प्रतियोगिता 20 से 26 नवम्बर तक पटियाला (पंजाब) में आयोजित होगी जिसमें हनौतिया बुजर्ग की छात्रा तनुश्री मीणा राजस्थान का नेतृत्व करेगी।

## जांगिड़ समाज की बैठक संपन्न

## मंदिर शिखर निर्माण को लेकर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में जांगिड़ समाज की तहसील सभा एवं विकास समिति की संयुक्त बैठक तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़ एवं विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। समिति सचिव मनीष बहकवा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से छात्रावास में 6 दुकानों के निर्माण को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। तीन किराएदारों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए और अमानत राशि जमा करवाई। इस दौरान ठेकेदार पप्पू कुमावत ने मंदिर के शिखर निर्माण में आने वाली लागत का एस्टीमेट बना कर पेश किया और शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दिनेश कुंडा, सुरेश सिरोही, रामविलास चैनपुरा, मुकेश किवाड़ा, रमेश जांगिड़, शंभू जूवाड, श्योजी राम, शंकर खंडवा व प्रेम प्रकाश सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### आईएमए यूफोरिया-2024 में एथलेटिक्स में बड़ी संख्या में डॉक्टर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

# क्रिकेट लीग का फाइनल मैच 18 नवंबर को एलआईईटी कॉलेज ग्राउंड पर गवर्नमेंट ग्लेडिएटर्स व प्राइवेट ब्लास्टर्स के बीच खेला जाएगा

## 70 प्लस की 400 मीटर वॉक प्रतियोगिता में प्रथम. डॉ.सुरेन्द्र जैन, दूसरे. डॉ.एसपी यादव तीसरे. डॉ.केसी गुप्ता

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आई एम ए अलवर के गेम्स आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि आईएमएण् यूफोरिया 2024 ऐथेलेटिक्स गेम्स का आयोजन राजषि महाविधालय में रविवार को प्रात: 06:30 बजे किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका एवं रिटायर्ड इनकम टैक्स ऑफिसर विशन कालरा जी एवं प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डॉ. दिनेश सूद कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारें। प्रतियोगिता के इवेंट इंचार्ज डॉ.राजवीर चौधरी, डॉ. मिथलेश गर्ग, डॉ.सुनीता अग्रवालए डॉ.योगेश चौधरी भी उपस्थित रहे।आइएमए यूफोरिया 2024 गेम्स के कार्यक्रम संयोजक गिरीश गुप्ता ने बताया कि बच्चो की प्रतियोगितो में डिटेल निम्न रही :- 100 मीटर अंडर 10 गर्ल्स में प्रथम जैनशी, दूसरे स्थान पर प्रीशा, तीसरे स्थान पर कावी रही। 200 मीटर 10 गर्ल्स में प्रथम स्थान पर ग्रिसका, दूसरे स्थान पर जैनिशी तीसरे स्थान पर प्रीशा रही । 100 मीटर अंडर 13 गर्ल्स में प्रथम निविशा, दूसरे स्थान पर रूही, तीसरे स्थान पर आध्या रही। 100 मीटर 10-13 गर्ल्स में प्रथम स्थान पर आध्या, दूसरे स्थान पर अनिविता, तीसरे स्थान पर रेनुप्रिया रही 200 मीटर 13 गर्ल्स में प्रथम स्थान पर आध्या, दूसरे स्थान पर अनविता, तीसरे स्थान पर रेनुप्रिया रही। अंडर 13 इयर्स बॉयज में 100 मीटर दौड में प्रथम स्थान पर अयांश, दूसरे स्थान पर सुशंक, तीसरे स्थान पर अन्वय जैन रहे। अंडर 10 इयर्स बॉयज में 100 मीटर दौड में प्रथम स्थान पर नेवानशा गर्ग, दूसरे स्थान पर अर्थव गुप्ता, तीसरे स्थान पर कानव गुप्ता रहे।

सीनियर सिटीजन्स 70 प्लस की 400 मीटर वॉक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर डॉ. सुरेन्द्र जैन, दूसरे स्थान पर डॉ. एसपी यादव तथा तीसरे स्थान पर डॉ. केसी गुप्ता रहे । 55 जेन्ट्स 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर डॉ.विजय पल यादव, दूसरे स्थान पर डॉ.अनिल गुप्ता, तीसरे स्थान पर डॉ. बिजेन्द्र गर्ग रहे ।45 जेंट्स 400 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पर डॉ. राकेश, दूसरे स्थान पर डॉ. पंकज शर्मा, तीसरे स्थान पर डॉ. प्रवीण रहे। 35-45 वर्ष विमेंस की 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर डॉ.ऋचा गुप्ता, दूसरे स्थान पर डॉ. कविता, तीसरे स्थान पर डॉ. संगीता रही। 55-65 वर्ष जेंट्स में 200 मीटर की दौड में प्रथम स्थान डॉ. तेजेन्द्र मालिक, दूसरे स्थान पर डॉ.अनिल गुप्ता, तीसरे स्थान पर डॉ.विजय पाल यादव

क्रिकेट प्रतियोगिता तीसरे दिन का रिजल्ट:-17 नवम्बर 2024 को आई एम ए अलवर यूफोरिया 2024 क्रिकेट लीग में गवर्नमेंट ग्लेडिएटर्स कि टीम ने कांटे के मैच में प्राइवेट ब्लास्टर्स टीम को 7 रन से परास्त कर ग्रुप स्टेज टॉप कर फाइनल में जगह बनाई। गवर्नमेंट ग्लेडिएटर्स ने पहले खेलते हुए 4 विकेट खोकर 170 रन बनाए। गवर्नमेंट ग्लेडिएटर्स कि तरफ से डॉक्टर नीरज रमन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 58 रन और डॉ जितेन्द्र गुप्ता ने 45 रन बनाए। प्राइवेट ब्लास्टर्स की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए कुल 163 रन बना पाई। प्राइवेट ब्लास्टर्स की टीम की तरफ से डॉ लवेश गुप्ता ने 58 रन बनाए। गवर्नमेंट ग्लेडिएटर्स कि तरफ से ने डॉ अमित मित्तल ने शानदार बोलिंग करते हुए कुल 3 विकेटए डॉ अजय मीणा ने 2 और डॉ तरुण धाभाई ने 2 विकेट लिए। मैच में डॉ अमित मित्तल मैन ऑफ द मैच, डॉ नीरज रमन बेस्ट बैट्समैन और डॉ अमित मित्तल बेस्ट बॉलर रहे। 17 नवम्बर को हुए दूसरे मैच में अरावली अवेंजर्स की टीम ने ई एस आई ईगल्स टीम को 41 रन से हराया। अरावली अवेंजर्स की टीम ने पहले खेलते हुए 5 विकेट खोकर 185 रन बनाए। अरावली अवेंजर्स की टीम की तरफ से डॉ संदीप यादव ने 60 और डॉ जावेद खान ने 53 रन बनाए। ई एस आई ईगल्स टीम ने लक्ष्य का पीछा कटे हुए 144 रन बनाए ।

ई एस आई ईगल्स की तरफ से डॉ लोकेश जांगिड़ ने सर्वाधिक 48 रन बनाए। अरावली अवेंजर्स के बॉलर डॉ प्रदीप सैनी ने शानदार बोलिंग



करते हुए 4 विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच रहे। आई एम ए अलवर यूफोरिया 2024 क्रिकेट लीग का फाइनल मैच कल 18 नवंबर को एल आई ई टी कॉलेज ग्राउंड पर गवर्नमेंट ग्लेडिएटर्स और प्राइवेट ब्लास्टर्स के बीच खेला जाएगा। योगा प्रतियोगिता का आयोजन 18 नवम्बर को प्रात: 06:30 बजे से जय कृष्णा क्लब में आयोजित की जायेगी जिसकी इवेंट इंचार्ज डॉ.उत्तरा अग्रवाल एवं हिना गुप्ता होंगी।

# खेल को खेल की भावना से खेला इसके लिए सभी टीमों को साधुवाद : मीणा

## हैण्डबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में मत्स्य पीजी कॉलेज एवं महिला वर्ग में राजकीय गर्ल्स कॉलेज लक्ष्मणगढ़ ने जीती चैम्पियनशिप

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगरपालिका क्षेत्र स्थित मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन परिसर में हैण्डबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन के सूचना एवं प्रशारण प्रभारी धर्मेन्द्र सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में मत्स्य पीजी कॉलेज बानसूर और जैन आदिनाथ महाविद्यालय अलवर के बीच फाईनल मुकाबला हुआ। जिसमें मत्स्य पीजी कॉलेज बानसूर विजेता रही,जैन आदिनाथ महाविद्यालय अलवर की टीम उपविजेता रही।वहीं महिला वर्ग हैण्डबॉल प्रतियोगिता में राजकीय गर्ल्स कॉलेज लक्ष्मणगढ़ और गौरी देवी महाविद्यालय अलवर में फाईनल मुकाबला हुआ जिसमें



राजकीय गर्ल्स कॉलेज लक्ष्मणगढ़ विजेता तथा गौरी देवी कॉलेज उप विजेता रही। इस मौके बोलते हुए मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन की निदेशक अंजू जयसिंह मीणा ने कहा कि सभी टीमों ने खेल को खेल की भावना से खेला इसके लिए सभी टीम प्रभारियों एवं खिलाड़ियों को साधुवाद।आप खेल को इसी तरह खेलें जैसे आपने इस प्रतियोगिता में खेलकर एक अच्छे खिलाड़ी होने का सन्देश दिया।इस मौके पर प्रतिभागी टीमों में से विजेता एवं उप विजेता टीमों को मैडल पहनाकर निदेशक अंजू जयसिंह मीणा ने ट्राफी का पुरुस्कार दिया। संस्था के मानद सचिव इंजिनियर जयसिंह मीणा ने उपस्थित टीम प्रभारियों एवं अतिथियों का माला साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।इस मौके पर समस्त टीमों के प्रभारी, खिलाड़ियों एवं अतिथियों सहित मत्स्य ग्रुप एजूकेशन का स्टॉफ मौजूद रहा।

# 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ रविवार को पूर्णाहुति के साथ समपन्न

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गांव बावेन तहसील कुम्हेर जिला डीग राजस्थान में दिनांक 14 नवम्बर से चल रहे 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ रविवार को पूर्णाहुति के साथ ही समपन्न हुआ। रविवार को अंतिम दिन भी भारी संख्या में आस पास के सभी गांवों के लगभग 3000 याजकों न केवल चार पारियों में यज्ञ में आहुतियां समर्पित कीं बल्कि 250 परिजनों ने गायत्री मंत्र की गुरु दीक्षा ली, विभिन्न संस्कार समपन्न कराये। भंडारे में 5 से 6 हजार परिजनों ने खीर मालपुआ का महाप्रसाद भी ग्रहण किया। 16 नवम्बर को सायंकाल 7 बजे यज्ञशाला में 5100 दीपक प्रज्वलित कर भव्य दीप यज्ञ का आयोजन हुआ। सैकड़ों महिलायें अपने अपने घरों से 5-5 दीपक थालियों में जलाकर दीप यज्ञ में पहुंची और बहुत ही श्रध्दा से आरत भाव से आरती की। यज्ञशाला में दीपकों द्वारा स्वस्तिक, ऊँ भूर्भुव: उकेरा



गया। सुबह यज्ञ के समय देवमंच पर पहुँच कर गंज खेरली तहसील कठूमर जिला अलवर के गायत्री परिजन शेर सिंह गुर्जरए हरिप्रसाद यादव, सियाराम गुर्जर आदि ने वरिष्ठतम गायत्री कार्यकर्ता श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में निकट भविष्य में खेरली गंज में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित कराने का संकल्प लिया। शान्तिकुंज हरिद्वार से पधारी टोली के नायक प्रमोद वार्चेय जी ने संकल्प कराया, संकल्प सूत्र बांधा तथा बावेन यज्ञ के संयोजक सुरेश पाराशर तथा अलवर, डीग, भरतपुर, कठूमर, हिण्डौन के वरिष्ठ गायत्री परिजनों ने तिलक लगाकर कर खेरली के परिजनों का सम्मान किया। अगला 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 28 अप्रैल से 1 मई 2025 तक नगर जिला डीग में होने घोषणा की गई। कलश यात्रा को डीग. कुम्हेर के विधायक डा.शैलेश सिंह तथा कुम्हेर पंचायत समिति की प्रधान सुश्री रश्मि फौजदार ने झंडी दिखाकर रवाना किया,यात्रा में चल रहे ज्योति कलश रथ पर कलशपूजन किया आरती उतारी। सुश्री रश्मि फौजदार स्वयं शक्ति कलश धारण कर मंगल कलश यात्रा में चलीं। यज्ञशाला निर्माण एवं यज्ञशाला में व्यवस्था की जिम्मेदारी वरिष्ठ गायत्री परिजन इंजीनियर ज्ञानेंद्र शर्मा तथा अलवर जिले के पूर्व जिला संयोजक चरण सिंह चौधरी के नेतृत्व में अलवर के परिजनों ने बखूबी निभाई। अलवर, भरतपुर, डीग, कुम्हेर, नदबई, नगर, हिण्डौन, खेरली, हलैना, कठूमर आदि आस पास के सभी गायत्री कार्यकर्ताओं ने तो यज्ञायोजन में कार्य किया ही लेकिन गांव बावेन के भाई बहनों का विशेषकर युवाओं का उत्साह,समर्पण और कार्यक्षमता अत्यंत सराहनीय रहा। प्रेम सिंह प्रजापति, सहदेव, जगदीश, जगवीर, लालसिंह, कलुआ, श्यामलाल, मुन्नीलाल, खूबी राम, केशव, कैलाश, कन्हैया लाल आदि सहित सभी बावेन निवासियों ने तन- मन धन से सहयोग किया।

# परमात्मा को जीवन में शामिल करने से होता है मानवीय गुणों का विस्तार : निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

## सौहार्द एवं भाईचारे की दिव्य झलक बिखेरता 77 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** परमात्मा जानने योग्य है, इसे जानकर जब हम इसे अपने जीवन का आधार में बना लेते हैं तब सहज रूप में हमारे जीवन में मानवीय गुणों का विस्तार होता चला जाता है। उपरोक्त उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा 77वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के प्रथम दिवस पर मानव हित में संबोधित किए गये। इस तीन.दिवसीय संत समागम में केवल भारतवर्ष से ही नहीं अपितु विश्वभर के अनेक स्थानों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर समागम का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे हैं। इसमें अलवर से गए सैंकड़ो भक्त भी शामिल हुए हैं। माता जी ने विशाल सत्संग के रूप में एकत्रित सभी संतो को सम्बोधित करते हुए फरमाया कि वास्तविक रूप में असीम की ओर.विस्तार यह एक अंदर से बाहर की दिव्य यात्रा है। अक्सर मनों में तनाव तथा दिल और दिमाग के तालमेल की बात आती है। वास्तव में मन और मस्तिष्क दोनों ही साथ है परन्तु कभी मन कुछ ओर चाहता है और मस्तिष्क कुछ और सोचता है। लेकिन जब हम इस परमात्मा संग जुड़ जाते हैं तब मन में स्थिरता आ जाती है और अपनत्व का भाव उत्पन्न हो जाता है फिर मन विशाल बन जाता है। अंत में सतगुरु माता जी ने अपने प्रवचनों में कहा कि युगों.युगों से संतोंए पीरों ने यही सन्देश दिया कि हमें अपनी आध्यात्मिक यात्रा करते हुए मानवता के काम ही आना है। परमात्मा द्वारा प्रदान की हुई चीजें एवं इन्सानों ने भी जो आविष्कार किए हैं, उनका सदुपयोग करते हुए इस धरा को ओर अधिक सुंदर बनाना है।

इस वर्ष का समागम शीर्षक विस्तार-असीम की ओर है, जिस पर आधारित निरंकारी प्रदर्शनी सभी संतों के लिए




मुख्य आर्कषण का केन्द्र बनी हुई है। निरंकारी संत समागम पर भक्ति और भाईचारे की भावना से सराबोर अन्य पहलु आपके साथ आने वाले दिनों में सांझा किए जायेंगे।

# विधायक ने रात्रि चौपाल में की जनसुनवाई

## लोगों ने समस्यायें बता की समाधान की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** स्थानीय विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने शनिवार रात्रि को विधानसभा क्षेत्र के गाँव बरौदा में रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याऐं सुनी। ग्रामीण महिलाओं ने विधायक बनावत की गीत गाकर अगुवानी की औरअभिनन्दन किया। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन की अधूरी पाईपलाईन को डलवाए जाने व जिन गलियों में पाईपलाईन डल गई है, उनमें क्षतिग्रहत रास्तों का निर्माण कराए जाने की माँग की। ग्रामीणों की ओर से सादपुरा गाँव की ओर जाने वाले रास्ते के अधुरे निर्माण कार्य को सार्वजनिक निर्माण विभाग से कार्य पूर्ण कराने, कँजौली वाले रास्ते का मनरेगा से



निर्माण कराये जाने की माँग रखी। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने कृषि फार्म के लिए बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने की माँग की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बयाना विधायक डॉ. बनावत ने कहा कि क्षेत्र में आधारभूत ढाँचागत विकास के काम कराए जा रहे है। उनके पूरा होने के बाद बिजली, पानी और चिकित्सा को लेकर सुविधाऐं मिल सकेंगी। सभी समस्याओं का चरणबद्ध रूप से समाधान कराया जाएगा। ग्रामीण महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर गीत गाते हुए विधायक का अभिनन्दन किया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ऋषि बंसल, हंसा बरौदा, अमरसिंह, पदमसिंह, प्रवेश, शिवराम, कुवरपाल, सुरेश, भगवत ,भूपालसिंह, हरिओम, राहुल कुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# बेटीयों को घोड़ी पर बैठा बिंदोरी निकालकर महिला सशक्तिकरण व भेदभाव मिटाने का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** शिक्षा के प्रसार का ही असर है कि समाज में जन जागृति व समानता की भावना का संचार बेटा बेटी एक समान के रूप में दिखाई दे रहा है। समानता व महिला सशक्तिकरण हेतु बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ ऐसी ही एक अभिनव पहल निकटवर्ती ग्राम फतेहपुरा कलां में हरीराम पहलवान द्वारा अपनी सुपोत्रीयों को घोड़ी पर बैठा कर बिंदोरी निकालते हुए दिया। उन्होंने कहा कि बेटीयां न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र में बल्कि इंजीनियरिंग, चिकित्सा, शिक्षा,कला, व्यापार, राजनीति, पत्रकारिता, सेना, फौज पुलिस सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। जिसे देखकर घोड़ी पर होकर सवार, चला है दुल्हा यार वाले परंपरागत गाने की जगह अब बेटी होकर घौड़े पर सवार, लक्ष्य मन में है तैयार वाला संकल्प गान दिखाई दे रहा है, जो एक विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए सकारात्मक संकेत है। पूर्व समाज अध्यक्ष गिरधारीलाल गुरूजी व प्रवक्ता रामकरण यादव सहित गांव के प्रबुद्धजनों व



महिलाओं ने कहा कि बेटी और बेटे में कोई फर्क नहीं होना चाहिए। अब रुढ़िवादी परंपराओं को जनता धीरे धीरे नकारने लगी है। परिणामस्वरूप जिला कोटपूतली-बहरोड़ के लिंगानुपात में भी सुधार दिखाई दे रहा है। बेटीयां जीवन का आधार होती हैं, भारत का भविष्य होती हैं। बालिकाओं को हरसंभव संबल व शक्ति प्रदान कर राष्ट्र विकास की मुख्य धारा में शामिल करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

# महिलाऐ निसंकोच होकर अपनी पीड़ा व शिकायत पुलिस थाने दें अपनी समस्याओ को महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर बताऐ

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** भरतपुर की सामाजिक संस्था एस के शिक्षण संस्थान की ओर से पुलिस कोतवाली बयाना में चल रही महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र और आंगनबाडी केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय माध्यमिक विधालय हरनगर में एक दिवसीय विधिक कार्यशाला का आयोजन विधि कांउसलर अनीता सैन एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यशाला में महिला और बालिकाओ को विभिन्न नये कानूनो की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। विधि काउंसलर अनीता सैन एडवोकेट एवं सामाजिक कार्यकर्ता राधा धाकड ने बताया कि महिलाओ और बालिकाओ को इस शिविर के माध्यम से पॉस्को एक्ट, साइबर क्राइम और बाल विवाह को लेकर जागरूक करते हुऐ विभिन्न कानून की जानकारियां दी। विधि काउंस्टर ने बताया कि पुलिस कोतवाली में एनजीओ एस के शिक्षण संस्थान की ओर से महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र चलाया जा रहा हैं। जहां महिलाऐ और बालिकाओ पर होने वाले घरेलू हिंसा अपराध और महिलाओ की सुरक्षा को लेकर उनकी सुनवाई किये जाने का कार्य किया जाता हैं क्योकि पुलिस थानो मे तैनात पुरूष पुलिस अधिकारियो को महिलाऐ और बालिकाऐ उनके उपर होने वाले आत्यायार और अपराधो की जानकारी पूरी तरह देने में झिझकती है।

इसलिऐ महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर अपनी पूरी समस्याऐ महिला विधि कांउसलर और सामाजिक कार्यकर्ता को अपनी पीडा और समस्या बताकर उसका समाधान कराया जाता है। उन्होने बताया कि महिलाओ और बालिकाओ पर होने वाले आत्याचार और अपराधो को कई बार महिलाऐ पुरूष पुलिस अधिकारियो को नही बता पाते है। ऐसे में अब महिलाओ को किसी



भी प्रकार के भय डर और निसंकोष रूप में अपनी समस्याऐ बताऐ। उनकी समस्याओ का तुरन्त निस्तारण किया जाऐगा। इसको लेकर विधि कांउसलर ने अपने मोबाइल नम्बर भी महिलाओ को उपलब्ध कराये। इस अवसर पर आंगनबाडी की साथिन गिरजेश धाकड आदि भी मौजूद रही।



# बूंदी महोत्सव में शिरकत करने के लिए जादूगर दयानंद ने शहरवासियों को दिया आमंत्रण

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी( नि.स. )।** महोत्सव के एक दिन पूर्व भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटेक की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कलाकार जादूगर दयानंद ने शहर के प्रमुख मार्गों पर आंखों पर पट्टी बांधकर मोटरसाइकिल चला कर शहरवासियों को बूंदी महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। जिला कलक्ट्रेट परिसर से जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ,पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा ने हरी झंडी दिखाकर कलाकार की मोटर साइकिल को रवाना किया। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने हाडौती के पर्यटन पर्व बूंदी महोत्सव-2024 में आमजन से अधिकाधिक संख्या में शिरकत करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि 18 से 20 तक बूंदी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के कार्यक्रमों में सभी बढचढ कर परिवारजनों और मित्रों के साथ पारम्परिक वेशभूषा में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं। इंटेक संयोजक राजकुमार दाधीच ने बताया कि दयानंद ने कॉलेज चौराहा, नैनवा रोड मालन मासी बालाजी, मीरां गेट, ठठेरा बाजार, सदर बाजार, गढ़ की पडस, चौहान दरवाजा, सब्जी मंडी रोड, रानी जी की बावड़ी, कोटा रोड आदि स्थानों पर शहर में बूंदी उत्सव को लेकर जन जागरण किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, उद्योग महाप्रबंधक संजय भारद्वाज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, जेपी त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# श्रमिकों के साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है : ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का स्वप्न देखा है। श्रमिकों को साथ लेकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का काम हम सभी को मिलकर करना है। यह बात ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने रविवार को कही। वे भारतीय मजदूर संघ के जिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ विश्व का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है। मैं भी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का प्रतिनिधित्व करता हूं। हमारी सरकार श्रमिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने का प्रयास कर रही है। विद्युत विभाग जन-जन से जुड़ा हुआ डिपार्टमेंट है। इससे हर वर्ग प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने उदय योजना के द्वारा विद्युत विभाग को कर्ज मुक्त कर दिया था। इसके बाद कांग्रेस की गहलोत सरकार को तकरीबन 2000 करोड़ का मुनाफा करके दिया था। इसके बावजूद 5 साल में 1 लाख करोड रुपए से अधिक का कर्ज लेकर विभाग को कर्ज में डुबो दिया गया। पिछले 5 सालों में ना कोई संयंत्र लगा, ना उत्पादन बढ़ा। सेंट्रलाइज्ड सिस्टम, बड़े टेंडर के साथ ही महंगी बिजली खरीद और भ्रष्टाचार से जेब भरने के कारण विभाग कर्ज में डूब गया। अब हमने सस्ती दर से बिजली खरीद की है। अगले 5 वर्षों में किसानों को दिन में बिना ट्रिपिंग के 6 घंटे निर्बाध बिजली देने का काम करेंगे। कार्यक्रम में जिला मंत्री चेतन गौड़, प्रदेश मंत्री कपिल मालव, संभाग संगठन मंत्री प्रशांत खरे, जिला अध्यक्ष अमित शर्मा, विजय सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।




**बिजली के निजीकरण का कोई प्रस्ताव नहीं :** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि राजस्थान में विद्युत विभाग में निजीकरण का कोई प्रस्ताव नहीं है। जीएसएस के उचित रखरखाव और ग्रामीण क्षेत्रों में हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के आधार पर बिजली उत्पादन और वितरण के लिए हेम योजना लाई गई है। 33 केवी जीएसएस के पास लोड का सोलर प्लांट लगाने से किसानों को दिन में बिजली मिल सकेगी। 7800 करोड़ की इस योजना को केंद्र और राज्य सरकार के बीच 60-40 में पूरा किया जाएगा। पूरे प्रॉजेक्ट में 30 हजार करोड़ की लागत आएगी। बिजली विभाग नॉन प्रॉफिट वाला डिपार्टमेंट है। इसलिए लोन लेना संभव नहीं है। निजी संस्था के लिए 7- 8 प्रतिशत में लोन लेना आसान है। ऐसे में निजी संस्था के माध्यम से 10 वर्षीय प्रोजेक्ट को पूरा करके गांवों में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली दी जाएगी।

### जीएसएस के हालात सुधारेंगे

श्री नागर ने कहा कि जीएसएस के उचित रखरखाव के लिए सरकार प्रयासरत है। जीएसएस पर कर्मचारी के सलेक्शन के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा। वहीं बायोमेट्रिक हाजिरी दिन में तीन बार फेस रीडिंग के माध्यम से कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना ऑनलाइन रिक्वेस्ट के शटडाउन नहीं देने का नियम बना रहे हैं। विद्युत तंत्र में सुधार और निर्बाध बिजली वितरण के लिए जनता के भी सुझाव ले रहे हैं।

# रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा मनाया गया दिवाली मिलन

## सफलतापूर्ण रही डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की अधिकारिक यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया वहीं इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की अधिकारिक यात्रा आयोजित कि गई, जो पूर्णतया सफल रही। क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि बसंत विहार स्थित क्लब भवन पर दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया, इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता ने क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरिक्षण किया एवं क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सराहना की एवं विशेष रूप से क्लब के वरिष्ठ सदस्य डॉ. एम एल अग्रवाल द्वारा हर मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता पर किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं धन्यवाद दिया। साथ ही क्लब द्वारा रखरखाव पर किए जा रहे पार्क का भी निरिक्षण किया एवं कहा कि इस तरह के सामाजिक सरोकार के कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाना चाहिए ताकी समाज को इस सेवा का लाभ मिल सके। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता ने अपने उद्बोधन में क्लब के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के लिए डिस्ट्रिक्ट कि ओर से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा किए जा रहे कार्य जहां एक और लोगों के लिए प्रेरणादायी है वहीं दूसरी और सराहनीय है। अध्यक्ष सुरेन्द्र गोयल ने कहा कि दिवाली मिलन समारोह के माध्यम से हमारी भारतीय संस्कृति और परम्परा को जीवंत रखने का प्रयास किया जा रहा है। वरिष्ठ सदस्य डॉ. एम एल अग्रवाल ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता एवं क्लब के वरिष्ठ सदस्य डॉ. एम एल अग्रवाल द्वारा भूतपूर्व अध्यक्षों, बोर्ड मेंबर्स एवं इंटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष, सचिव को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। एवं 28-29-30 मार्च को कोटा मुद्रा उत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर दो नए सदस्यों जितेन्द्र कुमार वाधवानी एवं कुलभूषण गोयल ने सदस्यता ग्रहण की जिनको राखी गुप्ता द्वारा रोटरी पिन दी गई एवं डॉ. एम एल अग्रवाल द्वारा शपथ दिलाई गई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पीडीजी प्रद्युम्न पाटनी ने भाग लिया एवं अपनी शुभकामनाएं दी।

असिस्टेंट गवर्नर ने अपने उद्बोधन में वर्ष 2025-26 की डिस्ट्रिक्ट की कार्यकारिणी में क्लब से चयनित सदस्यों डॉ. एम एल अग्रवाल, प्रदीप सिंह गौड, सुरेन्द्र अग्रवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अंत में सचिव गौरव द्वारा किए गए कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता,




पाटनी आमंत्रित सभी मेहमान रामगोपाल अग्रवाल, डॉ. अरुणा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, रोशनी दुबे, अनिल अग्रवाल,ओम साहनी, दीपक दुबे, चारु जैन, रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के मनीष बंसल, डॉ. प्रवीण गुप्ता, रश्मि अग्रवाल, सोनिया सूद एवं समस्त सदस्यों का स्वागत एवं धन्यवाद दिया। क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए विशेष रूप से वरिष्ठ सदस्य डॉ. एम एल अग्रवाल, आनंद खंडेलवाल एवं समस्त रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के सदस्यों को धन्यवाद दिया।

# हाड़ौती के प्रिंटिंग उद्योग के लिए सदैव सहयोग एवं संघर्षरत रहूंगा : राकेश जैन

## हाड़ौती ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन समिति का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** रविवार को हाडोती ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसियेशन समिति कोटा का दीपावली मिलन समारोह बाँरा रोड झालीपुरा स्थित दुर्गा रिसोर्ट में भाजपा शहर ज़िलाध्यक्ष राकेश जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ समारोह में प्रेस समिति की और से कोटा में प्रेस उद्योग की परेशानीयों एवं कोटा कोचिंग के कारण उद्योग पर मंडरा रहे खतरे से अवगत करवाया। इस विषय पर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि निसंदेह कोटा के प्रेस उद्योग अच्छा और आधुनिक तकनीक से परिपूर्ण उद्योग है जिसके माध्यम से विभिन्न इकाइयों में कई परिवारों को रोजगार मिला हुआ है, वर्तमान में जो संकट इस उद्योग पर आया है इसके निवारण के लिये मैं सदैव प्रेस उद्योग एवं

### भाजपा कोटा शहर ज़िलाध्यक्ष राकेश जैन रहे मुख्य अतिथि




इससे संबंधित व्यपारियो व कार्यरत कर्मचारियों के परिवारों के साथ है। मैं इस उद्योग के लिये हमेशा संघर्षरत रहूंगा राकेश जैन ने कहा कि में आपके मध्य का आपका अपना ही प्रतिनिधि हूँ व्यापारियो की जायज़ समस्या और उनकी माँगो को निजी समस्या समझकर सुलझाने का सदैव प्रयास रहेगा । समारोह की अध्यक्षता करते हुए कोटा बुकसेलर्स एवं स्टैशनर्स एसोसीयेशन के अध्यक्ष नरेंद्र लोढ़ा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। हाड़ौती ऑफ़सेट एवं प्रिंटर्स एसोसीयेशन के अध्यक्ष नितिन खंडेलवाल महासचिव मुकेश जैन पूर्व अध्यक्ष सुमतिप्रकाश जैन ने कहा कि राकेश जैन सदैव कंधे से कंधा मिलाकर सभी का सहयोग करते है ।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव बोले- जूते मारकर काम कराऊंगा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शाहपुरा जिले के कोटडी उपखंड क्षेत्र के कोठाज गांव में शनिवार देर शाम को भजन संध्या कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक धीरज गुर्जर ने इशारों में अधिकारियों व कर्मचारियों को धमकाया है। गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कोई आपकी बात प्रेम से नहीं मानता, तो जरबे मेलने (जूते मारने) के लिए आपका बेटा धीरज तैयार है। गुर्जर शनिवार रात भीलवाड़ा के कोठाज गांव में भजन संध्या कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। इससे पहले (2 महीने पहले) भी धीरज गुर्जर पुलिस को जूते मारने की बात कह चुके हैं। पूर्व विधायक धीरज गुर्जर ने भजन कार्यक्रम में कहा...आप लोग चिंता मत करो, यह जवानी भी आपके नाम है और बुढ़ापा भी। जब तक धीरज गुर्जर जिएगा, तब तक कोटड़ी और कोठाज गांवों को छोड़ने वाला नहीं है। अपने चेहरे पर आप कमजोरी मत लाओ। अपनी लड़ाई लड़ने के लिए मन में विश्वास रखो। आपका काम करने के लिए धीरज गुर्जर है। अगर कोई आपकी बात प्रेम से नहीं मानता तो जरबे मेलकर (जूते मारकर) काम कराने के लिए आपका बेटा धीरज तैयार है। इस मामले में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल और जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने गुर्जर के इस बयान को निंदनीय बताते हुए अधिकारियों का मनोबल तोड़ने वाला बताया है।

### राजस्थान में स्कूली पाठ्यक्रम की होगी समीक्षा

# शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देश के बाद शिक्षा विभाग आया हरकत में पाठ्यक्रम की समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर समिति का गठन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** राज्य में वर्तमान में संचालित संपूर्ण स्कूली पाठ्यक्रम की समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर पाठ्यक्रम की समीक्षा समिति का गठन किया गया है। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने गत दिनों सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी कि पाठ्यक्रम में पढ़ाए जा रहे कुछ अवांछनीय प्रसंगों और विषयों को हटाया जाएगा तथा पूरे स्कूल शिक्षा के पाठ्यक्रम की समीक्षा कर उसे समयानुकूल और राष्ट्रीय भावना से परिपूर्ण बनाया जाएगा। इसी क्रम में मंत्री के निर्देश के बाद प्रदेश का स्कूल शिक्षा विभाग हरकत में आया और अब विभाग ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए पाठ्यक्रम समीक्षा की पहल कर समिति का गठन किया है। समिति का अध्यक्ष कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा प्रोफेसर कैलाश सोडाणी को बनाया गया है। जबकि श्री हनुमान सिंह राठौड़ शिक्षाविद समिति के उपाध्यक्ष होंगे। समिति में श्री डी रामाकृष्ण राव शिक्षाविद,एनसीआरटी, दिल्ली सलाहकार सदस्य बनाए गए हैं जबकि सदस्य सचिव के रूप में माननीय शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विशेषाधिकारी श्री सतीश कुमार गुप्ता कार्य करेंगे।

### अध्यात्म विशुद्ध ज्ञान पावन वर्षायोग

# हर काम को बोझ नहीं, उत्सव मानना चाहिए : श्रुतसंवेगी श्री 108 आदित्य सागर जी

## जीवन में साईलेंसर रूपी समझ होगी तो समस्या रूपी धुंआ बाहर नहीं निकलेगा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** जीवन में विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में अक्सर हम बिखर जाते हैं और जीवन का आनंद नहीं ले पाते हैं। इसी के संदर्भ में आध्यात्मिक प्रबंधन का महत्व समझाते हुए कहा गया है कि जीवन में जब भी प्रबंधन आता है, सुख और शांति की वृद्धि होती है। लेकिन जैसे ही प्रबंधन चला जाता है, वही सुख और शांति भी गायब हो जाती है। इसलिए, आध्यात्मिक प्रबंधन की आवश्यकता हमारे भीतर की शांति के लिए है, जबकि बाहरी प्रबंधन जीवन के बाहरी पक्ष को सुव्यवस्थित करने के लिए है।श्रमण श्रुतसंवेगी श्री 108 आदित्य सागर जी मुनिराज संघ का भव्य चातुर्मास में अपने प्रवचन में यह बात कही। इस अवसर पर सकल समाज से सरंक्षक राजमल पाटौदी, अध्यक्ष विमल जैन नांता, कार्याध्यक्ष जे के जैन,मंत्री विनोद टोरडी, चातुर्मास समिति से टीकम पाटनी, पारस बज, राजेंद्र गोधा,





पदम जैन, लोकेश बरमुंडा,चंद्रेश जैन ,प्रकाश जैन,रोहित जैन,सुरेंद्र जैन,संजय जैन,जितेंद्र जैन,राकेश सामरिया, संयम लुहाड़िया, तारा चंद बड़ला, सहित कई लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन संजय सांवला ने किया।इस अवसर पर अप्रमित सागर और मुनि सहज सागर महाराज संघ का सानिध्य भी प्राप्त हुआ।

**जीवन का साइलेंसर : अंदर की समस्याओं को शांतिपूर्ण तरीके से बाहर निकालना :** जिस प्रकार गाड़ी में साइलेंसर का काम शोर को कम करके धुआं बाहर निकालना है, उसी तरह जीवन का प्रबंधन है—अंदर की समस्याओं और तकलीफों को बिना शोर-शराबे के साइलेंटली बाहर निकालना। हर इंसान के जीवन में समस्याएं होती हैं, लेकिन जो व्यक्ति अपनी समस्याओं को प्रबंधन के माध्यम से हल करता है, वह जीवन को उत्सव की तरह जीने में सक्षम होता है।

**परिस्थितियों को नहीं, मन:स्थिति को देखें :** जीवन में हर वक्त, हर परिस्थिति एक जैसी नहीं होती। जैसे मौसम बदलता है, दिन और रात का चक्र चलता है, वैसे ही हमारे जीवन में भी सुख-दुख आते-जाते रहते हैं। महत्वपूर्ण यह है कि हम इन परिस्थितियों को किस नजरिए से देखते हैं। जो व्यक्ति मन की स्थिति पर ध्यान देता है, वही हर परिस्थिति को उत्सव के रूप में मना सकता है। इसलिए, हर कार्य को उत्सव की भावना के साथ करने से जीवन में आनंद बना रहता है।

**हर कार्य को उत्सव की तरह अपनाएं :** गुरू आदित्य सागर ने कहा कि जीवन में कोई भी कार्य जैसे भोजन बनाना, पूजा करना, या मंदिर जाना हो—अगर उसे उत्सव की तरह मनाया जाए, तो हर क्रिया आनंददायक हो जाती है। गुरुजी ने उदाहरण दिया कि जब लोग भगवान पारसनाथ के मंदिर में दीपावली की पूजा करते हैं, तो वह महज एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि उत्सव होता है। जीवन हमें रोटी कमाने या केवल परिवार चलाने के लिए नहीं मिला है। जीवन का उद्देश्य आनंद और आत्मिक संतुष्टि है। हर दिन को उत्सव की तरह मानें और अपने कर्तव्यों को खुशी-खुशी निभाएं। यही सच्चा आध्यात्मिक प्रबंधन है।

# प्रदर्शनी में मॉडल चार्ट व आर्ट गैलरी का प्रदर्शन

## विद्यार्थिओं के रचनात्मक विकास में सहयोगी प्रदर्शनियां प्रदर्शन : सेठी



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** पेंग्विन हाइट्स स्कूल में आयोजित हिन्दी, गणित, सामाजिक ज्ञान और विज्ञान की प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को नए आयाम दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक संस्थान के अध्यक्ष टीपी सेठी रहे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण में कहा कि ऐसी प्रदर्शनियों से बच्चों को न केवल शैक्षिक ज्ञान, बल्कि व्यावहारिक और रचनात्मक कौशल भी मिलता है। उन्होंने बच्चों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। स्कूल की डायरेक्टर, डॉ. संगीता कक्कड़ ने प्रदर्शनी के उद्देश्य और तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। बच्चों ने बड़े उत्साह से मॉडल चार्ट, आर्ट गैलरी और अन्य प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की चित्रकारी और शिल्प कौशल ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी के दौरान मनोरंजन के लिए फूड स्टॉल और विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर लक्की ड्रा का आयोजन किया गया, जिसमें माहिरा खान विजेता घोषित हुईं। कार्यक्रम के समापन पर वाइस प्रिंसिपल रीटा वर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और सीखने की प्रेरणा को प्रोत्साहित करते हैं।

# अंतराष्ट्रीय वैश्य महिला महासम्मेलन इकाई अन्ता द्वारा दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया

बढ़ता राजस्थान

**अन्ता ( शफीक मंसूरी ) ।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महिला महासम्मेलन इकाई अन्ता द्वारा दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया । मंडल अध्यक्ष पूनम ओढ़ ने बताया कि दिवाली के पश्चात सुमन महेश्वरी के निजी आवास पर दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया । जिसमें मंडल की सभी महिलाओं ने मिलकर रंगोली सजाई और दीप मलिकाएं जलाकर खुशी व्यक्त की। इस मौके पर लकी गेम खिलाए गए, जिसमें रेखा जघेनिया सुमित्रा बूसर विजेता रहे । सभी ने एक दूसरे को बधाई शुभकामनाएं दी । साथ ही आगामी कार्यक्रम शीतमहोत्सव के बारे में चर्चा करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई । और कार्यक्रम के दौरान सुरभि खंडेलवाल, अनीता सेठी, बीना माहेश्वरी, माधुरी महेश्वरी, ममता गुप्ता, सरोज गुप्ता, रिंकू जैन, राजकुमारी जैन, जय श्री मंगल, अनीता चित्तौड़ा, रेखा चित्तौड़ा, सुधा कूलवाल, नीलम सरोया आदि मौजूद रहे। अंत में सभी ने मिलकर सहभोज का आनंद लिया।



# अवैध हथियार लेकर घूमता युवक गिरफ्तार

## 315 बोर का देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद, आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर की आंगई थाना पुलिस ने अवैध हथियारों को लेकर कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के पास से पुलिस ने 315 बोर का देसी कट्टा और 2 कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। जिसे बुदुआ के ताल के पास स्थित बगीची से गिरफ्तार किया गया है। आंगई थाना प्रभारी राम अवतार मीणा ने बताया कि एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक बुदुआ के ताल के पास स्थित बगीची पर अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। जो किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर हेड कॉन्स्टेबल राकेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम मौके पर पहुंची, जहां पुलिस ने अवैध हथियार के साथ घूम रहे युवक को दबोच लिया। तलाशी में पुलिस को युवक के पास से 315 बोर का देसी कट्टा और 2 कारतूस मिले। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध हथियार के साथ पकड़े गए युवक अनार सिंह उर्फ नहने (26) पुत्र बच्चू सिंहनिवासी बराहना थाना आंगई के पास अवैध हथियार मिलने पर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए युवक से पुलिस हथियार की खरीद फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। जिसे पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# पागल कुत्ते का आंतक, 15 ग्रामीणों को काटा

## रेबीज का इंजेक्शन लगाकर घायल को दी छुट्टी, पवैनी गांव में देर शाम बनया शिकार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पागल कुत्ते से 15 ग्रामीणों को काटकर घायल कर दिया। घायलों को इलाज के लिए सरमथुरा अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने सभी को रेबीज का इंजेक्शन लगाने के बाद छुट्टी दे दी। घटना धौलपुर के सरमथुरा थाना क्षेत्र के पवैनी गांव में शनिवार शाम को हुई। सरमथुरा अस्पताल के सीएससी प्रभारी डॉक्टर गोरेलाल मीणा ने बताया कि पवैनी गांव में कुत्ते के काटने से घायल हुए 15 लोगों को अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज दिया गया। प्राथमिक इलाज देने के बाद सभी को रेबीज के इंजेक्शन लगाकर छुट्टी दे दी गई। अस्पताल प्रभारी ने बताया कि सभी घायलों को रात 8 बजे अस्पताल लाया गया था। उन्होंने बताया कि रेबीज के इंजेक्शन फ्रिज में होने की वजह से देर रात को ही लॉक को खुलवाकर सभी घायलों को इंजेक्शन लगाए गए। जिसके बाद उन्हें छुट्टी दी गई हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने देर रात को कुत्ते को भी मार दिया। यह हुए घायल - कुत्ते के काटने से गांव के लाखन पुत्र शिवलाल, केशव पुत्र प्रभु लाल, हरविलास पुत्र बेदरिया, चंद पुत्र बेदरिया, सुनील पुत्र पातीराम, सुमित पुत्र जमुनालाल, सतीश पुत्र भोगीराम, मुनेश पुत्र बाबूलाल, सतीश पुत्र कन्हैया, साहब सिंह पुत्र चेतराम, राम रूप पुत्र कल्याण, मुकेश पुत्र रामकेश, सीताराम पुत्र विद्याराम, राकेश पुत्र चेतराम और विजेंद्र पुत्र राम रूप घायल हुए हैं। जिन्हें रेबीज के इंजेक्शन लगाने के बाद छुट्टी दी गई हैं।

# वारदात की फिराक में हथियार लेकर घूम रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखंड के कंचनपुर थाना पुलिस ने शनिवार की रात की गस्त के दौरान जरिए मुखबिर सूचना मिलने पर गांव फजियत पुरा में कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी वारदात की फिराक में है। ऐसे में तुरंत मौके पर पहुंच कार्रवाई की और आरोपी को हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया। अब गिरफ्त में आये आरोपी के खिलाफ थाने पर आर्म एक्ट का मामला दर्ज करते हुए पूछताछ की जा रही है। कंचनपुर थाना अधिकारी शैतान सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित महरेड़ा के निर्देश पर वांछित अपराधियों और अवैध हथियार रखने वाले बदमाशों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया हुआ है। जिसमें मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। ऐसे में शनिवार की रात जरिए मुखबिर सूचना मिली कि गांव फजियत पुरा में एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है जो किसी वारदात की फिराक में है। इस पर थाने के एएसआई राजवीर सिंह,कांस्टेबल रामनिवास,धर्मवीर और सत्यप्रकाश के साथ मौके पर पहुंच कार्रवाई की। जहां से आरोपी भूरी सिंह पुत्र नथुआ ठाकुर निवासी पवेसुरा को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक अवैध देसी कट्टा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्त में आए बदमाश के खिलाफ थाने पर 3/25 आर्म एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी किस वारदात की फिराक में था। इसको लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

# कमरे में छोड़कर भागे ससुराल पक्ष के लोग, शरीर पर मिले चोट के निशान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले के सैंपऊ थाना क्षेत्र के दौनारी गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। ससुराल पक्ष के लोग शव को कमरे में पड़ा छोड़कर घर से फरार हो गए। मामले की सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मौका मुआयना किया है। जिसके बाद पुलिस ने शव को सैंपऊ सरकारी अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवा दिया है। थाना प्रभारी गंभीर सिंह ने बताया कि दौनारी गांव के ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई थी की विवाहिता जूली (25) पत्नी शेर सिंह ठाकुर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई हैं। मौके पर सीओ अनूप कुमार यादव समेत भारी तादाद में पुलिस पहुंच गई। घटनास्थल पर पुलिस ने पहुंचकर हालातों का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही ससुराल पक्ष के लोग फरार हो गए थे।

# विश्व स्मरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## यातायात नियमों को लेकर दी जानकारी, सड़क हादसों के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर की ओर से विश्व स्मरण दिवस को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी देवानंद के दिशा निर्देश में मनाई जा रहे स्मरण दिवस के मौके पर मौजूद छात्रों को संबोधित करते हुए परिवहन निरीक्षक मानवेंद्र सिंह ने कहा कि जीवन जीने से पहले जीवन को समझना जरूरी है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों की जानकारी होनी चाहिए। परिवहन निरीक्षक मानवेंद्र सिंह ने कहा कि वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में अकाल मृत्यु को हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और हम प्रयासरत है कि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। इस मौके पर यातायात प्रभारी टीनू सोगरवाल ने कहा कि यातायात नियम हमें सुरक्षा प्रदान करते हैं और हमारे जीवन को सुखमय और सरल बनाते हैं। इसलिए प्रत्येक वाहन ड्राइवर का यह नैतिक कर्तव्य होना चाहिए कि वह वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करे। जिला यातायात प्रबंधन समिति के सदस्य डॉक्टर निखिल अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक हादसे में गोल्डन आवर्स अति महत्वपूर्ण होते हैं। अगर हम हादसे के पहले एक घंटे में घायल को प्राथमिक इलाज उपलब्ध कराते हैं तो उसके जीवन को 70 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान हो सकती है। इसलिए अब जब भी सड़क पर कोई घायल मिले तो उसे तत्काल निकटवर्ती अस्पताल में पहुंचा जाए और मुसीबत में मदद करने कर धर्म निभाया जाए।







इस मौके पर यातायात प्रबंधन समिति के सदस्य रंजीत दिवाकर ने कहा कि प्रतिवर्ष नवंबर महीने के तीसरे रविवार को दुनिया भर में सड़क हादसों में मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए विश्व स्मरण दिवस का आयोजन किया जाता है। हम कामना करते हैं कि आने वाले दिनों में सड़क हादसों में कमी आए।

# सड़क दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

## वर्ल्ड रिमेंबर्स डे का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** सड़क दुर्घटनाओं में काल मृत्यु के मृतकों को वर्ल्ड रिमेंबरयंस डे के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा अभियान धौलपुर द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से गुलाब बाग स्थित ट्राफिक पॉइंट पर वर्ल्ड रिमेंबर्स डे का आयोजन किया गया जिसमें तत्काल घायलों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने वाले 108 के कर्मचारियों को माला पहनकर व स्मृति चिन्ह के माध्यम से उनका सम्मान किया गया । परिवहन निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष नवंबर माह के तीसरे सप्ताह में विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि दी जाती है । उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और जिन वजह से दुर्घटनाएं होती हैं उन्हें दूर किया जा सके। इस अवसर पर जिला यातायात प्रभारी टीनू सोगरवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को चिकित्सालय पहुंचने में 108 चिकित्सा कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है आज हमारे द्वारा इस अवसर पर ऐसे सेवा भावी 108 के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है । इस आशा और विश्वास के साथ कि वह अपने कार्य को और बेहतर कर सड़क दुर्घटना के घायलों को जीवन दान देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पाएंगें। समारोह में सड़क दुर्घटना कि मृतकों को दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर विभाग द्वारा 108 के पायलट शैलेंद्र कुमार पचौरी , पायलट सनी तिवारी, पायलट दिनेश गुर्जर, पायलट सौरव पाराशर,पायलट रामदीन शर्मा, श्रद्वह्ल देवेश तिवारी व श्रद्वह्ल देवेंद्र सिंह का सम्मान किया गया। समारोह में न्याय दर्शन संस्था के अध्यक्ष चंद्रमोहन पाराशर एडवोकेट, सहायक उप निरीक्षक यातायात शाखा महेश सहायक, मोहम्मद जाकिर हुसैन, देवेंद्र सिंह,नेम सिंह, जीतेन्द्र कानि., राजबीर कानि. मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मंच का संचालन न्याय दर्शन संस्था के सचिव रंजीत दिवाकर एडवोकेट द्वारा किया गया।




# दलितों के साथ मारपीट के चार आरोपी गिरफ्तार

## घायल महिला की हो गई थी मौत, भैंस निकालने को लेकर हुआ था झगड़ा



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले के कंचनपुर थाना क्षेत्र के कुर्री का पूरा गांव में दबंग ने दलितों के साथ मारपीट कर दी थी। जिसमें एक महिला की मौत होने का आरोप लगाते हुए हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। घटना को लेकर कंचनपुर थाना प्रभारी शैतान सिंह ने बताया कि छोटी दीपावली 30 अक्टूबर को भैंस निकालने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। जिस झगड़े के बाद मारपीट हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक ताराचंद पुत्र रामबाबू ने झगड़े में अपनी मां रामो देवी की मौत होने की जानकारी दी। जिसके बाद ताराचंद ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मृतक महिला का पोस्टमार्टम करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

जिस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। शनिवार शाम को गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी देवेंद्र (26) पुत्र गुलजारी, हेम सिंह उर्फ होली (30) पुत्र भोगीराम राधेश्याम (19) पुत्र भोगीराम और गुलजारी (69) पुत्र जगमन को गिरफ्तार का कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों से पुलिस घटना को लेकर विस्तृत पूछताछ कर रही हैं।

# जंगलात विभाग ने जंगली जानवर और जरख को पकड़ने के लिए जंगल में लगाए पिंजरे

## जरख घूम रहा शहर में गली-गली, आमजन भयभीत,कृष्णा कॉलोनी में फिर दिखा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में जंगली जानवरों का आगमन अब आम बात होती जा रही है हालांकि पैंथर हो या जरख किसी भी जंगली जानवर ने अभी कोई घटना को अंजाम नहीं दिया है,ना ही किसी पर हमला किया है लेकिन लोगों में भय व्याप्त है।पिछले 15 दिन से जहां शहर की रेलवे लाइन किनारे कृष्णा कॉलोनी के लोग एक जरख के आतंक से परेशान हैं। वहीं पिछले तीन दिन से कांसौटी खेड़ा रोड किनारे खेतों पर जंगली जानवर के मूवमेंट ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सूचना पर जंगलात विभाग द्वारा दोनों जगह पर जंगली जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए गए हैं और सर्चिंग अभियान भी चलाया है लेकिन जंगलात विभाग से अधिक जरख होशियार दिखाई दे रहा है। जहां जंगलात विभाग जंगल में जरख की तलाश कर रहा है वही जरख शहर में बेखोफ घूम रहा है। शहर की कृष्णा कॉलोनी निवासी डॉ आशुतोष शर्मा ने बताया कि शनिवार की रात जरख कॉलोनी के घरों के आसपास देखा गया है। एक घर के बाहर लगे कैमरे में उसका फोटो भी कैद हुआ है। पूर्व में जंगलात विभाग द्वारा जरख की तलाश में रेलवे लाइन के पास पिंजरा रखवाया गया था। और दो-तीन दिन सर्चिंग भी की थी। उसके बाद जरख गायब हो गया लेकिन अब शनिवार की रात एक बार फिर से इसकी मूवमेंट दिखाई देने से लोग परेशान नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पिछले तीन दिन से शहर के कांसोटी खेड़ा रोड किनारे खेतों में भी जंगली जानवर का मूवमेंट देखा गया है। किसान उसे पैंथर बता रहे हैं। वहीं खेतों में मिले पैग मार्क के आधार पर जंगलात विभाग ने उसके जरख होने की पुष्टि की है। जंगली जानवर को पकड़े जाने के लिए पिंजरा लगाया गया है और दो दिन से खेतों के आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग भी की गई है।



### इनका कहना है

जंगलात विभाग के बाड़ी रेंजर नकुल शर्मा ने बताया कि आसपास सेंचुरी एरिया है। ऐसे में जंगली जानवरों का मूवमेंट देखा जा रहा है। दोनों ही स्थान पर जरख या हाइला की मूवमेंट है। जिसको पकड़े जाने के लिए पिंजरा लगाया है। लेकिन अभी तक उसे पकड़ नहीं गया है साथ में वन विभाग की टीम लगातार सर्चिंग कर रही है।

# 25 फीट गहरे कुएं में गिरकर चार मजदूर घायल

## कुंए पर काम करते समय मिट्टी खिसकने से हुआ हादसा, ग्रामीणों ने किया रेस्क्यू

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के भैंसाख गांव में रविवार सुबह कुंए को पक्का करते वक्त अचानक मिट्टी खिसक गई। मिट्टी के खिसक जाने से ऊपर काम कर रहे चार मजदूर नीचे गहरे कुंए में गिरकर घायल हो गए। ग्रामीणों ने सभी घायलों का रेस्क्यू कर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से एक मजदूर को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। मौके पर मौजूद ग्रामीण मनीराम ने बताया कि गांव में एक कुंआ का निर्माण किया जा रहा हैं। कुंआ खोदने के बाद रविवार को उसको पक्का करने के लिए मजदूर ऊपर काम कर रहे थे। काम करते वक्त अचानक मिट्टी खिसक गई। हादसे में कुंए के ऊपर काम कर रहे चार मजदूर 25 फीट नीचे गहरे कुंए में जाकर गिर गए। कुंए में गिरने से घायल हुए सभी मजदूरों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर जिला अस्पताल लाया गया। जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। कुंए में गिरने से मजदूर मवसिया (60) पुत्र नवल सिंह, सतीश (30) पुत्र मनीराम, सतीश (20) पुत्र बनवारी लाल और मेघसिहं (60) पुत्र मोतीराम घायल हुए हैं जिनमें से मवासिया की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए रेफर किया गया हैं।

# राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने बूंदी के मृतक शिक्षक के परिजनों को सौंपी 3 लाख 62 की सहायता राशि

## शिक्षक संघ ने मृतक शिक्षक के पिता को अनुकंपा नियुक्ति एवं आर्थिक परिलाभ देने की उठाई मांग

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर ने बूंदी के मृतक शिक्षक मनीष मीणा के परिवार को सौंपी तीन लाख बासठ हजार कीआर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम प्रताप मीणा ने बताया कि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान व प्रांतीय महामंत्री राजेश शर्मा के नेतृत्व में रविवार को संगठन के प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने मृतक शिक्षक मनीष मीणा के ग्राम सीन्ती बूंदी पहुंचकर मृतक के परिवार से मुलाकात की। इस शिक्षक संघ के पदाधिकारियो ने मृतक शिक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ संगठन की ओर से मनीष की माता गायत्री के नाम आर्थिक सहायता के चेक सौंपे । बूंदी जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा ने बताया की प्रदेश संगठन की ओर से मृतक के परिवार को पच्चास हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई तथा संगठन की जिलाशाखा एवं उपशाखा बूंदी की ओर से पच्चास हजार की राशि का चेक परिवार को सौपा गया। संगठन की अलवर जिला शाखा की ओर ओर से ग्यारह हजार का आर्थिक सहयोग राशि का चेक भी प्रदान किया गया।राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा मृतक के निर्धन एवं निराश्रित परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान करने हेतु मिशन शिक्षक मनीष मीणा चलाया गया जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों ,कर्मचारीयों एवं सर्व समाज के लोगों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

फोन पे के माध्यम से एकत्रित सहयोग राशि दो लाख पचास हजार को चेक द्वारा मृतक की माता गायत्री को सौंप दिया गया।संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि 4 नवंबर को बूंदी में समाज कंटकों द्वारा शिक्षक मनीष की चाकूओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। संगठन ने सरकार से मृतक शिक्षक के पिता को अनुकंपा नियुक्ति, एक करोड़ की सहायता राशि के साथ समस्त राजकीय परिलाभ दिए जाने की मांग की। प्रदेश प्रतिनिधि मंडल के साथ बूंदी जिले के प्रदेश, जिला एवं उप-शाखाओं के पदाधिकारी , प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा , प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम प्रताप मीणा, सतीश कुमार जैन, सीताराम शर्मा, दशरथ सिंह सोलंकी ,नवीन व्यास, रूपलाल मीणा, भैरूलाल कलाल , सुखलाल मीणा ,ओम प्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र मीणा,मनीष मेवाड़ा, शिवराज मोठसर ,कपिल मीणा, दुर्गा लाल गुर्जर,विनय सैनी, रामलाल मेहरा, राजाराम मीणा, देवलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# दिव्यांग सहायक उपकरण एवं दिव्यांगजन योजनाओं में चिन्हीकरण शिविर बसेड़ी मे आज होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार द्वारा बजट घोषणा 2024-25 में 15 दिसंबर 2024 को राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सम्पूर्ण राज्य में 10 हजार से अधिक दिव्यांगजनों को कृत्रिम / सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, श्रवण यंत्र, स्मार्ट मोबाइल फोन, स्मार्ट केन, सेरेबल पाल्स पीडितों के लिए सीपी व्हीलचेयर इत्यादि अंग उपकरण वितरित किये जायेगें । जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में 18 नवंबर 2024 को पंचायत समिति बसेडी में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

## नवसृजित जिले में शामिल शेखावास ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का बोल-बाला

# 18.84 लाख रुपये की सीसी ब्लॉक से बनी सड़क पर उड़ रही है धूल, ब्लॉक गायब








बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** भीम विधानसभा क्षैत्र व जवाजा ब्लॉक की ग्राम पंचायत शेखावास में भ्रष्टाचार का नमूना उस वक्त देखने को मिला जब गांव में वर्ष 2023-24 के तहत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना में ईदगाह से सुबान बाबा के मकान तक सी.सी. ब्लॉक निर्माण सड़क स्वीकृत हुई। इस सड़क पर कुल राशि 10.84 लाख रुपये की लागत तय हुई थी। इस राशि में श्रम पर 1.84 लाख रुपये व सामान पर 9 लाख रुपये खर्च करने थे। इसका कुल योग 10.84 लाख रुपये होता है। सरपंच व ग्राम सचिव दोनों ने ही सड़क पर लगने वाले पत्थर पर स्वीकृत राशि 18.84 लाख व श्रम पर 1.84 लाख रुपये और सामान पर 9 लाख रुपये खर्च होना दिखाकर अपनी इती श्री कर ली। आखिर 8 लाख रुपये स्वीकृत हुए या नहीं किसी को पता नहीं और ना ही दर्शाये गये बोर्ड पर देखने को मिल रहा है। बोर्ड पर केवल स्वीकृत राशि दिखाई गई है जबकि व्यय राशि का कहीं ब्यौरा नहीं दे रखा है। इससे स्पष्ट है कि कहीं ना कहीं शेखावास से डालियां बेरी गांव तक बनने वाली सड़क पर जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। इसके अतिरिक्त गांव के लोगों ने सरपंच व सचिव पर पट्टे आदि देने पर हजारों-हजारों रुपये की वसूली किये जाने की जानकारी मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम शेखावास के डालियां बेरी गांव के ग्रामीणों ने आज अपने ही सरपंच हालू काठात के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आरोप लगाया कि गांव की बनने वाली सड़क में जमकर भ्रष्टाचार किया है। गांव के सादिक ने बताया कि स्वीकृत राशि 18.84 लाख रुपये हैं तो उसमें पूरी सड़क बननी चाहिए थी। लेकिन सरपंच हालू काठात व ग्राम सचिव श्याम मीणा ने मिलकर भ्रष्टाचार को बढावा देते हुए सड़क पर सीसी ब्लॉक से बनने वाली सड़क मात्र 5 सौ मीटर तक बनाकर इतीश्री कर ली। इस सड़क के दोनों और कुछ-कुछ दूरी पर सीसी ब्लॉक लगाकर शेष बीच में लगभग डेढ किलोमीटर की दूरी को ज्यों की त्यों छोड़ दी। इतना ही नहीं जब सरपंच हालू काठात से पुछा गया कि पत्थर पर तो कुछ और लिखा है तो उन्होने बताया कि पत्थर पर गलत लिखा गया है। इस मामले में जब उनसे स्वीकृत राशि के डोक्यूमेन्ट मांगे गये तो उन्होने छुट्टी का बहाना बना दिया।

इसी तरह निजाम ने कहा कि गांव में पट्टे बनवाने के नाम पर हजारों रुपये लूटे जा रहे हैं। जबकि ग्रामीणों को रसीद केवल 11 सौ रुपये की मिलती है लेकिन राशि दस-दस हजार वसूले जाते हैं। इसके अतिरिक्त गांव में ना तो नालियां बनी और ना ही पीने के पानी का माकूल इन्तजाम हो पाया है। ग्रामीणों को पिछले चार-पांच माह से पीने के पानी के लिए लोगों को कई दूर-दराज क्षैत्रों से लाना पड़ता है। इसके अतिरिक्त नालियों के नहीं बनने से गंदा पानी सड़कों पर बहता रहा है। कुल मिलाकर यह देखा गया है कि कुछ ग्राम पंचायतें जो अन्दर की और है उनमें ना तो कई अधिकारी जाते हैं और ना ही कोई बड़ा नेता। इन क्षैत्र में रहने वाले लोगों को तो काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सरपंच पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब वोट लेना होता है तो वह गिड-गिडाते हुए आते हैं और जब जनता अपना हक मांगती है तो वह उन्हें आंखे दिखाते हैं। ऐसे में उन्होने इस बार चुनाव से पहले काम को लेकर उम्मीदवारों से खरा-खराकर पुछने पर ही गांव में मत डालने का निर्णय लिया है।

## मेवाड़ मेघवाल युवा समिति के संयुक्त सचिव उदय मेघवाल ने रावतभाटा में मेघवाल समाज छात्रावास की मांग की

महेश कुमार

**रामगंजमण्डी ( बढ़ता राजस्थान )।** रामगंज मंडी मेवाड़ मेघवाल युवा समिति के संयुक्त सचिव उदय मेघवाल ने विधायक डॉ सुरेश धाकड़ को रावतभाटा में मेघवाल समाज छात्रावास की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि रावतभाटा शेत्र बहुत बड़ी संख्या में फैला हुआ है इसी कारण छात्रों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है साथ ही रावतभाटा सेंटर सभी के नजदीकी पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए मेघवाल ने विधायक से जल्द से जल्द रावतभाटा में छात्रावास बनवाने की मांग की।

## बस अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार में घाट का बराना के निकट पलटी

सुनील मेघवाल

**केशोरायपाटन ( बढ़ता राजस्थान )।** देईखेड़ा थाना क्षेत्र से गुजर रहे कोटा -लालसोट मेगा हाइवे पर घाट का बराना के निकट शनिवार रात को लगभग पौने दो बजे एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलटी मारी गई। जिसमें सवार दो जनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई व एक दर्जन से अधिक घायल हों गए जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से कापरेन अस्पताल पहुंचाया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी को कोटा रेफर कर दिया। थानाधिकारी अजीत सिंह चौधरी ने बताया की रात को एक बस रावतभाटा से चौथ का बरवाड़ा की और जा रही थी जो घाट का बराना के समीप अनियंत्रित होकर पलटी मारी गई थी। मय जाब्ते के घटना स्थल पहुंचकर घायलों को बाहर निकलवाकर अस्पताल भिजवाया । जिसके बाद क्रेन की मदद से बस को सडक् से हटवाकर रास्ता बहाल करवाया। वहीं बस को सुरक्षा की दृष्टि से थाने पर लाकर खड़ा करवा दिया है। समाचार लिखे जाने तक मामले पर आगे की कार्यवाही जारी थी। बस में सवार अरविंद सिंह राजपूत उम्र 62 वर्ष निवासी रावतभाटा व अंतिम कुमार वैष्णव उम्र 28 वर्ष निवासी रावतभाटा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । जिनके शवों को रात्रि में कापरेन अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया । जिसके बाद रविवार को दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### घायल कंडक्टर ने भी विवार को दम तोड़ दिया

घटना की सुचना के तुरंत बाद ही केशवरायपाटन वृताधिकारी आशीष भार्गव व नैनवां वृताधिकारी राजूलाल मीणा ने भी कापरेन अस्पताल पहुंचकर घायलों की जानकारी ली। वहीं घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर इंद्रगढ़ थानाधिकारी दिनेश कुमार व कापरेन थानाधिकारी कमल सिंह भी मौके पर पहुंचे और दुर्घटना में घायलों की कुशलक्षेम पूछी।

## विश्व स्मरण दिवस फॉर रोड ट्रैफिक विक्टिम्स मनाया

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बूंदी के स्थानीय सेवा केंद्र के तत्वावधान मे रविवार को विश्व स्मरण दिवस फॉर रोड ट्रैफिक विक्टिम्स मनाया गया। जिसमें श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया दीपक जगाकर और मेडिटेशन के द्वारा दुर्घटना में पीड़ितों को शांति की शक्ति प्रदान की गई यह दिन हमें सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों और घायलों को याद करने का अवसर देता है। हमें सड़क सुरक्षा के महत्व को समझना चाहिए और अपने दैनिक जीवन में सुरक्षित ड्राइविंग का अभ्यास करना चाहिए। जिला परिवहन अधिकारी आदरणीय प्रमोद लोढ़ा जी ने कहा सड़क दुर्घटनाएं हमारे समाज के लिए एक बड़ा खतरा हैं। हर साल लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं और घायल होते हैं। हमें इस समस्या का समाधान करने के लिए एकजुट होना चाहिए। हमें सुरक्षित ड्राइविंग के तरीकों को अपनाना चाहिए। ब्रह्माकुमारीज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पधारे आर्ट एंड कल्चर विंग के ब्रह्मा कुमार संजय भाई अपने वक्तव्य में कहां की आज भाग दौड़ भरे जीवन के कारण हर कोई जल्दी में है और इस जल्दबाजी के कारण कितनी दुर्घटनाएं हो जाती है कभी वह इसका अंदाजा भी नहीं लगता आज जरूरत है हमें अपने मन को शांत और संतुलित बनाए रखने की अगर मन शांत और संतुलित होगा तो हमारे द्वारा किया गया हर कार्य श्रेष्ठ और सभी को सुख देने वाला ही होगा रोड सेफ्टी के लिए भी यह अत्यंत आवश्यक है कि जब भी हम सड़क पर हैं तो न गाड़ी चलाने में और सड़क क्रॉस करने में कोई जल्दबाजी न करें । नगर परिषद बूंदी सभापति सरोज अग्रवाल ने दुर्घटना में शरीर छोड़ने वाले व्यक्तियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि समाज और देश के प्रति हमारा यह कर्तव्य है कि हम जब भी सड़क पर हैं और किसी यात्रा पर हैं तो परिवहन के हर एक नियम का पालन करें जिसमें हमारी और सभी की सुरक्षा है।

### मोबाइल की लत से मुक्ति के लिए मंगलम विद्या विहार की अनोखी पहल

## थिएटर और शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला की आयोजित



महेश कुमार

**रामगंजमण्डी ( बढ़ता राजस्थान )।** मंगलम विद्या विहार मोड़क द्वारा रविवार को मोबाइल की लत से मुक्ति की अनोखी पहल करते हुए थिएटर और शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला रविवार 17 नवंबर को सुबह 9.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक मंगलम विद्या विहार परिसर में विद्यालय के छात्रों के स्क्रीन टाइम को कम करने के लिए मंगलम विद्या विहार ने एक अनोखी कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें थिएटर और शास्त्रीय नृत्य को शामिल किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक अभिव्यक्ति समूह कार्य और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यशाला में थिएटर कार्यशाला मोहित मेहता द्वारा आत्मविश्वास भावनात्मक अभिव्यक्ति और रचनात्मक समस्या समाधान पर ध्यान केंद्रित शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला नंदिनी शर्मा द्वारा कथक की मूल बातें हाथ के इशारे पैर की मुद्राएँ और कहानी सुनाने की तकनीक को सिखाया व समझाया। प्रिंसिपल गोविंद शर्मा ने कार्यशाला का उद्घाटन किया और इसके महत्व और उद्देश्यों को समझाया।

उन्होंने तकनीक के साथ संतुलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यशाला के माध्यम से हम छात्रो को अपनी रचनात्मकता को विकसित करने आवश्यक जीवन कौशलों को सीखने और स्क्रीन टाइम को कम करने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। हम मोहित मेहता और नंदिनी शर्मा को उनके योगदान के लिए धन्यवाद देते हैं।

कार्यशाला के समापन पर प्रिंसिपल गोविंद शर्मा ने दोनों कलाकारों को उनके योगदान के लिए हृदय से धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी प्रतिभा और समर्पण ने हमारे छात्रों को नई रचनात्मक दिशाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। हम भविष्य में भी उनके साथ सहयोग करने की आशा करते हैं।

## संगठन महापर्व अभियान के अंतर्गत भाजपा के भादसोड़ा मंडल की कार्यशाला आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व अभियान के अंतर्गत भादसोड़ा मंडल की कार्यशाला का रविवार को श्री सांवलियाजी प्राकट्य स्थल स्थित धर्मशाला मे आयोजन किया गया।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रतन गाडरी,मंडल अध्यक्ष विजय सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यशाला में विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा संगठन महापर्व अभियान को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी,मंडल महामंत्री हजारी दास,रमेश चंडालिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक पारलिया,जिला परिषद सदस्य कैलाश जाट,पंचायत समिति सदस्य गोविंद सोनी,उदयलाल,बानसेन सरपंच कन्हैयादास, सत्यनारायण शर्मा,अशोक पारलिया,रूपेश तुसावड़ा,श्रीनिवास लड्ढा,भैरूलाल सोनी,पंकज जारोली,हरिराम गाडरी,जगदीश अग्रवाल,शक्ति सिंह,कालू गाडरी,विमल अग्रवाल,प्रहलाद गर्ग, रामलाल जाट,हरीश शर्मा,कैलाश गाडरी,राधे सुथार, दीपक जोशी,देवराज पंडित,कोमल जाट,शंकर जाट,मोतीलाल खारोल,धनराज जाट,कैलाश जाट, संपत कीर आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेत पर कुए की मोटर चलाने गये स्कूली छात्र का पैर फिसलने से हुई मौत



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिले के मसूदा थानान्तर्गत ग्राम जामोला में खेत पर कार्य करते हुए स्कूली छात्र की पैर फिसल जाने से कुएं में गिरने से मौत हो गई। युवक का शव पुलिस ने बाहर निकलवाकर उसे मोर्चरी में पोस्टमार्टम हेतु रखवा दिया। मसूदा थानान्तर्गत ग्राम जामोला में स्कूली छात्र टीकम अपने खेत पर काम करने पहुँचा। खेत पर बने कुए में लगी मोटर को चालू करने पहुँचा तो वहां उसका पैस फिसल गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुँचे और उसे निकालने का प्रयास में जुट गये। इसी बीच मसूदा पुलिस को जानकारी तो वह भी मौके पर पहुँच गई। ग्रामीण युवक को कुएं से निकालने का प्रयास कर रहे थे। स्कूली छात्र का शव निकलने के बाद शव को मोर्चरी में पोस्टमार्टम हेतु रखवा दिया है। स्कूली छात्र गांव के ही सरकारी स्कूल में पढा करता था।

उक्त घटना की जानकारी मिलने के साथ ही परिजन बिलख-बिलख कर रोने लगे स्कूली छात्र होने के कारण गांव के कई छात्रों ने टीकम की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। पुलिस ने इस मामले में माला दर्ज कर लिया है।

## भाजपा ने संगठन पर्व को लेकर कपासन में कार्यशाला का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान




**कपासन ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कपासन की संगठन पर्व को लेकर कार्यशाला का शनिवार रात्रि आयोजन किया गया। भाजपा नगर मंडल महामंत्री एवं नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि नगर में स्थित विधायक कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसको संबोधित करते हुवे विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान जारी है।सदस्यता अभियान को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर बुथ इकाइयों का गठन करना है।उक्त कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी श्रवण सिंह राव ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी के संगठन की रचना रीति-नीति को ध्यान में रखते हुवे करनी है।जिला महामंत्री श्यामलाल पहाड़िया ने विचार व्यक्त किये। इस दौरान आभार मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया तथा संचालन मंडल महामंत्री गजेंद्र बागमार ने किया। इस कार्यशाला में नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी,जिला उपाध्यक्ष पुष्पा वैष्णव,अजा मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,महामंत्री सोहन खटीक,पूर्व जिला परिषद सदस्य लक्ष्मीलाल जीनगर,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नपा पार्षद नंदकिशोर टेलर, नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली,नगर पालिका पार्षद मुकेश पलोड़,अकील शाह,मुकेश,दिनेश सोनी,चेतन बारेगामा,प्रकाश तेली,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सिरोया,मंत्री मंसूर अहमद,मनीष बारेगामा,गौरव दाधीच,कार्यालय प्रमुख केसर सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मनीष हत्याकांड के मुख्य आरोपी को बूंदी पुलिस देर शाम लाई बूंदी

## डीडवाना पुलिस द्वारा बीकानेर से किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** शहर में 4 अक्टूबर की रात को खाना खाने के दौरान मामूली विवाद को लेकर चार युवको द्वारा शिक्षक मनीष मीणा की चाकू से गोदकर कर हत्या कर दी गई थी।

पूरे मामले में तीन आरोपियों को पुलिस पहले गिरफ्तार कर चुकी थी । लेकिन मुख्य आरोपी गुरप्रीत घटना के बाद से ही फरार चल रहा था, बूंदी पुलिस द्वारा अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश कर रही थी ।अलग-अलग टीम में गठित करने के बाद आरोपी का बीकानेर होने का जैसे ही सुराग लगा , पुलिस ने डीडवाना पुलिस की मदद से शिक्षक मनीष मीणा की हत्याकांड के आरोपी गुरप्रीत को बीकानेर में एक मकान से सोते समय गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ।

अब बूंदी पुलिस टीम आरोपी को मनीष मीणा हत्याकांड के आरोप में डीडवाना से बूंदी देर शाम लेकर आई । जानकारी के अनुसार उक्त आरोपी गुरप्रीत पर कई मामले दर्ज है ,जो सहयोगी के मकान पर बीकानेर में रह रहा था। आरोपी लगातार फरारी काट रहा था । जिस पर 25000 का इनाम भी बूंदी पुलिस द्वारा घोषित किया गया था , डीडवाना पुलिस और बूंदी पुलिस ने मिलकर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

## रेल मदद पोर्टल पर यात्री शिकायतों का तत्परता से निपटारा

### चौबीस घंटे यात्री शिकायतों के समाधान में जुटे वॉर रूम से रेल कर्मचारी, कोटा मंडल में समाधान का औसत समय 32 मिनट

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** मंडल यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के साथ ही उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए तत्पर है। इस उद्देश्य को पूरा करने हेतु, मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक आर.आर.के.सिंह के मार्गदर्शन में ''रेल मदद'' पोर्टल/एप पर 24×7 रेल यात्रियों की सहायता और शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित किया जा रहा है। रेलवे ने शिकायत और सुझावों को समायोजित करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 139 सहित सभी माध्यमों को ''रेल मदद'' पोर्टल और एप में एकीकृत कर दिया है। शिकायतों का निस्तारण समय तय सीमा के भीतर किया जाता है एवं निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ता को सूचना दी जाती है और उनसे फीडबैक भी मांगा जाता है, जिससे रेल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हो सके। कोटा मंडल में 16 जून, 2024 से वॉर रूम की शुरुआत की गई है , जिसका उद्देश्य यात्री शिकायतों का शीघ्र एवं समुचित समाधान सुनिश्चित करना है। 16 जून 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक इस वॉर रूम के माध्यम से कुल 10278 शिकायतों का निपटारा किया गया।

# कौशल महोत्सव की तैयारियों को लेकर डॉ. गर्ग ने अधिकारियों से की चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की ओर से भरतपुर में 19 नवम्बर को आयोजित होने वाले कौशल महोत्सव की तैयारियों को लेकर पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने एनएसडीसी के अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान महोत्सव को लेकर हुई चर्चा में बताया गया कि अब तक करीब 7 हजार युवाओं के पंजीयन किये जा चुके हैं। जिनमें से 2 हजार युवाओं को ट्रैनिंग दी जा चुकी है तथा 3500 युवाओं का इनरोलमेंट हुआ है। चर्चा के दौरान एनएसडीसी के नेशनल हैड मंयक भटनागर ने बताया कि महारानी श्री जया कॉलेज के खेल मैदान पर 19 नवम्बर को आयोजित होने वाले भरतपुर कौशल महोत्सव में प्रात: 9 बजे से आगंतुक युवाओं के पंजीयन शुरु हो जायेगे। इस मौके पर एनएसडीसी के रीजनल हैड मौहम्मद कलाम सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे ।

# भरतपुर के आदर्श गांव रारह में भाजपा ने चलाया सदस्य अभियान

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** भरतपुर के रारह ग्राम पंचायत में भाजपा के महापर्व सदस्य अभियान के तहत अजान गुनसारा मण्डल में सदस्यता अभियान के जिला संयोजक मोहन रारह की मुख्य अतिथि में अजान गुनसारा मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह एवं सदस्यता अभियान के मण्डल संयोजक जसमत सिंह के नेतृत्व में शक्ति केंद्र रारह में सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया। जिला संयोजक मोहन रारह ने बताया भाजपा सदस्य अभियान में 100 से अधिक प्राथमिक सदस्य बनने वाले को सक्रिय सदस्यता बनाने का अभियान चलाया जा रहा है।

# आयुर्वेद नर्स,कंपाउंडर एएनएम एवं आशा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

## 350 आयुर्वेद नर्स, कंपाउंडर एएनएम एवं आशासहयोगनियो को दिया प्रशिक्षण






बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** आयुर्वेद विभाग के तत्वाधान में होटल सोनार हवेली में आवासीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयुर्वेद विभाग की उपनिदेशक डॉक्टर इंदु शर्मा ने एवं डॉ नरेंद्र पाराशर ने दीप प्रज्वलितकर एवं भगवान धन्वंतरि जी के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आवासीय शिविर के तृतीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज भारद्वाज भाजपा जिलाध्यक्ष भरतपुर ने बताया कि आयुर्वेद विभाग के इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से सभी आयुर्वेद कर्मचारियों के साथ साथ एएनएम, आशा द्वारा भी आयुर्वेद जन जन तक पहुंचेगा और लोगों को बेहतर आयुर्वेद चिकित्सा उपलब्ध होने में मदद मिलेगी, साथ ही जिला मंत्री भाजपा मनोज खण्डेलवाल ने भी बताया की राजस्थान में आयुर्वेद चिकित्सा किस तरह से निरंतर बेहतर हो रही है और प्रदेश सरकार की योजनाएं आयुर्वेद को जन जन तक पहुंचा रही है, आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर कार्यरत आयुर्वेद कंपाउंडर एवं आशा सहयोगिनियों के तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षण देने हेतु डॉक्टर नवीन शर्मा डॉक्टर अंकित चतुर्वेदी डॉक्टर राधे लाल एवं डॉ नेहा कुशवाहा का व्याख्यान रहा। इस मौके पर गरीब 350 आयुर्वेद कंपाउंडर एवं आशा सहयोगिनियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। इस अवसर पर कार्यालय अधिकारी राकेश, उमाशंकर शर्मा, महेश, एवं रामेश्वर शर्मा आयुर्वेद कंपाउंडर आदि उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद विभाग संभाग भरतपुर डॉ हरवीर सिंह एवं उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भरतपुर डॉ इंदु शर्मा ने सभी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर कार्यरत आयुर्वेद कंपाउंडर एवं आशा सहयोगिनियों के तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षण देने हेतु डॉक्टर नवीन शर्मा डॉक्टर अंकित चतुर्वेदी डॉक्टर राधे लाल एवं डॉ नेहा कुशवाहा का व्याख्यान रहा। इस मौके पर गरीब 350 आयुर्वेद कंपाउंडर एवं आशा सहयोगिनियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। इस अवसर पर कार्यालय अधिकारी राकेश, उमाशंकर शर्मा, महेश, एवं रामेश्वर शर्मा आयुर्वेद कंपाउंडर आदि उपस्थित रहे।

# खटीक समाज का तीसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न 33 जोड़े पवित्र अग्नि को साक्षी मान परिणय सूत्र में बंधे

## भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह रीति रिवाज से संपन्न, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी की कार्यक्रम में शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद जिले के कुंवारिया कस्बे में रविवार को खटीक समाज का तीसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में 33 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, साथ ही भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह भी रीति रिवाज से संपन्न करवाया गया। कार्यक्रम में मंत्री मदन दिलावर ने कुंवारिया में खटीक समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। इससे पहले नरसिंह द्वारा मंदिर से दूल्हा दुल्हन की भव्य बिंदोरी निकाली गई, जो कस्बे के प्रमुख मार्गो से होती हुई विवाह स्थल मेला ग्राउंड पर पहुंची। इसमें 15 बग्गी में सजी धजी दुल्हनें और दो बग्गी में ठाकुर जी को विराजित किया गया। बैंड बाजे और भजनों की धुन पर निकाली गई बिंदोरी का कस्बे में जगह-

**खटीक समाज सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की**

जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। विवाह स्थल पर सबसे पहले बड़े चारभुजा और गढ़ वाले ठाकुरजी की तोरण की रस्म करवाई गई, उसके बाद सभी 33दूल्हों ने तोरण मारे।

बाद में ठाकुरजी को तुलसी संग और दूल्हों को दुल्हन के पास बिठाया और विधि विधान पूर्वक विवाह की रस्में निभाई गई। समारोह में मंत्री दिलावर का खटीक समाज द्वारा इकलाई, मेवाड़ी साफा, गौमाता की प्रतिमा और तलवार भेंट कर स्वागत किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले दिनों घुमंतु परिवारों के 21,000 लोगों को पट्टे दिए हैं। आगामी दिनों में 21000 लोगों को और पट्टे दिए जाएंगे।



वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना में इन लोगों के पक्के मकान निर्माण की कोशिश की जाएगी। जिससे प्रदेश में कोई भी बेघर ना हो। मंत्री दिलावर ने हिन्दूओं में एकता रखने और समाज के सभी सदस्यों को पॉलीथिन का उपयोग नही करने के लिए हाथ खड़े करवाकर संकल्प दिलाया। इस कार्यक्रम में राजसमंद उदयपुर भीलवाड़ा चित्तौड़ जिलों के खटीक समाज के सदस्यों ने शिरकत की। कार्यक्रम में जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह बारहठ, प्रधान अरविंद राठौड़ खमनोर प्रधान भेरूलाल समेत कई अथिति मौजूद रहे।

### गायत्री परिवार ने नाथद्वारा में निकाला मशाल जुलूस

# गायत्री धाम के भूमि पूजन को लेकर शहर वासियों को दिया आमंत्रण

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद के नाथद्वारा में गायत्री परिवार की ओर शनिवार देर शाम को शहर में मशाल जुलूस निकाला। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से गायत्री परिवार ट्रस्ट राजसमंद के तत्वावधान में 18 नवम्बर को नाथद्वारा में गायत्री धाम के लिए भूमि पूजन किया जाएगा। भूमि पूजन में अधिक से अधिक शहर वासियों की भागीदारी के लिए शनिवार देर शाम मशाल जुलूस निकाल कर आमजन को आमंत्रण संदेश दिया गया।

मशाल जुलूस हायर सेकेंडरी फौजी स्कूल से प्रारंभ हुआ जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए नया रोड, बस स्टैंड, नानी जी का बाग, रिसाला चौक, बड़ौदा बैंक, चौपाटी, सर्राफा बाजार, अहिल्या कुंड होते हुए पुन: हाई सेकेंडरी



स्कूल फौज में समापन हुआ। इस दौरान शहर में मशाल जुलूस का लोगो ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। मशाल जुलूस में गायत्री परिवार की बहिन, युवा बालक व वरिष्ठ गायत्री परिजन शामिल थे जिन्होंने अपने हाथों में प्रेरक नारों की तख्तियां एवं जलती मशाल ले रखी थी। वही जुलूस के दौरान प्रेरक एव भक्ति के नारे भी लगाए गए।इस अवसर पर गायत्री परिवार के राम शरण ब्रह्मचारी, घनश्याम पालीवाल, रामचन्द् पालीवाल, चन्द्र कांत पालीवाल, गिरिजा शंकर, भँवर लाल विष्णु, कमल सनाढय, आस्था जागेटिया, तिलकेश सेन, अतुल शर्मा, नवीन माली, हिमांशु, प्रकाश सालवी, तन्मय पालीवाल शंकर शर्मा, तिलकेश सेन, मनोज पालीवाल सहित गायत्री परिवार के कार्यकर्ता मशाल जुलूस में थे शामिल थे।

# डॉ. गर्ग ने शहरी क्षेत्र का किया दौरा कार्यकर्ताओं से मुलाकत कर क्षेत्र के विकास पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने रविवार को अपने भरतपुर दौरे के दौरान रणजीत नगर कार्यालय पर जनसुनवाई की। डॉ. गर्ग ने आम जन की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिये। वहीं बाद में डॉ. गर्ग ने भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र का दौरा कर लोगों से मुलाकात कर सामाजिक व वैवाहिक समारोह में भाग लिया। इस दौरान कार्याकर्ताओं ने भी डॉ. गर्ग से मुलाकात कर राजनैतिक व सामाजिक विषयों पर चर्चा की।

### 24 श्रेणी पालीवाल समाज प्रतिभा सम्मान समारोह में 350 सम्मान पाकर मुस्कुराई समाज की प्रतिभाएं
### पालीवाल समाज ने 350 प्रतिभाओं का किया सम्मान-वक्ताओं ने शिक्षा के विकास और आपसी एकता पर दिया जोर

# युवाओं को संदेश, प्रतिस्पर्धा को प्रेम में बदलना होगा : पारिक

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** प्रतिस्पर्धा को प्रेम में बदलकर मर्यादा और खुद पर विश्वास कर पढ़ाई करे प्रतिस्पर्धा से द्वेष की भावना बढ़ती है और कई बार युवा शॉर्ट कट को अपनाते हैं। उनको लक्ष्य साधकर आगे बढ़ना चाहिए। यह विचार मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारिक ने 24 श्रेणी पालीवाल समाज सेवा समिति मेवाड़ द्वारा स्वर्गीय कन्हैया लाल पालीवाल की स्मृति में जावद में आयोजित 21 वें प्रतिभावान सम्मान समारोह में व्यक्त किए। आयोजन का शुभारंभ चारभुजानाथ पमाणा, भगवान परशुराम व आद्यशक्ति माँ गायत्री के समक्ष दीपप्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन सेवा समिति मंत्री सत्यनारायण पालीवाल सालोर ने दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारिख, विशिष्ट अतिथि गोपाल कृष्ण पालीवाल साकरोदा, अध्यक्षता सेवा समिति अध्यक्ष मांगीलाल पालीवाल ने की आयोजक दिनेश दीपक पालीवाल जावद द्वारा सभी



अतिथियों का मेवाड़ी पगड़ी व इकलाई से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारिक ने कहा कि शिक्षित युवा वह होता है जो देश का निर्माण करता है। बिना शिक्षित युवाओं के कोई भी देश तरक्की नहीं कर सकता और जो समाज शिक्षित युवाओं का सम्मान करता है वो बहुत आगे जाता है। 21 वें प्रतिभावान सम्मान समारोह में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, विभिन राजकीय सेवा में चयनित युवाओं व खेल सहित सहशैक्षणिक गतिविधियों की 350 प्रतिभाओं को समाज के मंच से इकलाई, स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। संगठन मंत्री शशिकांत महाकाली द्वारा वॉलीबॉल प्रतियोगिता के श्रेष्ठ ग्यारह खिलाड़ियों को श्रीनाथजी छवि, महाप्रसाद, इकलाई व अभिनंदन पत्र भेंट के स्वागत किया गया। देवनारायण मोरवड़ द्वारा अंडर 19 वर्ग वाले श्रेष्ठ पाँच खिलाड़ियों को स्मृतिचिन्ह दिया गया वही जगदीश पालीवाल धर्मेटा द्वारा वॉलीवाल के तीनों वर्गों के विजेता, उपविजेता व 10वीं, 12 वीं में प्रथम स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश भगवान्दा व नीलेश धर्मेटा द्वारा किया गया।

**समाजजनों की गरिमामयी उपस्थित** : इस अवसर पर शिक्षाविद् मुकेश मेनारिया, संरक्षक चुनीलाल ओडन, आयोजक दिनेश पालीवाल जावद, संयोजक देवीलाल मंडा,पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीलाल साकरोदा रामनारायण केलवा, कोषाध्यक्ष नारायण जनावद, समिति सदस्य भगवतीलाल पालीवाल धर्मेटा, बंसीलाल भेसाकमेड़, भवंरलाल, राजकुमार केलवा, मोहनलाल चारभुजा, देवीलाल रूढ़, गोपाल खमनोर, तुलसीराम, धर्मनारायण सुरेश पालीवाल जावद, रामलाल रिछेड़, श्रीकृष्ण भगवानदा, छगनलाल पिपलांत्री, केलवा अध्यक्ष बद्रीलाल, कैलाश, गोपाल, संजय, नरेश भेरूलाल मोरवड चारभुजा, किशनलाल, सत्यनारायण मोरवड,ललित शुभाशीष,विजय मंडा दिनेश मंडा, पार्षद आशीष पालीवाल, दिनेश जोशी, सुनील चारभुजा, लोकेश भोलेनाथ सहित युवा व समाजजन उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन पत्रकार सुरक्षा कानून सहित अन्य माँगों पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, (आशीष वर्मा)।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर लोहागढ़ प्रेस क्लब समिति की ओर से शनिवार को प्रेस का बदलता स्वरूप विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे वक्ताओं ने पत्रकारों की स्वतंत्रता और पत्रकारों की जिम्मेदारी को लेकर अपने विचार व्यक्त किये । प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश लवानिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रेस की स्वतंत्रता पर राजनीति हावी होती जा रही है और पत्रकार खुलकर अपने विचार प्रकट नहीं कर पाते हैं । अध्यक्ष उमेश लवानिया ने कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है जो नागरिकों को सटीक , निष्पक्ष और निर्भिक सूचना प्रदान करता है यह न केवल सशक्त समाज का निर्माण करता है बल्कि सत्ता की जबाबदेही भी सुनिश्चित करता है। पत्रकारिता के उच्चतम मापदण्डों को अपनाने और अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता का सम्मान करने का संकल्प लें। संगोष्ठी में टोंक जिले के अलीगढ के समरावत गाँव में पत्रकार अजीत सिंह शेखावत व कैमरामैन धर्मेन्द्र के साथ कवरेज के दौरान की गई मारपीट की निन्दा करते हुये राज्य सरकार से शीघ्र ही दोषियों को गिरफतार करने की माँग रखी गयी। समाचार प्रकाशित करने से पूर्व पत्रकार को राजनीति से जुडे लोग सोचने पर मजबूर कर देते हैं। इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र में पत्रकारों की स्वतंत्रता और जिम्मेदारी का एहसास करते हुए कहा कि स्वच्छंद और साफ सुथरी पत्रकारिता का भविष्य चौपट होता हुआ दिखाई दे रहा है।

गिने चुने पत्रकार ही है जो ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा के साथ अपनी पत्रकारिता के कार्य को निष्ठा के साथ पूर्ण कर रहे हैं इस दौरान पत्रकारों ने सरकार से भी पत्रकार सुरक्षा कानून लाने की मांग करते हुए अधिस्वीकृत पत्रकारों के साथ ही अन्य वरिष्ठ पत्रकारों को भी सरकारी सुविधाओं का लाभ देने, वंचित पत्रकारों को रियायती दर पर भूखंड उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस मौके पर बरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार वशिष्ठ ने भी अपने विचार प्रकट किए। संचालन महामंत्री मुकेश कुमार ने किया। इस मौके पर वरिष्ट पत्रकार विजय सिंह चौहान, गोविन्द शरण शर्मा, राजेन्द्र जति,,मुरारीलाल शर्मा, मनीष शर्मा, कपिल चीमा, ललतेश कुशवाह, अनिल चौधरी, दीना पंडित, रवि वर्मा, आशीष वर्मा, मनोज कुमार, हिमांशु गोयल, राहुल राणा आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री व श्रम सचिव को लिखा पत्र तीन माह से बन्द पड़े श्रम कार्यालय को पुन: खुलवाने की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं श्रम विभाग के सचिव को पत्र लिखकर पिछले तीन माह से सील बन्द हुये भरतपुर संभाग मुख्यालय के क्षेत्रीय श्रम कार्यालय को पुन: खुलवाने की मांग की है। डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री व सचिव को लिखे पत्र में कहा कि करीब तीन माह पहले जिला प्रशासन द्वारा किन्हीं कारणों के चलते क्षेत्रीय श्रम कार्यालय को सील बन्द कर दिया था। कार्यालय को लम्बे समय से बन्द होने की वजह से श्रमिकों को अपने कार्य कराने के लिये भटकना पड रहा है। राजस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है। जब कोई कार्यालय लम्बे अर्से से बन्द हो। श्रमिक अपने कार्यों को कराने के लिये श्रम कार्यालय पहुंचते हैं लेकिन वहां पर कार्यालय बन्द मिलने पर उन्हें परेशान होना पडता है। काफी समय से श्रमिकों के श्रम सम्बन्धी कार्य नहीं होने से उन्हें परेशानी झेलनी पड रही है। डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि भरतपुर के क्षेत्रीय श्रम कार्यालय को पुन: खुलवाये ताकि श्रमिकों को अपने कार्यों के लिये हो रही परेशानी से छुटकारा मिल सके और समय पर उनके कार्य पूर्ण हो सकें।


# बामन टुकड़ा में शोभायात्रा के साथ तुलसी विवाह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केलवा क्षेत्र के गांव बामन टुकड़ा में लक्ष्मी नारायण मंदिर में तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा गांव के अलग-अलग जगह पर शोभायात्रा निकाली गई उसके बाद विवाह उत्सव को लेकर बेडबाजो के मधुर स्वर लहरियों के साथ बन्नो मारो चारभूजा रो नाथ बन्नी मारी तुलसा लाडली....मोहन आओ तो सही गिरधर आओ... सहित विभिन्न धार्मिक भजनों के साथ महिला अपने सिर पर कलश लेकर आई महिलाएं इस दौरान मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। कलश यात्रामुख्य मार्ग से गुजरी जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।बाद में कलश यात्रा बस स्टैंड पंहुचीं जहा विनायक स्थापना परिसर पर कलश रखे गए बाद में तुलसी जी के हल्दी व मेहंदी रस्म की गई जिसमें महिलो ने मंगल गीत गाते हुए तुलसी मैया के हल्दी व मेहंदी लगाई गई सामुहिक विवाह सम्मेलन को लेकर भजन कीर्तन से माहौल धर्ममय बना हुआ है।

# नागा चैतन्य-शोभिता के वेडिंग कार्ड की पहली झलक

## 4 दिसंबर को हैदराबाद में लेंगे सात फेरे, सांस्कृतिक रीति-रिवाज से होगी शादी





नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला के वेडिंग कार्ड की पहली झलक सामने आई है। कार्ड के मुताबिक, दोनों इसी साल 4 दिसंबर को सात फेरे लेंगे। शादी के फंक्शन हैदराबाद स्थित अन्नपूर्णा स्टूडियो में होंगे। सामने आई तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि कार्ड को पेस्टल कलर के पैलेट पर बनाया गया है। कार्ड में मंदिर की घंटियां, पीतल के लैंप, केले के पत्ते और गाय की तस्वीरें हैं। इससे साफ पता चलता है कि शादी भारतीय रीति-रिवाजों और परंपराओं से होगी।

कार्ड में होने वाले पति-पत्नी के साथ दोनों के परिवार के बारे में भी बताया गया है। इस कार्ड के साथ एक गिफ्ट हैंपर भी दिया गया है। इस गिफ्ट हैंपर में चमेली की माला, इकत का कपड़ा और भी कई सामान हैं।

### परिवार के पुराने स्टूडियो में लेंगे सात फेरे

नागा चैतन्य और शोभिता हैदराबाद स्थित अन्नपूर्णा स्टूडियो में सात फेरे लेंगे। इस स्टूडियो को नागा के दादा एक्टर अक्किनेनी नागेश्वर राव ने 1976 में बनवाया था। यह स्टूडियो अक्किनेनी परिवार के लिए किसी धरोहर से कम नहीं है।

### अगस्त में कपल ने की थी सगाई

कुछ समय पहले ही नागा और शोभिता ने सगाई की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने एक प्राइवेट सेरेमनी में नागा चैतन्य के पिता नागार्जुन के घर पर सगाई की थी। नागार्जुन का घर हैदराबाद के पॉश एरिया जुबली हिल्स में स्थित है।

नागार्जुन ने ही सोशल मीडिया पर दोनों की सगाई की तस्वीरें शेयर करते हुए इन्हें आशीर्वाद दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, बेटे नागा चैतन्य की शोभिता धुलिपाला से सगाई की अनाउंसमेंट करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। दोनों ने सुबह 9.42 बजे सगाई की। हम शोभिता का परिवार में स्वागत करते हैं। दोनों को बहुत शुभकामनाएं।

सामंथा से तलाक के बाद ही नागा चैतन्य का नाम शोभिता से जुड़ने लगा था। दोनों को कई बार कई इंटरनेशनल ट्रिप्स पर साथ वक्त बिताते देखा जा चुका है।इसके अलावा चैतन्य को कई बार उसी होटल में देखा गया था, जहां शोभिता अपनी फिल्म मेजर के प्रमोशन के लिए रुकी हुईं थीं। वहीं शोभिता ने अपना बर्थडे भी हैदराबाद में ही सेलिब्रेट किया था। इसके बाद भी नागा और शोभिता को कई मौकों पर साथ देखा गया था। तभी से यह कयास लगाए जा रहे थे कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

### चौथी वेडिंग एनिवर्सरी से पहले टूटी थी शादी

सामंथा रुथ प्रभु और नागा चैतन्य ने 6 अक्टूबर 2017 को गोवा में पहले हिंदू रीति-रिवाज और फिर 7 अक्टूबर को क्रिश्चियन रीति-रिवाज से शादी की थी। शादी के बाद से ही सामंथा ने अपने नाम में अक्किनेनी लगा लिया था, हालांकि अलग होने की खबरों के बीच ही सामंथा ने अपने ट्विटर हैंडल से अक्किनेनी हटाकर इसे सामंथा रूथ प्रभु कर लिया था। 6 अक्टूबर,2021 को दोनों की शादी के चार साल पूरे होने वाले थे लेकिन इससे पहले ही ये अलग हो गए।

# गोविंदा के सीने में उठा दर्द, अस्पताल में भर्ती

## चुनाव प्रचार के लिए रैली का हिस्सा बने थे, तबीयत बिगड़ने पर रोड शो अधूरा छोड़ा



बीते कुछ दिनों से अचानक पैर में गोली लगने से सुर्खियों में बने हुए गोविंदा की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। हाल ही में गोविंदा शिवसेना शिंदे गुट के उम्मीदवारों का प्रचार करने एक रोड शो का हिस्सा बने थे, हालांकि इसी दौरान उनके सीने में दर्द उठा, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

हाल ही में आई टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, गोविंदा शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता माहयुति के उम्मीदवारों के सपोर्ट में पचोरा में रोड शो का हिस्सा बने थे। रैली जलगांव पहुंची ही थी कि इसी दौरान उनके सीने में तेज दर्द उठा था। तबीयत बिगड़ने पर गोविंदा ने रैली बीच में ही छोड़ दी और अस्पताल पहुंचे।

फिलहाल उनकी हेल्थ से जुड़ी कोई अपडेट सामने नहीं आ सकी है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि देर रात गोविंदा घर पहुंच चुके हैं। बताते चलें कि गोविंदा खुद भी कांग्रेस के पूर्व लोकसभा सांसद रह चुके हैं।

### कुछ दिनों पहले ही लगी थी पैर में गोली

1 अक्टूबर की सुबह गोविंदा को पैर में गोली लगी थी। गोविंदा घर में अकेले थे और उन्हें एक प्रोग्राम के लिए कोलकाता रवाना होना था। इसी दौरान घर में रखी रिवॉल्वर साफ करते हुए हादसा हो गया था। गोविंदा ने गन साफ कर अलमारी में रखी, तभी गन गिर गई और मिसफायरिंग से गोली उनके पैर में लगी। उन्हें मुंबई के क्रिटी केयर अस्पताल में एडमिट किया गया था। 3 दिनों बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था।

# बिग बॉस 18 में एडिन रोज की वाइल्ड कार्ड एंट्री

## 'गंदी बात सीजन 4 से चर्चा में आईं, साउथ की फिल्मों में भी किया काम



पॉपुलर टीवी रियलिटी शो बिग बॉस सीजन-18 में आज मॉडल और एक्ट्रेस एडिन रोज वाइल्ड कार्ड के रूप में एंट्री लेने जा रही हैं। कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस अपनी एंट्री से बिग बॉस में ग्लैमर का तड़का लगाएंगी। वहीं, इससे पहले दैनिक भास्कर ने एक्सक्लूसिवली यह भी बताया था कि बिग बॉस 18 में सलमान खान की जगह अब रवि किशन वीकेंड का वार एपिसोड को होस्ट करेंगे। कौन हैं एडिन रोज दुबई में जन्मी एडिन रोज एक इंस्टाग्राम मॉडल से अभिनेत्री बनी हैं। उन्हें एल्ट बालाजी के शो गंदी बात सीजन 4 में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। एडिन रोज की सोशल मीडिया पर एक बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। एडिन रोज तेलुगु फिल्म 'रावणसुरा' में काम कर चुकी हैं। यह फिल्म पिछले साल रिलीज हुई थी। इन दिनों वो साउथ में ही फिल्म मेकर विग्नेश सिवन की फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी' में काम कर रही हैं।

# दारू नहीं... कॉन्सर्ट में घुला कोका कोला का रंग : लाइव शो में दिलजीत दोसांझ ने बदले सॉन्ग के बोल; तेलंगाना सरकार के आगे झुके पंजाबी सिंगर

पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ ने 15 नवंबर को हैदराबाद में एक कॉन्सर्ट के दौरान अपने फेमस गानों में कुछ बदलाव किए। इस लाइव परफॉर्मेंस में उन्होंने शराब के नाम की जगह कोका कोला का नाम डाला। यह कदम तेलंगाना के अधिकारियों द्वारा नोटिस भेजे जाने के बाद उठाया गया। नोटिस में गानों के लिरिक्स में शराब, ड्रग्स और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया था। दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने %दिल-लुमिनाती% टूर को लेकर चर्चा में हैं। इस टूर के दौरान, तेलंगाना सरकार ने उन्हें और उनकी टीम को नोटिस जारी किया था। इसके साथ ही हैदराबाद के होटल नोवोटेल को भी नोटिस भेजा गया। इस नोटिस के मुताबिक, दिलजीत को अपने लाइव शो के दौरान पटियाला पग और पंज तारा जैसे गाने नहीं गाने थे। यह कदम वेलफेयर ऑफ वूमेन एंड चाइल्ड% और %डिसएबल एंड सीनियर सिटीजन डिपार्टमेंट द्वारा उठाया गया था। ये डिपार्टमेंट गानों में शराब, हिंसा और नशे से जुड़े कंटेंट के खिलाफ थे।

**दिल्ली की लॉ स्टूडेंट ने भेजा था नोटिस**-बता दें, दिलजीत दोसांझ का कॉन्सर्ट 26 अक्टूबर को दिल्ली में था। शो की टिकट कीमतों में धोखाधड़ी और टिकट नहीं खरीद पाने के कारण एक महिला फैन ने सिंगर को लीगल नोटिस भेजा था। दिलजीत की फैन रिद्धिमा कपूर ने यह नोटिस भेजा था।

# फिर साथ दिखेंगे अजय-अक्षय : अजय की डायरेक्शन वाली फिल्म में हीरो होंगे खिलाड़ी कुमार, हाल में सिंघम अगेन में दिखे दोनों


अजय देवगन ने खुलासा किया है कि आने वाले समय में वे फिर से अक्षय कुमार के साथ काम करेंगे। उस फिल्म का डायरेक्शन अजय खुद करेंगे और लीड रोल में अक्षय होंगे। अभी हाल में ही अजय देवगन और अक्षय कुमार को फिल्म सिंघम अगेन में साथ देखा गया है।

### अजय ने कहा- जल्द ही फिल्म के बारे में अनाउंसमेंट होगी

एक हालिया इवेंट में अजय से अक्षय के साथ बड़ी फिल्म में साथ काम करने के बारे में सवाल किया गया है। जवाब में एक्टर ने कहा- हम इसकी अनाउंसमेंट बाद में करने वाले थे। हम पहले से ही एक साथ कुछ काम कर रहे हैं। जहां मैं फिल्म का डायरेक्शन कर रहा हूं और अक्षय एक्टिंग कर रहे हैं। हम जल्द ही इस बारे में और जानकारी शेयर करेंगे।

### अक्षय बोले- मिस्टर अजय की फिल्म करने जा रहा हूं

अजय की इन बातों पर अक्षय ने भी अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा- मैं मिस्टर अजय देवगन के डायरेक्शन में बनी फिल्म करने जा रहा हूं।



### पहले भी डायरेक्शन में हाथ आजमा चुके हैं अजय

**बता दें, अजय एक्टिंग के साथ डायरेक्शन भी करते रहते हैं। उन्होंने इससे पहले रनवे 34, भोला और शिवाय जैसी फिल्मों का डायरेक्शन किया है। अक्षय की अपकमिंग फिल्मों के बारे में बात करें तो उन्हें स्काई फोर्स, जॉली एलएलबी 3, हाउसफुल 5 और वेलकम टू द जंगल में देखा जाएगा। वहीं, अजय के पास सन ऑफ सरदार 2, रेड 2, दे दे प्यार दे 2 और आजाद जैसी फिल्में हैं।**

# पीएम ने गोधरा-कांड पर बनी फिल्म की तारीफ की

## साबरमती रिपोर्ट पर कहा- सच सामने आना अच्छी बात, झूठी धारणा सिर्फ कुछ वक्त रहती है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गोधरा कांड पर बनी फिल्म साबरमती रिपोर्ट की तारीफ की। उन्होंने एक यूजर की साबरमती रिपोर्ट पर की गई पोस्ट को ङ्ग पर रीट्वीट करके लिखा- यह अच्छी बात है कि सच सामने आ रहा है, वो भी इस तरह से कि आम जनता भी इसे देख सके। झूठी धारणा सिर्फ कुछ वक्त कायम रह सकती है, हालांकि तथ्य सामने आता ही है।

फिल्म साबरमती रिपोर्ट 2 दिन पहले 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म करने के बाद एक्टर विक्रांत मेसी ने कहा था कि उन्हें धमकियां मिल रही हैं।

पीएम मोदी ने जो पोस्ट रीट्वीट की है, वो एक जर्नलिस्ट की है। उसमें फिल्म को लेकर कहा गया है कि यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। हमारे इतिहास की सबसे शर्मनाक घटना का सच यह फिल्म सामने लाती है।

इसे बनाते वक्त निर्माताओं ने सम्मान और संवेदनशीलता का बहुत ध्यान रखा है। इस फिल्म ने दिखाया कि कुछ राजनीतिज्ञों ने ट्रेन में पैसेंजर्स को जलाए जाने की घटना का इस्तेमाल कैसे एक लीडर की छवि खराब करने के लिए किया।



द कश्मीर फाइल्स और आर्टिकल 370 फिल्मों की भी तारीफ कर चुके पीएम मोदी

पीएम मोदी ने इससे पहले द कश्मीर फाइल्स और आर्टिकल 370 फिल्मों की भी तारीफ की थी। 12 मार्च 2022 को द कश्मीर फाइल्स के मेकर्स ने पीएम से मुलाकात की थी। फिल्म के प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल ने मुलाकात की फोटोज शेयर करते हुए लिखा था- माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। यह मुलाकात और खास इसलिए बनी क्योंकि उन्होंने द कश्मीर फाइल्स की तारीफ की। इस फिल्म को प्रोड्यूस करके हमें गर्व महसूस हो रहा है। थैंक यू मोदी जी।

वहीं, इस साल 22 फरवरी को पीएम मोदी ने जम्मू में एक रैली के दौरान कहा, मैंने सुना है कि इस हफ्ते आर्टिकल 370 पर एक फिल्म रिलीज होने वाली है... ये अच्छी बात है, क्योंकि इससे लोगों को सही जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी।

# कबीर बेदी ने बताई परवीन से ब्रेकअप की असली वजह

## बोले मानसिक बीमारियों से जूझ रही थीं एक्ट्रेस, इसलिए मुझे छोड़ दिया

परवीन बाबी अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती थीं। उनका नाम इंडस्ट्री के बड़े कलाकारों डैनी डेन्जोंगपा, कबीर बेदी और फिल्ममेकर महेश भट्ट के साथ जोड़ा गया था। एक्ट्रेस का कबीर बेदी के साथ रिश्ता काफी कम समय तक चला था। हाल ही में एक इंटरव्यू में कबीर बेदी ने परवीन बाबी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि मैंने नहीं बल्कि परवीन ने मुझसे रिश्ता तोड़ा था। उसने मुझे इसलिए छोड़ा, क्योंकि उसकी मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं थी।

परवीन ने किया था रिश्ता खत्म - कबीर बेदी कबीर बेदी ने एक डिजिटल कमेंट्री में बातचीत करते हुए कहा कि परवीन को डर था कि अगर वो मेडिकल ट्रीटमेंट करवाएंगी तो उनकी इस हालत के बारे में इंडस्ट्री में सबको पता चल जाएगा, जिससे उनका करियर भी खत्म हो जाएगा। कबीर ने कहा कि मुझे पता था कि अगर वो अपना इलाज नहीं करवाएंगी तो उनकी हालत और बिगड़ जाएगी। कबीर ने अपने और परवीन के रिश्ते का सच बताते हुए कहा कि मैंने नहीं, उसने मुझे छोड़ा था। लेकिन लोगों ने मुझे दोषी ठहराया। मुझ पर आरोप लगाए गए कि परवीन मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रही थीं, इसलिए मैंने उन्हें छोड़ दिया। महेश भट्ट के साथ लिव-इन में थी परवीन बाबी खबरों की मानें तो डैनी और कबीर बेदी के साथ रिश्ता खत्म होने के बाद परवीन बाबी फिल्ममेकर महेश भट्ट के साथ रिलेशनशिप में थीं। महेश भट्ट और परवीन बाबी लिव-इन में रहते थे। इनका रिश्ता भी ज्यादा दिन तक नहीं चल पाया था। 1980 में महेश और परवीन अलग हो गए थे। परवीन के साथ रिलेशनशिप में आने से पहले ही महेश लोरेन ब्राइट से पहली शादी कर चुके थे। और एक बच्चे के पिता भी थे।





घर में मिली थी परवीन बाबी की लाश परवीन बाबी पैरानॉयड पर्सनालिटी डिसऑर्डर से जूझ रही थीं। परवीन की मौत साल 2005 में हो गई थी। उनकी लाश को 3 दिन बाद उनके घर से बरामद किया गया था।

# फर्जी होता है कपिल शर्मा का कॉमेडी शो!

## ब्रह्मास्त्र एक्टर हुए आहत, कहा- रणबीर के साथ की फोटो में नकली कमेंट पढ़े गए, मुझे अच्छा नहीं लगा



कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो ग्रेट इंडियन कपिल शो के मेकर्स के खिलाफ हाल ही में शिकायत दर्ज हुई है। शो पर रवींद्रनाथ टैगोर का अपमान करने के आरोप लगे हैं। इसी बीच अब ब्रह्मास्त्र एक्टर सौरव गुर्जर ने शो को फर्जी बताया है। कुछ समय पहले शो में सौरव गुर्जर से जुड़े कुछ कमेंट पढ़े गए थे, जिससे उन्हें ठेस पहुंची थी। उन्होंने कहा है कि शो में पढ़े जाने वाले सभी कमेंट फर्जी होते हैं, जो लोगों को हंसाने के लिए खुद टीम करती है।

रणबीर कपूर कुछ महीनों पहले फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का प्रमोशन करने कपिल शर्मा के शो में पहुंचे थे। शो के एक सेगमेंट में सेलेब्स की सोशल मीडिया पोस्ट के फनी कमेंट पढ़े जाते हैं। इस सेगमेंट के लिए कपिल ने रणबीर की एक फोटो के कमेंट पढ़े थे, जिसमें एक्टर सौरव गुर्जर ने उन्हें उठा रखा था। कपिल ने उस पोस्ट का एक कमेंट पढ़ा, जिसमें लिखा था, लगता है रणबीर ने नई गाड़ी ली है बी.एम.बब्लू। ये सुनकर उस समय तो सब हंस पड़े, लेकिन इस कमेंट से सौरव गुर्जर आहत हो गए।

हाल ही में द रश के पॉडकास्ट में सौरव गुर्जर ने कहा है, मुझे लगता था कि शो में जो फोटोज और कमेंट दिखाए जाते हैं वो रियल होते हैं। एक फोटो थी मेरी और रणबीर की फोटो दिखाई गई थी। कुछ कमेंट ऐसे थे, जो मुझे अच्छे नहीं लगे। मेरी पर्सनालिटी को लेकर कमेंट किए गए। मुझे जब इस बारे में पता चला तो मैंने फोटो के कमेंट देखे। कहीं से कहीं तक वो कमेंट नहीं थे।

### टीम से की शिकायत, तो खुद कमेंट करने लगी टीम- सौरव

सौरव ने आगे बताया है, जब मैंने उनकी टीम को ये बताया तो उनकी टीम ने खुद कमेंट करने शुरू कर दिए। आप पहले जाकर तो कमेंट कर नहीं सकते। जो भी कमेंट करोगे, वो बाद में ही आएंगे। मुझे ऐसा अच्छा नहीं लगा कि मेरे लिए ऐसे कमेंट किए गए। वो भी फेक।

# माधुरी दीक्षित ने सुनाया घाघरा गाने की शूटिंग का किस्सा

## बोलीं- रणबीर कपूर काफी शरारती हैं, उनके साथ काम करके अच्छा लगा



माधुरी दीक्षित ने हाल ही में फिल्म ये जवानी है दीवानी को लेकर बात की। एक इंटरव्यू के दौरान, एक्ट्रेस ने रणबीर कपूर को शरारती बताया और कहा कि वह बहुत चंचल और मस्ती करने वाले हैं। लेकिन उनके अंदर एक काफी शांत स्वभाव भी है। इसके अलावा, माधुरी ने घाघरा सॉन्ग को लेकर भी बात की।

पिंकविला के साथ बातचीत में माधुरी दीक्षित ने कहा, 'ये जवानी है दीवानी फिल्म में मैंने घाघरा गाने पर डांस किया था। मुझे यह गाना करते हुए बहुत मजा आया, क्योंकि सबसे पहले गाना तो शानदार था। लेकिन जिस तरीके से इसे फिल्माया गया। वह और भी ज्यादा बेहतरीन था। यह फिल्म में एक ऐसे मोड़ पर आता है, जहां यह सभी को हैरान कर देता है।'

माधुरी दीक्षित ने आगे कहा, 'इस गाने में मेरे साथ रणबीर कपूर भी थे। उनके साथ काम करना बहुत ही ज्यादा मजेदार था। वह बहुत शरारती हैं, लेकिन आप जान नहीं सकते, वह बहुत शांत भी होते हैं।%

माधुरी दीक्षित ने अपने आइकॉनिक गानों के सलेक्शन के बारे में कहा, 'मैंने सोचा था कि वैसे चोली के पीछे गाने कर लिए हैं, चलो अब घाघरा पर डांस करते हैं। इतना ही नहीं, मैंने द फेम गेम के लिए दुपट्टा मेरा भी किया, तो अब दुपट्टा भी हो गया।'

साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म ये जवानी है दीवानी जबरदस्त हिट रही थी। 320 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन करने वाली इस फिल्म को अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है।

बता दें, माधुरी दीक्षित हाल ही में फिल्म 'भूल भुलैया 3' में नजर आई हैं। इस फिल्म में उनके अलावा कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी लीड रोल में हैं।

हीरे की अहमियत जानते हो तो अँधेरे में चमको
क्योंकि रौशनी में तो कांच भी चमकते हैं।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# जयपुर में बाबू बनकर बैठे कर्मचारियों को करनी होगी सफाई

## मेयर बोली- पद के विपरीत लगे कर्मचारियों पर होगा एक्शन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में बाबू बनकर बैठे सफाई कर्मचारियों के खिलाफ अब सख्त एक्शन लेने की तैयारी शुरू हो गई है। राइजिंग राजस्थान से पहले जयपुर में सफाई व्यवस्था और सफाई कर्मचारियों को लेकर नगर निगम हेरिटेज एक्टिव मोड में आ गया है। ऐसे में अब जिन भी कर्मचारियों की सफाई कर्मचारी के तौर पर नगर निगम में भर्ती हुई है। उन्हें अपने मूल पद सफाई कर्मचारी पर फील्ड में काम करना होगा। ऐसा नहीं करने पर न सिर्फ उनकी सैलरी रोकी जाएगी। बल्कि, उनके खिलाफ सख्त एक्शन भी लिया जाएगा। दरअसल, जयपुर शहर में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी अपने पद के विपरीत अलग - अलग विभागों में सफाई के अलावा दूसरा काम कर रहे हैं। वहीं, कुछ सफाई कर्मचारी नगर निगम में ही बाबू बनकर बैठ गए हैं। इसको लेकर पार्षदों ने भी नगर निगम कमिश्नर और मेयर से शिकायत की थी। उन्होंने कहा था की सफाई कर्मचारियों के द्वारा अपना मूल काम नहीं करने की वजह से शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ रही है।

ऐसे में जो भी सरकारी और प्राइवेट कर्मचारी सफाई कर्मचारी के पद पर निगम में भर्ती हुए है। उन्हें उनके मूल सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात कर फील्ड में काम करवाया जाए। इसके बाद अब नगर निगम मेयर ने सफाई कर्मचारियों को मूल पद पर लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

### लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

नगर निगम हेरिटेज मेयर कुसुम यादव ने कहा कि जो जिस पद पर भर्ती हुआ है। उसे इस पद पर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भर्ती के वक्त उन लोगों ने सफाई कर्मचारी बनकर नगर निगम में सेवा देने का वादा किया था। तो अब उन सभी लोगों को सफाई कर्मचारी के पद पर रहकर ही जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए काम करना चाहिए। वैसे भी बाबू और गजधर बनने के लिए अलग चयन प्रक्रिया है। सफाई कर्मचारी गजधर या बाबू के पद पर काम नहीं कर सकता है।


# इजराइली पीएम नेतन्याहू के घर पर हमला : आंगन में आग के गोले गिरे, एक महीने के भीतर दूसरी बार निशाना बनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सीजेरिया स्थित घर पर फिर से हमला हुआ है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, प्रधानमंत्री के घर की तरफ 2 फ्लेयर्स (आग के गोले) दागे गए, जो घर के आंगन में गिरे। इजराइली पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हमला कहां से हुआ और किसने किया, फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिली है।

इजराइली सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने बयान में कहा कि इस घटना में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सिक्योरिटी एजेंसी ने यह भी कहा कि हमले के वक्त नेतन्याहू और उनका परिवार घर पर नहीं था। उन्होंने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। इससे पहले 19 अक्टूबर को नेतन्याहू के घर पर हिजबुल्लाह ने हमला किया था। तब एक ड्रोन नेतन्याहू के घर के पास एक इमारत पर गिरा। कोई हताहत नहीं हुआ था। उस समय भी नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा घर पर नहीं थे। सभी राजनीतिक दलों ने निंदा की इजराइली पीएम के घर पर हुए इस हमले की सभी राजनीतिक दलों ने निंदा की है। विपक्षी नेता यायर लैपिड और बेनी गेंट्ज ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इजराइली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सोशल मीडिया पर कहा कि हद पार कर ली गई है। सुरक्षा एजेंसिया तत्काल इस मामले में एक्शन लें।





# दावा- ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई ने बेटे को गद्दी सौंपी : बीमारी की वजह से पद छोड़ा

## 55 साल के मुजतबा का खुफिया एजेंसी में दबदबा

बढ़ता राजस्थान

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई ने अपने दूसरे बेटे मुजतबा खामेनेई को उत्तराधिकारी बना दिया है। बताया जा रहा है कि खामनेई ने बीमारी के चलते यह फैसला लिया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की एक्सपर्ट असेंबली ने 26 सितंबर को ही नए सुप्रीम लीडर का चुनाव कर लिया था। खुद खामेनेई ने असेंबली के 60 सदस्यों को बुलाकर गोपनीय तरीके से उत्तराधिकारी पर फैसला लेने कहा था। असेंबली ने सर्वसम्मति से मुजतबा के नाम पर सहमति जताई थी।

### ईरान में विरोध प्रदर्शन को सख्ती से दबाकर दुनिया की नजरों में आए मुजतबा

मुजतबा अपने पिता की तरह ही इस्लामिक मामलों के जानकार हैं। वे पहली बार 2009 में दुनिया की नजरों में आए। उन्होंने ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों को सख्ती से कुचला, जिसमें कई लोग मारे गए। तब राष्ट्रपति चुनाव में कट्टरपंथी नेता महमूद अहमदीनेजाद को सुधारवादी नेता मीर होसैन मौसवी पर जीत मिली थी। सुधारवादी नेताओं ने दावा किया कि चुनाव में भारी पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। इसके बाद लाखों लोग सड़कों पर उतर आए थे। इसे ईरानी ग्रीन मूवमेंट का नाम दिया गया। यह दो साल तक चला, लेकिन ईरानी सरकार ने इसे बल प्रयोग करके दबा दिया था। कहा गया था कि इसके पीछ मुजतबा खामेनेई का दिमाग है।

मुजतबा को सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारी 2 साल से जारी थी मुजतबा खामेनेई को पिछले 2 साल से सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारियां चल रही थी। मुजतबा के सरकार में किसी पद पर न होने के बाद भी जरूरी फैसलों में लगातार उनकी भागीदारी बढ़ती देखी गई। रिपोर्ट के मुताबिक मुजतबा एक रहस्यमयी शख्स हैं। वह बहुत कम अवसरों पर नजर आते हैं। वे पिता की तरह सार्वजनिक भाषण नहीं देते।

# दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने आप छोड़ी

## केजरीवाल को लिखा- पार्टी ने केंद्र से लड़ने में समय बर्बाद किया, वादे पूरे नहीं किए



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। कैलाश गहलोत ने रविवार सुबह आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर इस्तीफे का ऐलान किया।

गहलोत ने केजरीवाल को लिखे लेटर में यमुना की सफाई के मुद्दे को लेकर आप की आलोचना की। उन्होंने कहा- आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार से लड़ाई करने में बहुत वक्त बर्बाद किया। पार्टी ने जनता से किए वादे पूरे नहीं किए।

दिल्ली की सीएम आतिशी ने गहलोत का इस्तीफा स्वीकार करते हुए कहा- ये भाजपा का गंदा षड्यंत्र है। भाजपा दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव ईडी और सीबीआई के बल पर जीतना चाहती है। आप नेता संजय सिंह ने कहा- दिल्ली चुनाव से पहले मोदी वॉशिंग मशीन सक्रिय हो गई है। अब कई नेता इस मशीन के जरिए भाजपा में शामिल किए जाएंगे।

# एबीवीपी ने राजस्थान यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

## रोहित मीणा बोले- 56% पद खाली, फिर भी नैक की मान्यता लेने में जुटा यूनिवर्सिटी प्रशासन




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी एक बार फिर नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) की मान्यता लेने की तैयारियों में जुटी हुई है। इसको लेकर यूनिवर्सिटी प्रशासन अपनी सभी तैयारियां पूरी कर सालाना गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट नेक की टीम को सबमिट कर चुका है। दूसरी और यूनिवर्सिटी में 50% से ज्यादा पद रिक्त चल रहे हैं। इसको लेकर अब छात्र संगठनों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

दरअसल, राजस्थान यूनिवर्सिटी इन दिनों नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल की मान्यता लेने की जद्दोजहद में जुटी हुई है। इसके लिए नैक की टीम को यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा ग्रेडिंग के लिए भेजा गया डाटा भी एक्सेप्ट किया जा चुका है। ऐसे में दिसंबर के दूसरे सप्ताह तक नैक की टीम राजस्थान यूनिवर्सिटी आ सकती है। उससे पहले यूनिवर्सिटी में रिक्त चल रहे 50% से ज्यादा पद यूनिवर्सिटी प्रशासन की परेशानी बढ़ा सकते हैं। इसको लेकर अब एबीवीपी ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल सरकार से राजस्थान यूनिवर्सिटी में रिक्त चल रहे पदों को जल्द भरने की मांग की है।

### फैकल्टी नहीं होगी तो मान्यता का क्या करेंगे

राजस्थान यूनिवर्सिटी एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष रोहित मीणा ने कहा- राजस्थानी यूनिवर्सिटी नैक की ग्रेड लेने की कोशिश में जुटा हुआ है। इससे यूनिवर्सिटी को क्या हासिल हो जाएगा। आज यूनिवर्सिटी में फैकल्टी की कमी है। इसके अलावा नॉन टीचिंग स्टाफ के पद भी रिक्त पड़े हैं। कुछ डिपार्टमेंट में एक तो किसी में एक भी फैकल्टी नहीं है। इसलिए राजस्थान यूनिवर्सिटी और राजस्थान सरकार से यही निवेदन है कि यहां टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ का रिक्रूटमेंट जल्द से जल्द करें। स्टूडेंट्स को अच्छी शिक्षा मिल सके। रोहित ने बताया- राजस्थान यूनिवर्सिटी में फैकल्टी के 949 पद स्वीकृत है। फिलहाल इनमें से महज 424 ही काम कर रहे हैं। 525 पद रिक्त हैं। इसके साथ ही गैर शैक्षणिक कार्यों के लिए लगाया गया स्टाफ भी कम है। इसकी वजह से ऑनलाइन कोर्स तो दूर ऑफलाइन क्लास भी नहीं लग पा रही है। इसकी वजह से अलग-अलग डिपार्टमेंट में होने वाले शोध कार्यों में भी राजस्थान यूनिवर्सिटी लगातार पिछड़ रही है।

# मौसम : प्रदेश के 5 जिलों में छाया कोहरा

## श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ में तेज सर्दी; अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तर भारत में हो रही बारिश-बर्फबारी के असर से राजस्थान के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ में कोल्ड-डे जैसा मौसम हो गया है। पांच जिलों में घने कोहरे का भी असर रहा। यहां विजिबिलिटी भी औसतन 40 मीटर से कम रही। कई जिलों के न्यूनतम तापमान में अब गिरावट आ रही है। कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर (सीकर) में तो न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री तक पहुंच गया। कोहरे के कारण झुंझुनूं के नयासर में बाइपास पर कार सवारों को सड़क दिखाई नहीं दी। वे घुमाव पर गाड़ी को सीधा ले गए। ऐसे में कार खाई में लटक गई। हालांकि दोनों युवकों के कोई चोट नहीं आई।

### कोहरे के असर से प्रभावित हुई जिले

जैसलमेर, बीकानेर, हनुमानगढ़, गंगानगर और सीकर में शनिवार सुबह घना कोहरा रहा। इससे पहले शनिवार को श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ में शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक भी नहीं पहुंचा।

दोपहर तक कोहरे का असर रहा। सबसे ठंडा दिन श्रीगंगानगर में रहा। यहां का अधिकतम तापमान 21.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हनुमानगढ़ में अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

हालांकि शुक्रवार रात में सर्दी सामान्य से कम रही, लेकिन दिन का तापमान सामान्य से 7 डिग्री नीचे चला गया। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में दिन का ऐसा तापमान दिसंबर के बीच में होता है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इन शहरों में घना कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे गर्म दिन बाड़मेर में रहा। जहां अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इसके अलावा पिलानी, चित्तौड़गढ़, जोधपुर, चूरू, धौलपुर, जालोर में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस, जबकि करौली, फतेहपुर, डूंगरपुर, बीकानेर, जैसलमेर, कोटा, जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा और अजमेर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### औसत से ऊपर मिनिमम तापमान, 12 शहरों में पारा 15 से नीचे

राज्य में इन दिनों रात में अभी भी सर्दी का असर कम है। यहां अमूमन मिड नवंबर तक सभी शहरों का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ जाता है। लेकिन इस सीजन में अब तक 12 शहरों में ही मिनिमम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे आया है। शनिवार को भीलवाड़ा, वनस्थली, सीकर, पिलानी, उदयपुर, चूरू, हनुमानगढ़, जालोर, सिरोही, फतेहपुर, करौली और माउंट आबू में तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान माउंट आबू में 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।


# पन्नू मर्डर साजिश का आरोपी बोला- मेरी जान को खतरा

## कोर्ट में कहा- पहचान उजागर हुई, पेशी से छूट मिले

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में आरोपी विकास यादव ने दिल्ली कोर्ट में एक एप्लिकेशन दाखिल की है।

विकास ने अदालत से कहा कि उसे सुनवाई में हाजिर होने से छूट दी जाए। विकास ने वजह बताई कि अब उसकी पहचान, उसके घर का पता और उसकी फोटोज दुनिया में उजागर हो गई हैं। ऐसे में उसकी जान को गंभीर खतरा है इसलिए उसे सुनवाई से छूट दी जाए। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने 18 अक्टूबर को विकास पर पन्नू की हत्या की साजिश के आरोप तय किए थे। इसके अलावा उस पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप भी लगाए गए।



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# जयपुर में एक्ट्रेस वाणी की स्कूटी पुलिस गाड़ी से टकराई

## शूटिंग के दौरान हुई घटना के बाद क्रू ने संभाला, बाजार में घूमती हुई भी दिखीं

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर रविवार को जयपुर के बाजार में घूमती नजर आईं। वे फिल्म की शूटिंग के लिए जयपुर आई हुई हैं। रविवार सुबह जल्दी परकोटा के बापू बाजार में वाणी पर अहम सीन फिल्माए गए। जयपुर में एक फेस्टिवल में हिस्सा लेने के बाद रोड क्रॉस करते हुए का सीन फिल्माया गया। इस दौरान सुबह दुकान खोलने आए दुकानदारों ने वाणी से जयपुर की यादों को भी शेयर किया। कुछ दुकानदारों ने सेल्फी भी क्लिक करवाई।

शूटिंग से जुड़े सूत्रों ने बताया- सुबह ट्रायल के दौरान एक सीन स्कूटी चलाने का भी था, जिसकी वाणी प्रेक्टिस कर रही थीं। अचानक रेस तेज होने से स्कूटी पास ही खड़ी पुलिस की गाड़ी से टकरा गई। वहां क्रू मेम्बर्स ने उन्हें संभाल लिया। इसके बाद वाणी दूसरी लोकेशन पर चली गई। सोमवार को इसकी शूटिंग शिवविलास होटल में होगी। जहां फिल्म के अहम सीन फिल्माए जाएंगे।

### फिल्म अबीर गुलाल की कर रही शूटिंग

जानकारी के मुताबिक फिल्म का नाम 'अबीर गुलाल' है। इसमें पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान भी नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग के लिए फवाद खान जयपुर भी पहुंचेंगे। जानकारी के अनुसार फवाद दुबई से जयपुर पहुंचेंगे। इस फिल्म की शूटिंग लंदन में हो चुकी है।

### जयपुर में पहले कर चुकी है शूटिंग

बता दें कि वाणी कपूर ने टूरिज्म में बैचलर डिग्री हासिल करने के बाद जयपुर के ओबेरॉय होटल्स एंड रिजॉर्ट में इंटर्नशिप की थी। इसके बाद वाणी ने आईटीसी होटल में भी कुछ समय काम किया था। वाणी को यहीं से फिल्मों में काम करने का



आइडिया आया था। एक बार जब किसी फिल्म की शूटिंग इस होटल में हो रही थी। तब वाणी ने शूटिंग देखी। एक्टिंग की दुनिया में आने का फैसला किया।

वाणी कपूर ने साल 2013 में आई फिल्म शुद्ध देसी रोमांस से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके अपोजिट सुशांत सिंह राजपूत थे। फिल्म की शूटिंग जयपुर में हुई थी। यहां उनका गाना शाम गुलाबी, रंग गुलाबी, शहर गुलाबी शूट हुआ था। जो जयपुर का आइकन सॉन्ग भी बन गया था। इस फिल्म की शूटिंग ओबेरॉय होटल्स एंड रिजॉर्ट में हुई थी। पिछले दिनों वाणी कपूर सिटी पैलेस में भी एक कार्यक्रम मे सिलसिले में जयपुर पहुंची थी।